राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 संजय सिंह के बिना डब्ल्यूएफआई ...

महामारी से निपटने की तैयारी को लेकर... 12

वर्ष : 11 | अंक : 232 | पटना, गुरुवार, 04 जनवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 15°C
न्यूनतम तापमान 9°C

बाजार

सोना 64,900

चांदी 78,800

सेंसेक्स 71,356

निफ्टी 21,517

संक्षिप्त खबरें

छपरा में गिरा डबल-डेकर पुल का मलबा, बाल-बाल बचे लोग

पटना। छपरा शहर के गांधी चौक पर करोड़ों की लागत से निमाणार्धीन डबल डेकर पुल का मलबा बुधवार सुबह गिर गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि जिस समय मलबा गिर उस वक्त कोई सड़क से कोई राहगीर नहीं गुजर रहा था, जिससे अनहोनी टल गई। बताया जा रहा है कि करोड़ों की लागत से बन रहे इस डबल डेकर पुल निर्माण कार्य में काफी लापरवाही बरती जा रही है। ऐसी कई बार छोटी-बड़ी घटनाएं होती रहती हैं लेकिन आज सुबह-सुबह कई राहगीर और स्थानीय लोग भी घायल होने से बचे। घटना के बाद पुल निर्माण में बरती जा रही लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। आक्रोशित लोगों ने सुबह सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। इस बाबत पूछे जाने पर पुल निर्माण में लगे अधिकारियों ने कोई जवाब नहीं दिया।

जयशंकर जाएंगे नेपाल की यात्रा पर

नईदिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर गुरुवार को नेपाल की दो दिन की यात्रा पर काठमांडू जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार डॉ. जयशंकर नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सौद के निमंत्रण पर 04-05 जनवरी 2024 तक काठमांडू का दौरा करेंगे। डॉ जयशंकर श्री सौद के साथ भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना 1987 में की गई थी और यह दोनों देशों के विदेश मंत्रियों को द्विपक्षीय साझीदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस मौके पर दोनों देशों के बीच जलविद्युत व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने की संभावना है जो जुलाई 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाली प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड के बीच बनी नेपाल से दस हजार मेगावाट जलविद्युत खरीदने की सहमति के क्रियान्वयन के लिए किया जाना है। इसके साथ ही नेपाल में उच्चप्रभाव वाले सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने के भारत के प्रस्ताव पर भी हस्ताक्षर किये जाने की संभावना है।

रणधीर जायसवाल ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। भारतीय विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी रणधीर जायसवाल ने आज यहां विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता का कार्यभार संभाल लिया। श्री जायसवाल ने श्री अरिंदम बागची का स्थान लिया है जिन्हें संयुक्त राष्ट्र के जिनेवा कार्यालय में भारत का स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। शास्त्री भवन स्थित विदेश मंत्रालय के बाह्य प्रचार विभाग (एक्सपी डिवीजन) में श्री बागची ने श्री जायसवाल को कार्यभार सौंपा। इस मौके पर विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री जायसवाल का स्वागत किया। श्री जायसवाल इससे पहले न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत थे। वह संयुक्त राष्ट्र न्यूयॉर्क मुख्यालय में भारत के स्थायी मिशन, पुर्तगाल, क्यूबा और दक्षिण अफ्रीका में भी तैनात रह चुके हैं।

45 लोगों को ले जारही बस डेरगांव के पास ट्रक से टकरा गई

असम : बस-ट्रक की टक्कर में 12 लोगों की हुई मौत

- दुर्घटना बुधवार को सुबह डेरगांव के पास बलिजान में हुई। 45 लोगों को ले जारही बस ट्रक से टकरा गई

प्रात : किरण

गोलाघाट/एजेंसी। असम के गोलाघाट जिले में बुधवार को कोयला ले जारहे एक ट्रक और बस की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, वहीं 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। गोलाघाट के पुलिस अधीक्षक राजन सिंह ने बताया कि दुर्घटना बुधवार को सुबह डेरगांव के पास बलिजान में हुई। 45 लोगों को ले जारही बस ट्रक से टकरा गई। यह बस अपर असम की ओर जा रही थी। उन्होंने कहा, अब तक की जानकारी के अनुसार हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंह ने बताया कि जांच जारी है और इस मामले में ज्यादा जानकारी बाद में दी जाएगी। जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने संवाददाताओं को बताया कि अस्पताल में करीब 30 घायलों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा, कुछ की हालत गंभीर है। स्थानीय पुलिस थाने के एक अधिकारी के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब चार बजकर 30 मिनट पर हुई। गोलाघाट के कामरगांव से पिकनिक के लिए तिनसुकिया जिले के तिलिंगा मंदिर जा रही बस की ट्रक से टक्कर हो गई।

उन्होंने कहा, चार लेन राजमार्ग का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के कारण ट्रक गलत दिशा से जोरहाट की ओर से आ रहा था, जबकि बस सही लेन में थी। सुबह कोहरा था और दोनों वाहन तेज गति में थे। जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने संवाददाताओं को बताया कि अस्पताल में घायलों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा, कुछ की हालत गंभीर है। इसी बीच, असम के परिवहन मंत्री परिमल शुक्लवैद्य ने घटना की जांच के आदेश दिए और अपने विभाग के शीर्ष अधिकारियों को गोलाघाट जिले में दुर्घटनास्थल पर पहुंचने के लिए कहा है।

पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, असम के गोलाघाट में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में जानकर दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना। स्थानीय प्रशासन की ओर से प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

ईरान में दोहरे बम धमाकों में 73 लोगों के मरने की आशंका

करमान शहर में सुलेमानी के कब्रिस्तान के आसपास हुआ विस्फोट

प्रात : किरण

करमान/एजेंसी। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या की चौथी बरसी पर ईरान के करमान प्रांत में हुए दोहरे बम विस्फोट में कम से कम 73 लोगों के मारे जाने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट में ये बात कही गई है। ईरानी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि करमान शहर में सुलेमानी के कब्रिस्तान के आसपास विस्फोट की सूचना मिली है।

मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है, 53 लोगों के मारे जाने की आशंका है जबकि कई लोग घायल हुए हैं। रिपोर्टों में कहा गया है कि करमान प्रांत के स्थानीय अधिकारियों ने पुष्टि की है कि विस्फोट आतंकवादियों द्वारा किए गए हैं। 170 लोगों के घायल होने की आशंका भी जताई जा रही है। दरअसल, 3 जनवरी 2020 को बगदाद हवाई अड्डे पर अमेरिकी हवाई हमले में शीर्ष ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की मौत हो गई थी। इसलिए बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान एक के बाद एक दो बड़े धमाके हुए। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, पहला धमाका साहेब अल-जमान मस्जिद के पास हुआ। इसके थोड़ी देर बाद ही दूसरा विस्फोट भी हुआ। धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। घटनास्थल पर धुएं का अंबार देखा गया।

थोड़ी ही देर में इलाका मृतकों और घायलों से पट गया। हर तरफ चीख-पुकार मच गई। यह वही जगह है, जहां कासिम सुलेमानी को दफनाया गया था। दावा किया गया कि कासिम सोलेमानी की कब्र के पास धमाके हुए। हालांकि, विस्फोट के कारण के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। विस्फोटों के बाद मची भगदड़ में भी कई लोग घायल हुए हैं। बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऑनलाइन प्रसारित एक वीडियो में सड़क पर कई शव दिखाई दे रहे हैं।

2020 में पड़ोसी इराक में अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए जनरल सुलेमानी की याद में एक समारोह के हिस्से के रूप में बुधवार को सैकड़ों लोग कथित तौर पर कब्र की ओर जा रहे थे। सुलेमानी को ईरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बाद सबसे शक्तिशाली व्यक्ति के रूप में देखा जाता था।

झारखंड के सीएम के प्रेस सलाहकार के परिसरों पर ईडी के छापे

प्रात : किरण

रांची/एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने झारखंड में कथित अवैध खनन में धन शोधन की जांच के तहत राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार, साहिबगंज जिले के अधिकारियों और एक पूर्व विधायक के परिसरों पर बुधवार को छापेमारी की। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य की राजधानी रांची और राजस्थान के एक परिसर सहित झारखंड में लगभग एक दर्जन स्थानों पर धन शोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत केंद्रीय एजेंसी छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी के अधिकारी सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, पूर्व विधायक पप्पू यादव, जेल विभाग के कुछ अधिकारियों और एक पुलिस कांस्टेबल के परिसरों की तलाशी ले रहे है। छापेमारी की कार्रवाई के दौरान ईडी अधिकारियों के साथ केंद्रीय सुरक्षा बलों का एक सशस्त्र दल भी साथ में है। ईडी 2022 से राज्य में कथित अवैध खनन से अर्जित आपराधिक आमदनी के 100 करोड़ रुपये के स्रोत की जांच कर रही है। धन शोधन की जांच तब शुरू हुई जब ईडी ने जुलाई, 2022 में राज्य में अवैध खनन के मामले में सोरेन के राजनीतिक सहयोगी पंकज मिश्रा और उनके कथित सहयोगियों के परिसरों पर छापा मारा और टोल प्लाजा निविदाओं के संचालन में कथित अनियमितताओं की जांच के तहत झारखंड के साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने कहा था कि जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य में विभिन्न व्यक्तियों के बयान, डिजिटल सबूत और दस्तावेज शामिल हैं।

इंडिया की अगली बैठक को लेकर विचार-विमर्श जारी: तेजस्वी

बोलें- हम लोग घर में पूजा करने पर ज्यादा विश्वास करते हैं

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया की अगली बैठक को लेकर घटक दलों के नेताओं के बीच विचार-विमर्श जारी है। आगामी बैठक में कुछ प्रमुख निर्णय लिये जाने की उम्मीद जताई जा रही है। मीडिया के एक धड़े में इंडिया गठबंधन की अगली बैठक वर्चुअल माध्यम से आयोजित किये जाने की संभावना जताई गई है। तारीख और तौर-तरीकों के संबंध में चर्चा हुई है। इस मामले में कोई प्रगति होने पर सभी को अवगत करा दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री मीडिया से बातचीत के दौरान उक्त बातें कही। वहीं, रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आमंत्रण मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारे घर में पहले से मंदिर है, जहां हम पूजा करते हैं। हाल ही में पूरा परिवार बालाजी का दर्शन कर लौटा है। तेजस्वी ने कहा कि हमारा परिवार घर में पूजा करने पर ज्यादा विश्वास करता है।

हमारी लड़ाई मुद्दों की लड़ाई है : वहीं, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मधुबनी जिले के झंझारपुर पहुंचे, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद उन्होंने पूर्व सांसद दिवंगत प्रोफेसर रामदेव भंडारी की मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी सिर्फ भाषण देते हैं और उन्होंने क्या काम किया। रेल, सेल सब को बेच दिया गया है। उन्होंने 15 लाख रुपये गरीब के खाते में देने की बात कही थी। काला धन लाने की बात कही थी, कुछ नहीं ला पाए। तेजस्वी ने कहा कि हम यह सवाल पूछते हैं तो क्या हर्ज कर रहे हैं। लोगों में घृणा पैदा की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम मुद्दों की बात करते हैं। हमारी लड़ाई न ही मोदी जी से है और न ही अमित शाह जी से है। हमारी लड़ाई मुद्दों की लड़ाई है। मुद्दों पर हम बात करते हैं, मुद्दों के सवाल पूछने पर लोग कहते हैं कि यह गलत कर रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनाया जा रहा है, हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। यहां तक कि मोदी जी को राम जी से भी बड़ा बताया गया है। भगवान राम को मोदी जी की जरूरत नहीं है, वे तो भगवान हैं।

हजारों करोड़ रुपये अयोध्या में खर्च किए जा रहे हैं। उस पैसे से गरीबों को दवाई अस्पताल और रोजगार दिया जा सकता था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सवा लाख लोगों को एक दिन में नौकरी देने का काम किया है। दोबारा दो लाख के करीब नौकरी शिक्षकों को दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग में करीब डेढ़ लाख की नौकरी दी जा रही है।

केजरीवाल ईडी के तीसरे समन पर भी नहीं हुए पेश

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी तीसरे समन पर भी बुधवार को पेश नहीं हुए और उन्होंने एक लिखित जवाब भेजकर नोटिस को अवैध बताया। आम आदमी पार्टी से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। आप ने कहा कि केजरीवाल एजेंसी के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं लेकिन दावा किया कि समन उन्हें गिरफ्तार करने के इरादे से भेजा गया है। पार्टी ने कहा, चुनाव से ठीक पहले नोटिस क्यों भेजा गया है? नोटिस केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने से रोकने का एक प्रयास है। केजरीवाल को बुधवार को ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। आप के संयोजक केजरीवाल को ईडी का यह तीसरा नोटिस है, इससे पहले उन्हें ईडी ने दो नवंबर और 21 दिसंबर को पेश होने के लिए समन जारी किया था, लेकिन केजरीवाल ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे।

तकनीकी समस्या के चलते फ्लाइट की पटना में इमरजेंसी लैंडिंग

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। राजधानी पटना से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट की बुधवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बताया जा रहा है कि पटना एयरपोर्ट से फ्लाइट के टेक ऑफ करने के थोड़ी देर के बाद ही पायलट ने तकनीकी समस्या की जानकारी दी और इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत मांगी। इस दौरान विमान में बैठे यात्रियों के बीच भी हड़कंप की स्थिति बनी रही। विमान में टेक्निकल प्रॉब्लम आने की सूचना के तुरंत बाद एयरपोर्ट प्रबंधन सक्रिय हो गया। डायरेक्टर को इसकी सूचना जैसी ही मिली सभी आपात सिस्टम को तत्काल अलर्ट कर दिया गया और इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। विमान में आयी तकनीकी समस्या को ठीक करने में दो घंटे का समय लगा, जिसके बाद विमान को टेक ऑफ कराया गया।

दबाव डालने के लिए सरकारी अधिकारियों की उच्च न्यायालयों में पेशी अस्वीकार्य : उच्चतम न्यायालय

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने अदालतों में सरकारी अधिकारियों की व्यक्तिगत पेशी के मामले में मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित करते हुए बुधवार को कहा कि अवमानना की चेतावनी के तहत सरकार पर दबाव बनाने के लिए उनके अधिकारियों को उच्च न्यायालयों की ओर से तलब करना स्वीकार नहीं किया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए कहना या उनके हलफनामों पर भरोसा करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि सभी उच्च न्यायालयों को उसकी एसओपी को ध्यान में रखते हुए अदालत में सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति के संबंध में नियम बनाने पर विचार करना चाहिए। पीठ ने अवमानना की धमकी देकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए सरकारी अधिकारियों को बार-बार तलब करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आचरण की आलोचना करते हुए कहा कि यह स्वीकार्य नहीं है। पीठ ने फैसले के कुछ अंश पढ़ते हुए कहा, सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले कानून अधिकारियों पर भरोसा करने के बजाय अधिकारियों को बार-बार बुलाना संविधान द्वारा परिकल्पित योजना के विपरीत है।

कोविड के उपस्वरूप जेएन.1 के अब तक 511 मामले

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। देश में कोविड-19 के उपस्वरूप जेएन.1 के अब तक कुल 511 मामले सामने आ चुके हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इनमें से सबसे अधिक मामले कर्नाटक से सामने आए हैं। सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक से 199, केरल से 148, गोवा से 47, गुजरात से 36, महाराष्ट्र से 32, तमिलनाडु से 26, दिल्ली से 15, राजस्थान से चार, तेलंगाना से दो और ओडिशा व हरियाणा से एक-एक मामला सामने आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जेएन.1 के तेजी से वैश्विक प्रसार के बाद इसे निगरानी में रखे जाने वाले स्वरूप के रूप में वगीकृत किया है लेकिन साथ ही सीमित उपलब्ध साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए जेएन.1 से उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम को वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कम आंका है।

भारत में कैंसर से 9.3 लाख लोगों की मौत एशिया में दूसरी सबसे बड़ी संख्या: रिपोर्ट

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि भारत में 2019 में कैंसर के 12 लाख नए मामले सामने आए वहीं 9.3 लाख लोगों की कैंसर से मौत हो गई। द लांसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। शोधकताओं ने पाया कि कैंसर के बढ़ते मामलों और इससे होने वाली मौत के मामले में एशिया में चीन और जापान भी भारत से पीछे नहीं हैं। शोधकताओं के अनुसार 2019 में एशिया में कैंसर जन स्वास्थ्य के लिए अहम खतरा बना, जहां इसके 94 लाख नए मामले सामने आए और 56 लाख लोगों की मौत हो गई। इनमें से चीन में कैंसर के सर्वाधिक 48 लाख नए मामले सामने आए और 27 लाख लोगों की मौत हुई। जापान में कैंसर के लगभग नौ लाख नए मामले सामने आए और 4.4 लाख मौतें हुई। शोधकताओं की अंतरराष्ट्रीय टीम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर और बठिंडा के शोधकर्ता भी शामिल थे। उन्होंने अपने अध्ययन में लिखा, हमने 1990 से 2019 के बीच एशिया के 49 देशों में 29 प्रकार के कैंसर के अस्थाई पैटर्न की जांच की। शोधकताओं के अनुसार एशिया में कैंसर सबसे अधिक श्वासनली, ब्रोन्कस और फेफड़ों (टीबीएल)में पाया गया। इनके अनुमानित 13 लाख मामले सामने आए और 12 लाख लोगों की मौत हुई। पुरुषों में इन अंगों के कैंसर के अधिकतर मामले मिले। शोधकताओं ने बताया कि महिलाओं में खासतौर पर गर्भाश्य के कैंसर के मामले दूसरे नंबर पर और कई एशियाई देशों में शीर्ष पांच में रहे। 2006 में सामने आया मन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीका बीमारी को रोकने और एचपीवी से संबंधित मौतों को कम करने में प्रभावी साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि धूम्रपान, शराब पीना और प्रदूषक कण कैंसर के लिए जिम्मेदार 34 कारकों में प्रमुख पाए गए। इनसे 2019 में दुनिया भर में होने वाली कुल मौतों में से भारत में 32.9 प्रतिशत मौत हुई हैं और होंठ और मुंह के कैंसर के 28.1 प्रतिशत नए मामले सामने आए।

सौगात | पीएम मोदी ने लक्षद्वीप को 1,156 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की दी सौगात

योजनाओं को हर लाभार्थी तक पहुंचाने का प्रयास कर रही केंद्र सरकार : पीएम मोदी

प्रात : किरण

कवरत्ती (लक्षद्वीप)/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को लक्षद्वीप में 1,156 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने लैपटॉप योजना के तहत छात्रों को लैपटॉप दिए और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत स्कूली छात्राओं को साइकिलें दीं। उन्होंने किसान और मछुआरों के लाभार्थियों को पीएम किसान क्रेडिट कार्ड भी सौंपे। कवरत्ती स्थित स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में पिछली केंद्र सरकारों पर सीमावर्ती इलाकों और द्वीपों के विकास की उपेक्षा का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों, द्वीपों और तटीय क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, ह्लआजादी के बाद दशकों तक केंद्र में रही सरकारों की एकमात्र प्राथमिकता अपने-अपने राजनीतिक दलों का विकास करना था। उन्हें दूर-दराज के राज्यों या सीमा पर स्थित राज्यों या समुद्र के बीच वाले राज्यों की ज्यादा परवाह नहीं थी। पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने सीमावर्ती इलाकों और समुद्र के किनारे के इलाकों को अपनी प्राथमिकता बनाया है।

प्रधानमंत्री ने लक्षद्वीप के विकास की दिशा में सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला और पीएम आवास योजना (ग्रामीण) की संतृप्ति प्राप्त करने, प्रत्येक लाभार्थी को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने, पीएम किसान क्रेडिट कार्ड और आयुष्मान कार्ड के वितरण और विकास के बारे में जानकारी दी। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार सभी सरकारी योजनाओं को हर लाभार्थी तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

नववर्ष पर श्री गुरु सिंह सभा चितकोहरा में कीर्तन दरबार

पटना (प्राकि)। नववर्ष पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गोबिन्द नगर, चितकोहरा में गुरवाणी कीर्तन दरबार का दीवान सजा। आयोजित इस समागम में देहरादून से आए रागी भाई गुरमीत सिंह जी ने कीर्तन पेश कर संगतो को निहाल कर दिया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गोबिन्द नगर प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जगजीवन सिंह, जसबीर सिंह छाबड़ा, कमलजीत सिंह बग्गा, सतेंदर सिंह बग्गा, गुरभेज सिंह , गुरजीत सिंह और गोबिन्द नगर की संगतों ने हाजरी भरी। मुख्य ग्रंथी भाई सुरजीत सिंह ने देशवासियों और विदेश में बसे सिखों के खुशहाली के लिए अरदास की।

मितन घाट में डीएम ने रुक देखा अतिक्रमण

पटना सिटी (प्राकि)। दशमेश पिता के प्रकाश पर्व की तैयारी को लेकर हुई बैठक के बाद जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह वापस लौट रहे थे। इस दौरान वह मितन घाट के पास रुके। उन्होंने साथ रहे सिटी एसपी ईस्ट संदीप सिंह एवं सिटी एसडीओ गुंजन सिंह को बुलाया। बैठक में गंगा नदी के किनारे और मितन घाट रोड के दक्षिण की ओर भी स्थित अतिक्रमण को दिखाया। इस संबंध में अधिकारियों ने चर्चा की। डीएम ने सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमण हटाने का निदेश एसडीओ को दिया गया। संभावना है कि एक-दो दिनों में गंगा पथ पर महावीर घाट से लेकर किला घाट के बीच अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जाएगा।

गुमटी में लगी आग, हुआ खाक

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड स्थित पान की गुमटी में आग लग गई। गुमटी में दुकान चलाने वाला नरेश दास का कहना है कि नशेड़ी युवक गुमटी को पलट कर आग लगा दिया है। इससे गुमटी में रखे लगभग 50 हजार की संपति जल कर नष्ट हो गई। आग लगने की सूचना पर अगमकुआं थाना की पुलिस पहुंची। लोगों का आरोप है कि नशेड़ी युवक अक्सर ऐसी घटना को अंजाम देता है।

हथियार के साथ पकड़ाया

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने कटरा बाजार एसबीआई के सामने वाली गली में छापेमारी कर अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसका नाम साहु कुमार उर्फ शिवशक्ति कुमार है। उसके पास से हथियार भी मिला है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने बताया कि ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गठित टीम में दारोगा अखिलेश कुमार, सअनि संजय कुमार, मनोर कुमार, संतोष कुमार, संतोष कुमार यादव व दीपक कुमार ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया है। शिवशक्ति के पास से एक देसी कट्टा व गोली मिला है। गिरफ्तार के खिलाफ पहले से आपराधिक मामला दर्ज है।

पटना मेट्रो कर्मी की तबीयत बिगड़ने से हुई मौत

दानापुर। नगर के अंतर्गत मेट्रो निर्माण में कार्यरत सुपरवाईजर चंदन कुमार तिवारी की अचानक तबियत बिगड गई। उनके साथ रहे कर्मियो ने उन्हे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुचे उनके परिजन चित्कार कर उठे। बताया जाता है कि हाजीपुर निवासी काशीनाथ तिवारी के पुत्र चंदन कुमार तिवारी 36 पटना मेट्रो में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। दानापुर के सगुना मोड पर वे डियूटी पर थे। अचानक उनकी तबियत बिगड़ गया। जिसके बाद उन्हे लेकर लोग अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक मृत घोषित कर दिया। उनके साथ रहे कर्मियो ने बताया कि दिल के दौड़ा पडने से उनकी मौत हो गयी।

नाबालिग बच्ची हुई लापता

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नाबालिग लड़की को लेकर दो महिलाओं के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा दो दिनों से जारी है। जिसको लेकर सुल्तानपुर भट्टा रोड निवासी स्व राजू पासवान की पत्नी कंचन देवी ने दानापुर थाना में लिखित शिकायत की है। दिए आवेदन में बताया कि पड़ोसी साधना देवी ने एक सप्ताह पहले हमसे बात करते हुए बोली थी कि अपनी नबालिक बहन बेटी का शादी करवा दूंगी। आपको पचास हजार रुपए भी मिलेंगे। जिस पर मैंने मना कर दिया। उसके एक दिन बाद ही बहन बेटी गायब हो गई। जिस पर साधना देवी घर गए तो नहीं थी। जब फोन कर पूछे तो बताई की बाहर जा रहे हैं कहते हुए वीडियो काल करते हुए दिखाई। मंगलवार को साधना देवी अपने घर पहुंची तो कंचन देवी ने साधना पर बहन बेटी को गायब करने का आरोप लगाते हुए लेकर थाना पहुंची।

बिहार के विभिन्न जिलों में चली 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' रथ

2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए लोगों ने ली शपथ

प्रात : किरण संवाददाता

पटना । केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने और उनका लाभ आम जनता तक सुनिश्चित किये जाने की महत्वपूर्ण कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ बुधवार (03 जनवरी, 2024) को बिहार के जमुई, कटिहार, भोजपुर, सुपौल, सारण, मधेपुरा,बांका, भागलपुर,कैमूर, सहित विभिन्न ज़िलों में चली। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ पहुँचते ही भारी संख्या में आम लोग और ग्रामीण, रथ को देखने और जानकारी लेने पहुंचे। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी वीडियो के माधयम से दी गई, साथ ही, प्रचार सामग्रियों का निःशुल्क वितरण ग्रामीणों और अन्य लोगों के बीच किया गया। मौके पर रथ के साथ आये अधिकारियों ने सभी ग्रामीणों और अन्य लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंने, भारत की एकता को सुदृढ़ करेंने, देश की रक्षा करने वालो को सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने को लेकर शपथ दिलाई। इस अवसर विभिन्न विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान योजना, मोटा अनाज तथा अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी चलचित्र और सम्बंधित अधिकारियों द्वारा दी गई, इस अवसर पर भारत सरकार की योजनाओं के लाभार्थी भी कार्यक्रम स्थल पर आये, उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सार्वजानिक तौर पर प्रशांस करते हुए अपनी बातें भी रखी।

मौके पर चिकित्सा शिविर लगा कर लोगों का निःशुल्क इलाज और मुफ्त दवा का वितरण किया गया। जबकि मोटा अनाज पर विशेष जानकारी ग्रामीणों एवं लोगों को दी गई और अधिक से अधिक मोटा अनाज उपजाने तथा प्रयोग में लाने का आह्वान किया गया। साथ ही ड्रोन से खेतों में कीटनाशकों के छिड़काव की नई तकनीक का डेमो दिखाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का उद्देश्य है इसके मध्यम से केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देना। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा', भारत सरकार की अब तक की सबसे व्यापक पहुंच वाली पहल है।

जदयू प्रदेश कार्यालय में जन-सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। नीतीश सरकार के विकास कार्यक्रमों को तेज गति से लागू करने और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं मद्य निषेध एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार पार्टी कार्यालय में उपस्थित होकर पार्टी के कार्यकताओं एवं अन्य लोगों की समस्याओं को सुना तथा उसके निराकरण हेतु उचित कार्रवाई की। इस क्रम में मंत्री श्रवण कुमार द्वारा जन-सुनवाई के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकताओं एवं अन्य लोगों का ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित कई मामलों का निपटारा करने के साथ ही अन्य कई मामलों का त्वरित निपटारा करने के साथ ही कुछ मामलों के आवेदन को समीक्षा करने हेतु प्राप्त किया। वहीं मंत्री मद्य निषेध एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार द्वारा भी जन-सुनवाई के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकताओं एवं अन्य लोगों का मद्य निषेध एवं निबंधन विभाग से संबंधित मामलों के निपटारा किया गया। मंत्री जयंत राज अपरिहार्य कारणों से जन-सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुये। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के सदस्य संजय कुमार सिंह गाँधी जी, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रंजू गीता एवं प्रदेश महासचिव अरूण कुमार सिंह उपस्थित थें। उक्त आशय की जानकारी कार्यालय सचिव संजय कुमार सिन्हा ने दी।

नि:शुल्क एचएलए जांच शिविर का होगा आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को हर 15 दिन में रक्त चढ़ाना पड़ता है। बोन मैरो ट्रांसप्लांट कर इसका स्थायी इलाज संभव है। इसके लिए पांच जनवरी 2024 को तीसरी बार मां वैष्णो देवी सेवा समिति और मां ब्लड बैंक सेंटर के द्वारा महाराणा प्रताप भवन,पटना में मुफ्त एचएलए जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं।आयोजन समिति के मुकेश हिसारिया तथा आलोक आजाद ने बताया कि मां वैष्णो देवी सेवा समिति तथा मां ब्लड सेंटर के द्वारा आयोजित पिछले दो थैलेसीमिया शिविर में चुने गए अभी तक पैंतालीस बच्चों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया जा चुका है।उन्होंने कहा कि शिविर में पूर्व पंजीयन कराने वाले ऐसे लोगों की ही एचएलए मैचिंग जांच की जाएगी जो अपने सगे भाई या बहन के साथ आएंगे और उन्होंने कहीं अन्य यह जांच नहीं कराई होगी। बताते चलें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल के बाद अब तक स्वास्थ्य विभाग 26 बच्चों का निशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट करा चुकी है। अब वे स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। वैशाली, सारण सहित उत्तर बिहार एवं अन्य के अभिभावक आलोक आजाद 9128476595 जसवंत 9473114054, ब्रजेश कुमार 8789416636, सुजीत गुप्ता 8789449238 से बात कर निशुल्क पंजीयन करा सकते हैं।पांच जनवरी को नारायणा हेल्थ बेंगलुरू के डा. सुनील भट्ट के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम शिविर में एचएलए जांच करेगी।यह जांच सगे भाई या बहन के साथ आने पर ही हो सकेगी। बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराने के पहले पीड़ित की यह जांच सबसे आवश्यक है।

ब्लड मैन आफ बिहार मुकेश हिसारिया के अनुसार (एचएलए) मैचिंग कैंप बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए जरूरी है। इसमें भाई या बहन की लार की जांच की जाती है। सौ प्रतिशत मैच होने पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराया जाता है, जिससे ये आम बच्चों की तरह जिंदगी जी सकते हैं। निजी जांच केंद्रों में एचएलए जांच के लिए 15 से 20 हजार रुपये लिए जाते हैं। जर्मनी की डीकेएमएस बीएमएसटी फाउंडेशन इस जांच शिविर में सहयोग दे रही है। डाक्टरों के अनुसार माइनर थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों से जो बच्चे जन्म लेते हैं वे मेजर थैलेसीमिया से पीड़ित होते हैं। यदि शादी से पहले एचबीए 2 जांच करा ली जाए तो थैलेसीमिया मेजर बच्चों को धरती पर आने से रोका जा सकता है। मनुष्य का आंतरिक भाग जितना जटिल होता है, उतना ही हर छोटे से छोटे सेल को अपनी भूमिका निभाने की आवश्यकता होती है। हर कोई लाल और सफेद रक्त कोशिकाओं या शरीर की लड़ाकू कोशिकाओं के बारे में सुने हैं जो संक्रमण से लड़ने और ऑक्सीजन ले जाने के लिए आवश्यक है। ये कोशिकाएँ बोन मैरो द्वारा निर्मित होती हैं। यदि किसी संक्रमण या बीमारी के कारण बोन मैरो ठीक से काम नहीं कर रहा हो, तो एक स्वस्थ बोन मैरो डोनर या स्वयं से लेकर रोगी में डाला दिया जाता है। इस प्रक्रिया को बोन मैरो ट्रांसप्लांट कहते हैं।

हृदयनाथ सिंह का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा : सम्राट

भाजपा कार्यालय में पूर्व संगठन मंत्री हृदय नाथ सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को पूर्व संगठन मंत्री और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक हृदानाथ सिंह के निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी के लोगों ने श्री सिंह के तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि हृदयनाथ सिंह का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और जनसेवा के समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि संघ और पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, लगन व ईमानदारी हम सभी के लिए हमर्ध प्रेरणादाई रहेगा। पार्टी के विभिन्न पदों पर सफलतापूर्वक अपनी सेवा देकर इन्होंने भाजपा के विचारों और नीतियों को जन-जन पहुंचाने में बड़ा योगदान किया। इस मौके पर संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, विधान परिषद में विरोधी दल के नेता हरि सहनी,पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव , विधान पार्षद अनिल शर्मा, विधायक कुंदन सिंह, प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, गुरु प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू , प्रवक्ता राकेश कुमार सिंह, प्रभाकर मिश्र, मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, सूरज पांडे , प्रभात मालाकार ने भी दिवंगत हृदय नाथ सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। भाजपा के राष्ट्रीय संघटक किसान मोर्चा के रूप में कार्यरत श्री सिंह का सोमवार की रात लखनऊ में निधन हो गया।

ट्रक व बस चालकों ने हिट एंड रन के रोक पर जताया खुशी, बांटीं मिठाई

बस, ट्रक, ऑटो व ई-रिक्शा का परिचालन हुआ सामान्य

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

केंद्र सरकार के द्वारा नए हिट एंड रन एक्ट को लागू किए जाने के बाद ट्रक और बस के चालकों और खलासियों के द्वारा तीन दिनों का चक्का जाम हड़ताल किया गया था। लगातार सोमवार और मंगलवार को एनएच30, महात्मा गांधी सेतु, जीरो माइल, पटना-मसौढ़ी रोड आदि में जगह-जगह सड़क जाम कर आगजनी की गई थी। साथ ही वाहनों को सड़क पर खड़ा कर परिचालन को बाधित कर दिया था।

इससे लोगों के बीच पेट्रोल-डीजल के नहीं मिलने और अन्य खाद्य पदार्थों की कीमत में उछाल होने की संभावना को देखते हुए खरीदारी पर जोर दिया गया था। मगर मंगलवार को केंद्र सरकार के द्वारा इस पर तत्काल रोक लगाए जाने का आदेश जारी किया गया। इसी निर्णय के बाद ट्रक, बस के चालक-खलासी के अलावा ऑटो और ई-रिक्शा चालक भी देश भर में वाहन चालकों की एकजुट पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता में बड़ी शक्ति होती है। अंततः केंद्र सरकार ने फिलहाल इस कानून को लागू होने पर रोक लगाने की बात कही है। हालांकि वे सब इस कानून को वापस लेने की मांग करते हैं। इस खुशी में ट्रक और बस के चालक और खलासियों ने अपनी एकजुटता की जिंदाबाद का नारा लगाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इसी के साथ पटना-मसौढ़ी रोड स्थित अंतरराज्यीय बस अड्डा से पड़ोसी राज्यों और बिहार के विभिन्न शहरों को जाने और आने वाले बसों का परिचालन शुरू हो गया है। ट्रकों का भी चलना शुरू हो गया है। पटना सिटी के एनएच30, सुदर्शन पथ, अशोक राजपथ, पुरानी बाइपास, महात्मा गांधी सेतु पर भी हर तरह के वाहनों का परिचालन बिना रोक-टोक के जारी रहा। इससे आम जनता को भी कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

बिहार राज्य किसान सभा की राज्य किसान कार्यकारणी की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

पटना । 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के बाद बिहार के 38 जिलो में ट्रैक्टर मार्च को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक ट्रैक्टर के अलावा मोटरसाइकिल जत्था भी साथ में मार्च करेगा।16 जनवरी 2024 को पंजाब के जालंधर में आयोजित राष्ट्रीय किसान महासम्मेलन में बड़ी संख्या में बिहार के किसान नेता भाग लेंगे। बिहार राज्य किसान सभा की राज्य किसान कार्यकारणी की केदार भवन पटना में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने ट्रैक्टर मार्च को सफल बनाने हेतु 7 जनवरी को सासाराम में शाहाबाद और मगध जोन का क्षेत्रीय कन्वेंशन। 9 जनवरी को बसंतपुर में सीवान,गोपालगंज और सारण जिला का क्षेत्रीय कन्वेंशन और 10 जनवरी को मुजफ्फरपुर प्रमंडल का क्षेत्रीय कन्वेंशन होगा। 10 जनवरी से 20 जनवरी2024 तक जन जागरण जत्था के माध्यम से किसानों को जगाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने धान अधिप्राप्ति में विलंब के लिए बिहार सरकार की व्यवस्था को दोष देते हुए किसानों को अन्य राज्यों की तरह बिहार में कम से कम 500 प्रति क्विंटल धान पर बिहार सरकार किसानों को बोनस देने की मांग उन्होंने की बैठक की अध्यक्षता साथी लक्ष्मण चौधरी ने की। बैठक को किसान नेता प्रभा शंकर सिंह, विजय कुमार यादव, सीताराम यादव, ज्योतिश्वर प्रसाद सिंह, रामचंद्र प्रसाद, रामनरेश महतो,रघुनाथ सिंह, चंदेश्वर चौधरी, बृजभूषण शर्मा, सकलदेव प्रसाद यादव, रविंद्र कुमार, अशोक कुमार राय, चंद्रानंद मेहता,अरविंद सिंह, गोपाल कुमार, श्रीकांत शर्मा आदि ने संबोधित किया।

सोनू हत्याकांड में पत्नी के बयान पर मामला दर्ज 7 नामजद व अन्य अज्ञात

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के गुलशन हैदरी में अपराधियों की गोली से मारे गए सोनू उर्फ बैगनवां की हत्या में सात नामजद, जबकि चार अज्ञात की पुलिस को तलाश है। नामजद पर हत्या करने एवं हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप है। मारे गए मो सोनू के खिलाफ पांच कांड दर्ज होने की बात खाजेकलां थाना की पुलिस बताती है। दरअसल मौला शाह बाग का रहने वाला मो सोनू की हत्या मंगलवार की देर शाम कर दी गई थी। खाजेकलां थानाध्यक्ष राहुल ठाकुर ने बताया कि मारे गए सोनू की पत्नी शबनम परवीन के बयान पर सात को नामजद, जबकि चार अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पत्नी ने पुलिस को बताया है कि सोनू को पूर्व में भी जान से मारने की धमकी मिल रही थी। इस कारण वह सचेत होकर चल भी रहा था। इसके बाद भी साजिश के तहत अपराधियों ने मंगलवार की देर शाम मौका पाकर गोली मार हत्या कर दी। शातिर शूटरों ने सिर में सटा कर दो गोली मारी थी, जबकि चेहरे व शरीर के अंग हिस्सों में भी गोली के निशान हैं। पुलिस ने घटनास्थल से आठ खोखा बरामद किया है। पुलिस घटनास्थल गुलशन हैदरी से लेकर अपराधियों के भागने की दिशा में एक दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे को बुधवार को खंगाला है। पुलिस का कहना है कि पुरानी रंजिश ही हत्या का कारण है। हत्याकांड में शामिल अपराधी भी स्थानीय बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल के पास विधि-व्यवस्था संधारण को पुलिस बल की तैनाती की गई है।

यूपी के बिलासपुर से तख्तश्री पटना साहिब में लंगर को भेजा 216 क्विंटल गेहूं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व को लेकर संगतों के द्वारा लगातार रसद सामग्री भेजी जा रही है। इसके तहत पटना साहिब के कथावाचक सतनाम सिंह उत्तर प्रदेश के बिलासपुर बल्ला खेड़ा गांव के नजदीक नानकपुरी टांडा कथा करने गए थे। वहां संत बाबा हरबंश सिंह कारसेवा दिल्लीवाले के प्रतिनिधि बाबा फौजा सिंह, बाबा सुरेंद्र सिंह के द्वारा और वहां के स्थानीय इंचार्ज बाबा गुरजन सिंह एवं चंदन सिंह से तख्तश्री पटना साहिब के लंगर वास्ते कनक (गेहूं) भेजे जाने का आग्रह किया। इसके बाद बाबा गुरजन सिंह और चंदन सिंह के द्वारा ट्रक से 216 क्विंटल गेहूं भेजा गया, जो बुधवार को तख्तश्री पटना साहिब पहुंच गया। बताया गया कि हर साल लंगर वास्ते यहां गेहूं की सेवा दी जाएगी। इसके पूर्व फिरोजपुर से भी संगतों ने एक ट्रक गेहूं भेजा था। तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने बताया कि पंजाब के कपूरथला से वहां के विधायक राणा गुरजीत सिंह ने 15 टन चीनी की सेवा लंगर के वास्ते भेजी है। लगातार देश के विभिन्न हिस्से से संगतों के द्वारा तख्तश्री पटना साहिब में लंगर के लिए रसद भेजने का सिलसिला जारी है। फिरोजपुर की संगत ने भी हर साल गेहूं की सेवा देने की बात कह कर लौटे हैं।

80 वर्ष होने पर ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह को किया गया सम्मानित

फतुहा। शहर के कॉपरेटिव कॉलनी में पेंशनर समाज द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह के 80 वर्ष पूरे होने पर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेंद्र नारायण मिश्रा ने बताया कि हमारे मित्र एवं पेंशनर समाज के सदस्य ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह काफी मिलनसार एवं कर्मठ व्यक्ति हैं। इनसे हम सभी को मार्गदर्शन मिलता रहता है। इनके सम्मानित होने पर हम सभी काफी गर्व महसूस कर रहे हैं। वहीं ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। मौके पर पेंशनर समाज के सचिव अवधेश प्रसाद, उपाध्यक्ष सिद्धेश्वर प्रसाद, सतीश कुमार, रविन्द्र कुमार जायसवाल, रामसुंदर महतो सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कबीर साईं मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का तीसरा दिन

पटना। बुधवार को कबीरपंथी आश्रम कबीर साईं मंदिर मीठापुर में महंत ब्रजेश मुनि महाराज जी के पावन सानिध्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथाव्यास संत विवेक मुनि महाराज ने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि आप जहां जा रहे हैं वहां आपका, आपके इष्ट या अपने गुरु का अपमान नहीं हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्मदाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर पिता के घर जाने पर अपमानित होने के कारण सती को स्वयं को अग्नि में स्वाहा कर देना पड़ा। ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते उन्होंने कहा कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया, जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य, संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा हैं तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा - को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्ची मिट्टी की तरह होता है उसे - जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। - कथा के दौरान भजन मंडली ने भजनों की प्रस्तुति से भक्ति भाव का संचार किया।' मौके पर मठ के आश्रम के संत अशोक दास, संत करसन मुनि, महेश दास, भक्तिमति रूबी देवी, ऊषा देवी आदि श्रोतागण मौजूद रहे।

प्रकाश पर्व पर भीड़ प्रबंधन विधि-व्यवस्था, ट्रेफिक व सुरक्षा प्राथमिकता : डीएम

नहीं लगेगा बेरिकेडिंग, बनेगा ड्राप गेट, अतिक्रमणमुक्त होगा एरिया

पटना सिटी,प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के द्वारा दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 357वां प्रकाश पर्व को ले डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में तख्तश्री कमेटी के मीटिंग हॉल में बुधवार को बैठक हुई। बैठक के दौरान कहा गया कि गायघाट अशोक राजपथ से लेकर गंगा तट, गंगा किनारे रोड महावीर घाट से लेकर कंगन घाट तक फुटपाथ और सड़क की स्थिति खस्ता है, जबकि गंगा तट के किनारे खटाल और गोबर आबाद है। साथ ही फुटपाथ पर चार पहिया वाहन से लेकर बसों का अवैध ढंग से पार्किंग होता है। यह पटना नगर निगम के क्लीन पटना व ग्रीन पटना के स्लोगन को मुंह चिढ़ाता है। कंगन घाट से चौक थाना की ओर आने वाला दोनों रास्ता की स्थिति बदहाल है। इसे ठीक कराने पर जोर दिया गया। साथ ही यहां पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था कराने की बात कही गई। बैठक के दौरान तख्तश्री पटना साहिब एवं आसपास के रिहाइश के पास बंदर और स्ट्रीट डॉग के आतंक से भी मुक्ति दिलाने की बात कही गई। वहीं शहीद भगत सिंह प्रतिमा के सटे दक्षिण और चौकशिकारपुर आरोबी के ऊपर तिमुहानी के पास बने चबूतरा को तोड़ने का निर्देश भी डीएम ने पथ निर्माण विभाग के अभियंता को दिया। प्रकाश पर्व पर बाहर से आने वाले बस, ट्रक एवं अन्य वाहनों की पार्किंग सिटी स्कूल के मैदान एवं कंगन घाट के बने एलिवेटेड रोड के एप्रोच पर करने, वहां पर्याप्त रोशनी, पानी व शौचालय की व्यवस्था करने की बात कही गई। डीएम ने कहा कि प्रकाश पर्व को लेकर आवासन, परिवहन, ट्रेफिक प्रबंधन, विधि-व्यवस्था संधारण एवं भीड़ प्रबंधन की उत्कृष्ट व्यवस्था की जाएगी। साथ ही चिकित्सा व्यवस्था, पीने के पानी, सफाई, बिजली, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन सहित सभी बिंदुओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। पटना जंक्शन, पटना साहिब एवं अन्य स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के साथ-साथ मे आई हेल्प यू काउंटर भी काम करेगा। पटना सिटी में कार्यक्रम स्थल तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब, गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत, हरिमंदिर गली, बाड़े की गली, गुरुद्वारा गुरु का बाग, चौक थाना रोड, कंगन घाट, कचौड़ी गली, ओपी साह सामुदायिक भवन, पटना साहिब भवन एवं अन्य सिख संगतों के ठहरने वाले स्थान पर मे आई हेल्प यू डेस्क की व्यवस्था होगी। इन स्थानों पर 24 घंटे साफ-सफाई, नियमित फॉगिंग और पीने के पानी की व्यवस्था के लिए टैंकर और वाटर एटीएम की भी व्यवस्था होगी। सफाई व्यवस्था को लेकर पटना नगर निगम क्रियाशील रहेगा। चिन्हित आवास स्थल पर अस्थायी शौचालय का निर्माण एवं पूर्व से निर्मित स्थायी शौचायलयों का रखरखाव भी सुनिश्चित किया जाएगा। पर्याप्त संख्या में वाटर टैंक एवं वाटर एटीएम की भी व्यवस्था की जाएगी।

बजाज फाइनेंस ने 8.85 प्रतिशम तक के डिजिटल फिक्स्ड डिपॉजिट अनुभव के साथ नए साल का बढ़ाया उत्साह

पटना। देश के सबसे बड़े वित्तीय सेवा समूहों में से एक, बजाज फिनसर्व का हिस्सा, बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने आज डिजिटल फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) लॉन्च करने की घोषणा की, जो इसके ऐप और वेबसाइट के माध्यम से बुक की गई डिपॉजिट पर 8.85% तक की विशेष दरें उपलब्ध कराता है। साल के अंत के साथ, डिजिटल एफडी ग्राहकों को डिपॉजिट बुक करने के लिए डिजिटल एवं असिस्टेड डिजिटल मोड का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करके बचत के अनुभव को रूपांतरित करता है। बजाज फिनसर्व ऐप और वेबसाइट का सफर सरल, सुरक्षित और निर्बाध है जिसमें लगभग तुरंत एफडी बुकिंग की जा सकती है। 2 जनवरी, 2024 से प्रभावी, बजाज फाइनेंस वरिष्ठ नागरिकों को बजाज फिनसर्व ऐप और वेब पर बुक की गई एफडी में 42 महीने की अवधि के लिए 8.85% प्रति वर्ष तक की ब्याज दर प्रदान कर रहा है। 60 वर्ष से कम उम्र के जमाकर्ता प्रति वर्ष 8.60 प्रतिशत तक कमा सकते हैं। संशोधित दरें 42 महीने की अवधि के लिए 5 करोड़ रुपये तक की नई जमा और परिपक्व होने वाली जमाराशियों के नवीनीकरण पर लागू होंगी। बजाज फाइनेंस के फिक्स्ड डिपॉजिट और निवेश प्रमुख सचिन सिक्का ने कहा, हमारी बाधारहित प्रक्रियाएं, आकर्षक ब्याज दरें और ग्राहक अनुकूल नीतियां बजाज फाइनेंस एफडी के साथ उपभोक्ता के अनुभवों को और बेहतर बनाती हैं। 2 वर्षों में हमारी डिपॉजिट बुकिंग में 2 गुना वृद्धि भी बजाज ब्रांड पर ग्राहकों के भरोसे का प्रमाण है। हमारे एफडी अब जमाकताओं को डिजिटल-फर्स्ट सोचने में सक्षम बनाते हैं। इसे एक सरल एंड-टू-एंड डिजिटल सफर के रूप में बनाया गया है, जिसमें विशेष रूप से बजाज फिनसर्व ऐप और वेब पर उच्च ब्याज दरें उपलब्ध हैं। यह एफडी खोलने के अनुभव को डिजिटल युग में लाता है।" 30 सितंबर, 2023 त

कृषि स्नातक एवं स्नातकोत्तर में नामांकन के लिए सीटों की संख्या में बढ़ोत्तरी

मुख्यमंत्री द्वारा दी गई सहमति, कृषि रोड मैप के बेहतर कार्यान्वयन हेतु उठाये गए कदम: मंत्री

- राज्य के युवाओं के लिए कृषि में उच्च शिक्षा का अवसर बढ़ेगा
- सीटों की संख्या 490 से बढ़ाकर 789 की गई

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

कृषि स्नातक एवं स्नातकोत्तर में नामांकन के लिए सीटों की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई है। कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने बुधवार को उक्त जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार कृषि विश्वविद्यालय के अधीन सभी कृषि विश्वविद्यालयों में स्नातक, स्नातकोत्तर तथा पीएचडी में छात्र-छात्राओं के नामांकन के लिए सीटों की संख्या में बढ़ोत्तरी करने हेतु अपनी सहमति दी है। राज्य के छात्र-छात्राओं के लिए कृषि में उच्च शिक्षा का अवसर बढ़ेगा। मंत्री ने कहा कि कृषि स्नातक एवं कृषि स्नातकोत्तर कक्षाओं में नामांकन का अवसर बढ़ने से राज्य के युवाओं के लिए कृषि में उच्च शिक्षा का अवसर बढ़ेगा, जो राज्य में कृषि विकास के लिए महत्त्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही, अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं, कृषि में वृद्धि वैज्ञानिक किया गया तथा कृषि के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़कर राज्य के किसानों का सहयोग करेंगे। कृषि स्नातक एवं कृषि स्नातकोत्तर में कुल सीटों की संख्या 490 से बढ़ाकर 789 की गई। विभागीय सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के अधीन इसी सत्र से कृषि स्नातक एवं कृषि स्नातकोत्तर में नामांकन हेतु छात्र/छात्राओं के सीटों की संख्या है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कृषि स्नातक तथा कृषि स्नातकोत्तर में कुल सीटों की संख्या 299 की वृद्धि की गई है। कृषि स्नातक एवं कृषि स्नातकोत्तर में कुल सीटों की संख्या 490 से बढ़ाकर 789 की गई है। ज्ञातव्य हो कि कृषि स्नातक के सीटों की वर्तमान संख्या 357 है, जिसे बढ़ाकर 610 कर दिया गया है तथा कृषि स्नातकोत्तर के सीटों की वर्तमान संख्या 104 से बढ़ाकर 132 किया गया है। इसी प्रकार, पीएचडी में भी सीटों की संख्या बढ़ाई गई है। अब इसकी सीटों की संख्या 47 कर दी गई है, वर्तमान में पीएचडी में सीटों की संख्या 29 है।

208 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई

सचिव, कृषि ने कहा कि इसी वर्ष सरकार द्वारा बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के अधीन 208 सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति की गई है। ज्ञातव्य हो कि सरकार द्वारा बिहार में छात्र-छात्राओं को कृषि संकाय में पढ़ाई करने में अभिरूचि लाने हेतु आईएससी की पढ़ाई करने पर कई वर्षों से छात्रवृत्ति दी जा रही है।

विपक्ष पूरी एकजुटता से लड़ेगा लोस चुनाव : अखिलेश

- भाजपा की हार तय, केन्द्र में महागठबंधन की बनेगी सरकार

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने भाजपा पर जमकर हमला बोला है। कहा कि देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति है। लोकतंत्र पर चौतरफा हमला हो रहा है। संविधान विरोधी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश की जनता भी मूड बना चुकी है। बुधबार को होटल मौर्या में आयोजित एक विशेष प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में विपक्ष पूरी एकजुटता से चुनाव लड़ेगा। प्रदेश में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिलने जा रही है। देश की जनता मोदी सरकार को सत्ता से हटाना चाहती है। कांग्रेस रीजनल पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ लड़ेगी और एक एक सीट पर मिलकर बीजेपी को हराने का काम करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि गरीब, किसान, छात्र और नौजवानों के लिए यह साल अच्छा साबित होगा। नई सरकार महागठबंधन के नेतृत्व में बनेगी। श्री सिंह ने आगे कहा कि जब से मोदी सरकार सत्ता में आयी है एक के बाद एक लोकतंत्र के सभी स्तंभ पर हमला बोल रही है। हर विरोधी स्वर को, हर आलोचना को कुचलने का प्रयास हो रहा है। मीडिया के खिलाफ अजीब भय का वातावरण पैदा किया जा चुका है। मीडिया से जुड़े लोगों को और खासकर पत्रकारों को निशाना बनाया जा रहा है। श्री सिंह ने आगे कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार के घर पे ईडी का छापा पड़ा। पुलिस द्वारा देश के जानेमाने पत्रकारों को प्रताड़ित करने का काम पहले से चल रहा है। कांग्रेस ये सब बर्दास्त नहीं कर सकती। डा सिंह ने कहा कि देश के कई नामचीन पत्रकारों को मोदी सरकार द्वारा प्रताड़ित किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि आज की स्थिति एकदम आपातकाल वाली स्थिति है। आपालकाल के दौरान भी मीडिया अपना संपादकीय विरोध स्वरूप खाली छोड़ दिया करती थी और बाकी पन्नों पर सरकार की आलोचना होती थी। आज आलोचना करो तो ईडी का छापा। आखिर भाजपा को मीडिया से इतना डर क्यों है? उन्होंने कहा कि मोदी जी पिछले 10 सालों में एक भी प्रेसवार्ता नहीं की। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ की ऐसी दयनीय स्थिति कभी नहीं रही। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह को याद करते हुए कहा कि उनके समय में मीडिया के लोग उनके साथ चलते थे। पूरा माहौल बदल गया है। श्री सिंह ने कहा कि संसद की सुरक्षा को लेकर गृह मंत्री व प्रधानमंत्री ने सदन में काई वक्तव्य नहीं दिया। इसके उलट सदन में सरकार से चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। इस प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डा शकील अहमद खान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा मदन मोहन झा, ब्रजेश पाण्डेय, कपिलदेव प्रसाद यादव, राजेश राठौड़, लाल बाबू लाल, आनन्द माधव, डा विनोद शर्मा, असित नाथ तिवारी, ज्ञान रंजन सहित पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहें।

राजद व कांग्रेस शुरू से ओबीसी आरक्षण का विरोधी : सम्राट

- भाजपा प्रदेश कार्यालय में ओबीसी मोर्चा पदाधिकारियों का सम्मान समारोह

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को ओबीसी मोर्चा पदाधिकारियों का सम्मान समारोह सह बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आगे की रणनीति की चर्चा की गई तथा संगठन को जमीनी स्तर तक ले जाने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा को लेकर गलत परसेप्शन बनाकर ओबीसी को डराया जाता रहा है और अपनी राजनीति रोटी सेकी जाती रही है। राजद-कांग्रेस शुरू से ओबीसी आरक्षण का विरोधी रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जब भी सत्ता में रही तब आरक्षण का समर्थन किया है। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि राजद के नेता भले आरक्षण समाप्त नहीं करने का दावा करते हों लेकिन हकीकत है कि वही सबसे बड़े ओबीसी आरक्षण विरोधी हैं। श्री चौधरी ने कहा कि आज कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहते है कि आज ओबीसी वर्ग के मात्र तीन सचिव हैं, लेकिन इसका पाप भी कांग्रेस ने किया है। अगर मंडल कमीशन पहले पास हो जाता तो यह स्थिति नहीं होती। प्रदेश अध्यक्ष ने नीचे स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर बल देते हुए कहा कि नीचे स्तर पर संगठन मजबूत होगा तभी पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को कपूर्री ठाकुर जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने सभी जिले में जयंती समारोह मनाने के लिए तैयारी करने की बात कही। इस सम्मान समारोह में विधान परिषद में विरोधी दल के नेता हरि सहनी, संगठन महामंत्री भिखु भाई दलसानिया, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बलराम मंडल,उपाध्यक्ष कुमार अभिषेक,विनोद प्रकाश मौर्य, बिट्टू सोनी, देव नारायण प्रजापति,अचल सिन्हा, मुकेश पटेल, संजीव चौरसिया, सुनील चौरसिया सहित सभी जिला ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

महिलाओं के खिलाफ अपराध में भाजपा शासित राज्य नंबर वन : राजीव

- कहा- बीएचयू बलात्कार काण्ड के दोषी के घर कब चलेगा बुलडोजर

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा शासित राज्यों में बढे महिला उत्पीड़न के मुद्दे को उठाते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने बुधवार एक्स हैंडल पर लिखा कि राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़ों से यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं पर कहर बरप रहा है। आयोग के मुताबिक पिछले वर्ष महिलाओं के खिलाफ पूरे देश में हुए अपराधों में से आधे से अधिक मामले सिर्फ उत्तरप्रदेश से है। 16 हजार से अधिक शिकायतों के साथ यूपी जहां नंबर 1 पर है। वहीं नंबर दो और तीन पर क्रमशः दिल्ली और महाराष्ट्र काबिज हैं। गौरतलब हो कि महाराष्ट्र में भी भाजपा सरकार है वहीं दिल्ली की कानून व्यवस्था भी इन्हीं के हाथों में है। उन्होंने लिखा कि भाजपा की महिला विरोधी मानसिकता का ही सबूत है कि छोटे मोटे मामलों में भी दोषियों के घरों पर बुलडोजर चलवा देने वाली भाजपा सरकार बीएचयू बलात्कार काण्ड के आरोपियों के भाजपा पदाधिकारी निकलने पर चुप्पी साध कर बैठ गयी है। भाजपा को बताना चाहिए कि क्या उनका बुलडोजर आरोपित की पार्टी और धर्म देख कर निकलता है? अगर उनके बुलडोजर का तेल खत्म हो गया हो तो वह भी बताएं, उन्हें पैसे भेज दिए जायेंगे। जदयू महासचिव ने कहा कि बिलकिस बानों के बलात्कारियों की सजा माफ करने का भौंडा खेल भी इन्हीं की गुजरात सरकार के वक्त हुआ है। इनके ही शासित मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया गया, जिन्हें आज तक न्याय नही मिला है। उन्होंने कहा कि दिखावे के लिए यह बेटी बचाओ की बात करते हैं लेकिन आंकड़े गवाह हैं कि इन्ही के राज में बेटियों पर सबसे अधिक अत्याचार होते हैं।

सामाजिक क्रांति की अग्रदूत थी सावित्री बाई फुले : राजद

- राजद कार्यालय में मनाई गई फुले की जयंती, दी गई श्रद्धांजलि

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की जयंती पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर सावित्री बाई फुले के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सावित्री बाई फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारक तथा मराठी कवयित्री थी एवं भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्राचार्य और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। वे अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर स्त्री अधिकारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। वे किसी की परवाह किये बिना ही अपने पथ पर चलती रही। वक्ताओं ने कहा कि सावित्री बाई फुले सामाजिक क्रांति की अग्रदूत थीं। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, पूर्व सांसद विजय कृष्ण, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, मधु मंजरी, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, मृत्युंजय तिवारी, प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार राम, मदन शर्मा, मुकुंद सिंह, निराला यादव, बल्ली यादव, भाई अरूण कुमार, संजय यादव, ई अशोक यादव, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, संटू कुमार यादव, अरूण कुमार यादव, रीतू जायसवाल, नंदू यादव, खुर्शीद आलम सिद्दिकी, राजेश पाल, शाहिद जमाल, प्रमोद कुमार सिन्हा, विजय कुमार यादव, सरदार रंजीत सिंह, जेम्स कुमार यादव, चन्देश्वर प्रसाद सिंह, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, शिवेन्द्र कुमार तांती सहित बड़ी संख्या में कार्यकत्र्ताओं ने सावित्री बाई फुले के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

धूमधाम से मना राजद प्रदेश महासचिव का जन्म दिन

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह प्रमंडल प्रभारी बल्ली यादव का जन्मदिन बुधवार को पार्टी कार्यालय में केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव श्री भोला यादव ने शॉल देकर सम्मानित एवं राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने अंगवस्त्र देकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव, महिला राजद अध्यक्ष रीतू जायसवाल, राजद प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन, राजद के प्रदेश महासचिव सह प्रमंडल प्रभारी भाई अरूण कुमार, फैयाज आलम कमाल, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, संजय यादव, मदन शर्मा, मुकुंद सिंह, प्रमोद कुमार राम, युवा राजद के प्रदेश सचिव सरदार रंजीत सिंह, जेम्स कुमार यादव, ओमप्रकाश चैटाला, शिवेन्द्र कुमार तांती, निर्भय अम्बेदकर सहित तमाम राजद के कार्यकर्ता एवं पार्टी कार्यालय के कर्मचारीगण ने इन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राजद का कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन 10 जनवरी से

पटना। राष्ट्रीय जनता दल ने बिहार के प्रत्येक जिले में कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन कराने का निर्णय लिया है। कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन 10 जनवरी से प्रारंभ होगा। इस दौरान प्रत्येक जिले में बिहार सरकार में राजद कोटे के मंत्री और दल के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। जहां सरकार की उपलब्धियों के बारे में कार्यकताओं को बताएंगे। उक्त जानकारी पार्टी प्रवक्ता शक्ति यादव ने बुधवार को दी। बताया कि उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव की सहमति के बाद सम्मेलन का निर्णय लिया गया है। इस दौरान जाति आधारित गणना, आरक्षण का दायरा बढ़ाना, तेजस्वी जी के संकल्प और प्रण के अनुसार बिहार सरकार में युवाओं को बड़े पैमाने पर नौकरी दी गई, सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्र में व्यापक सुधार जैसे अन्य प्रमुख बिंदुओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं को सशक्त और मजबूत किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ, केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए हर कार्यकर्ता को संदेश दिया जाएगा। केंद्र सरकार की वादाखिलाफी, महंगाई, बेरोजगारी, केंद्र सरकार द्वारा विपक्ष के नेताओं पर बदले की कार्रवाई, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग, बंच ऑफ थॉट्स लागू करना चाहती है।

पटना-दीन दयाल उपाध्याय मेमू व बक्सर-पटना मेमू पाली हाल्ट पर रूकेगी

- इसी माह दोनों मेमू ट्रेनों का विधिवत ठहराव होगा : रामकृपाल

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. रेलखंड के बिहटा एवं कोईलवर स्टेशनों के बीच पाली हाल्ट पर पटना-दीन दयाल उपाध्याय मेमू और बक्सर पटना मेमू के ठहराव की अनुमति रेलवे बोर्ड द्वारा दे गई है। उक्त जानकारी बुधवार को पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और सांसद राम कृपाल यादव ने दी। बताया कि रेलवे बोर्ड नई दिल्ली द्वारा उक्त ठहराव का पत्र पूर्व मध्य रेल हाजीपुर को जारी कर दिया गया है। अभी इसकी तारीख तय नहीं हुई है। परंतु इसी माह में पाली हाल्ट पर दोनों मेमू ट्रेनों का विधिवत ठहराव शुरू करेगी। सांसद ने कहा कि इन दोनों मेमु गाड़ियों के ठहराव हो जाने से आस-पास के दर्जनों गांव के लोगों काफी लाभ हो जाएगा। श्री यादव ने कहा कि सोन किनारे के दर्जनों गांवों को इसका फायदा मिलेगा। पहले लोगों को पटना ,आरा, बक्सर और दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन जाने के लिए बिहटा से ट्रेन पकड़ने जाना पड़ता था। सांसद ने बताया कि पिछले दिनों रेल मंत्री से दिल्ली में मुलाकात कर पाली हाल्ट पर मेमू ट्रेन के ठहराव की मांग की थी। उन्होंने ठहराव की स्वीकृति देने पर पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र की जनता की तरफ से रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

वाहन चालकों ने केन्द्र को पीछे हटने पर किया मजबूर : माले

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा है कि नये मोटर वाहन अधिनियम के खिलाफ पूरे देश में वाहन चालकों ने अपने ऐतिहासिक संघर्ष के जरिए तानाशाह मोदी सरकार को पीछे हटने के लिए मजबूर करके नये साल मे तानाशाही के खिलाफ जन संघर्षों की उत्साह जनक शुरूआत की है। इस जीत पर भाकपा-माले देश के तमाम वाहन चालकों को बधाई देती है। हमारी पार्टी उनके संघर्षों के साथ कदम दर कदम खड़ी है। मोदी शासन में किसान-मजदूर विरोधी कृषि और श्रम कानूनों के बाद, इंडियन पीनल कोड में जो बदलाव किए गए हैं, वे भारत की मौजूदा स्वतंत्रता और जनता के अधिकारों के लिए अब तक के सबसे घातक खतरों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इंडियन पीनल कोड में किया गया संशोधन पुलिस को असीमित अधिकार देता है और जनता के अधिकारों का हनन करने वाला है। इसी के तहत मोटर वाहन अधिनियम में बदलाव करके एक्सीडेंट होने पर ड्राइवर को 10 साल की सजा और 7 लाख के जुमार्ने का प्रावधान कर दिया गया है। देशव्यापी प्रदर्शनों के बाद सरकार पीछे हटी है, लेकिन उसके द्वारा कानूनों को और ज्यादा दमनकारी बनाने के खिलाफ हमें 2024 मे और मजबूत एकता के साथ निर्णायक जंग में उतरना होगा। देश मे बढ़ते सड़क हादसे के लिए केवल ड्राइवर को जिम्मेदार ठहराना एकदम से अन्याय है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादातर हादसे सड़क की गलत डिजाइनिंग के चलते होती हैं। सरकार अपनी जिम्मेवारी से भाग रही है और वाहन चालकों पर नकेल कसना चाहती है।

जन सुराज के पक्ष में लामबंद हो रहे प्रदेशवासी : संजय

- प्रशांत किशोर की पदयात्रा का हर तरफ दिख रहा असर

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने कहा है कि जन सुराज के पक्ष में प्रदेशवासी लामबंद हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर की बारह जिलों के विभिन्न प्रखंडों और गांवों की पदयात्रा पूरी हो गई तथा तेरहवें जिला बेगूसराय में उनकी पदयात्रा बुधवार को प्रवेश कर गई है। अबतक प्रशांत किशोर ने चंपारण से दरभंगा तक इन बारह जिलों के सभी 37 अनुमणडलों, 211 प्रखण्डों,103 विधानसभा क्षेत्रों ,18 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के पचपन सौ गांवों की पदयात्रा पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि प्रशांत किशोर की इस पदयात्रा ने जहां एक ओर ग्रामीणों और आम नागरिकों को मोहित कर लिया है वहीं राजनीतिक दलों में हलचल पैदा कर दी है। पहले से स्थापित राजनीतिक दलों के नेताओं की पेशानियों पर बल आने लगे हैं। दर असल प्रशांत किशोर गांव-गांव पैदल-पैदल गये, लोगों से भेंट की, उनकी समस्याओं को सुना, उनकी स्थितियों का जायजा लिया और उनकी इस बदहाली के लिए नेताओं के साथ साथ आम लोगों को भी जिम्मेदार बताया। वे बताते हैं कि लोग बिहार में पांच वर्ष तक सरकार और नेताओं की जमकर आलोचना करते हैं। पर वोट देने के समय जात और धर्म याद आ जाता है। उस समय न तो लोगों को अपनी फटेहाली याद आती है और न ही अपने बच्चों का चेहरा। उन्होंने आगे कहा कि जरुरत है कि जनता जातिवादी और धर्मवादी राजनीति से ऊपर उठकर बिहार और बिहारियों की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए वोट करें। मौके पर जिला मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रवीश कुमार मिश्र, जिला प्रवक्ता ई अजय आजाद तथा डॉ मंजर नसीम मौजूद थे।

राम तो हमारे दिल में बसते हैं, जब तलब हुई सर झुका कर दर्शन कर लिए : शिवानंद

- कहा-आज राम और अयोध्या के नाम पर एक उन्माद पैदा किया जा रहा

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने कहा है कि हमारे राम तो हमारे दिल में बसते हैं। जब तलब हुई सर झुका कर अपने राम के दर्शन कर लिए। राम तो हमारे देश के कण कण में बसे हुए हैं। पता नहीं कब से हमारे देश के करोड़ों गरीबों के लिए राम का नाम ही सहारा है। दुनियावी दुख तकलीफ से राम ही बेड़ा पार लगायेंगे इस उम्मीद पर हमारी पीढ़ियों ने अपन जीवन गुजार दिया है। राम का नाम ही सत्य है, यह बोल न जाने कब से हम बोल रहे हैं। आज राम और अयोध्या के नाम पर एक उन्माद पैदा किया जा रहा है। अयोध्या और उसके आसपास होटलों का किराया लाख रुपये तक पहुँच गया है। कितनी विशेष रेल गाड़ियाँ चलाने की योजना है। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का निर्माण हो गया है। भविष्य में उस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का क्या होगा! न इस सवाल को कोई पूछने वाला है और न इसका जवाब कोई बताने वाला। इतना शोर मचाया जा रहा है कि इसमें आम आवाम का दुख तकलीफ , उनकी पीड़ा, उनके दर्द की आवाज उस शोर में गुम हो रही है। दरअसल अयोध्या में करोड़ों भारतवासियों के हृदय में विराजने वाले राम का उत्सव नहीं मनाया जा रहा है। यह एक प्रोजेक्ट है 50हजार करोड़ का। 2024 के लोकसभा का चुनाव जीतने का प्रोजेक्ट। भगवान राम सब देख रहे हैं, सब समझ रहे हैं।

डिप्टी सीएम तेजस्वी आज बोधगया में सरकारी योजनाओं का लेंगे जायजा

पर्यटन नीति सहित अन्य विभागीय योजनाओं पर होगी चर्चा

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

उपमुख्यमंत्री सह पर्यटन मंत्री तेजस्वी प्र यादव गुरुवार यानी आज बोधगया में राज्य के टूर ऑपरेटर्स एवं होटेलियर्स के साथ पर्यटन नीति पर चर्चा करेंगे। उप मुख्यमंत्री इसके साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं का स्थल निरीक्षण और उसकी समीक्षा करेंगे। उप मुख्यमंत्री सबसे पहले तिब्बत धर्मशाला, बोधगया जाएंगे जहां परम पावन बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा से आशीर्वचन प्राप्त करेंगे। इसके उपरांत उप मुख्यमंत्री महाबोधि मंदिर, बोधगया का परिदर्शन तथा महाबोधि मंदिर से जे पी उद्यान को जोड़ने से संबंधित योजना के स्थल निरीक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे। उप मुख्य मंत्री की अध्यक्षता में निमाणार्धीन स्टेट गेस्ट हाऊस का स्थल निरीक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का कार्यक्रम है। इसके बाद महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र, बोधगया में उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में टूर ऑपरेटर्स एवं होटेलियर्स के साथ बैठक आयोजित होगी। जहां वह पर्यटन नीति सहित अन्य विभागीय योजनाओं पर चर्चा होगी। उप मुख्यमंत्री इसके साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं की भी समीक्षा करेंगे।

राज्यपाल से मिलीं मॉरिशस की साहित्यकार डा सरिता बुधु

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

मौरिशस के पूर्व प्रधानमंत्री हरेश बुधु की पत्नी एवं वरिष्ठ साहित्यकार डा सरिता बुधु को बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर ने अंग-वस्त्रम एवं स्मृति भेंट देकर सम्मानित किया। डा बुधु जो मौरिशस सरकार द्वारा गठित भोजपुरी स्पीकिंग यूनियन की अध्यक्ष भी हैं, भारत-मौरिशस मैत्री संघ एवं बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ के साथ, बुधवार की संध्या राज्यपाल से भेंट की और उन्हें आगामी अप्रैल में मौरिशस में होनेवाले विश्व भोजपुरी महोत्सव में भाग लेने के लिए आमंत्रित भी किया। डा बुधु ने राज्यपाल को मौरिशस में हिन्दी और भोजपुरी के लिए हो रहे विकास कार्यों से भी अवगत कराया तथा अपनी दो पुस्तकें, कन्या दान और गीत गवई भी भेंट की। वरिष्ठ पत्रकार और वैशाली ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष शशिभूषण कुमार, राज्यपाल के विशेष कार्य पदाधिकारी सुधाकर द्विवेदी तथा पत्रकार आदिल परवेज भी उपस्थित थे।

आंदोलन के आगे दूसरी बार झुकी केंद्र सरकार : भाकपा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि तानाशाही के रास्ते पर चलने वाली केंद्र सरकार को आंदोलन के आगे दूसरी बार झुकना पड़ा है। यह ड्राइबरों की बड़ी जीत है। पहले तीन काला कृषि कानून वापस लेना पड़ा अब ड्राइबरों के आगे झुकी है। केन्द्र सरकार द्वारा लाये गये भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) में 10 साल की सजा तथा जुमार्ने के प्रावधान के बारे में वाहन चालकों की चिंता जायज है। सरकार इस काले कानून को वापस ले। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिना प्रभावित वर्ग से चर्चा और बिना विपक्ष से संवाद किये कानून बनाने की जिद लोकतंत्र की आत्मा पर निरंतर प्रहार है। भाजपा सरकार ने बिना चर्चा के ही काला कानून पारित करने के लिए संसद से 150 से अधिक सांसदों को निलंबित कर दिया।

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 89 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 12.01..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 13.01..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.01..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Renovation of Palna Ghar in Examination Building of B.P.S.C. Office, Patna for the year 2023-24.	14.58	29,200=00	2,500=00	01 माह
2	Cleaning of Water Storage Tank of Different Residence Under Polo Road Section, Patna for the year 2023-24.	1.00	2,000=00	500=00	01 माह

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना
PR- 014574 (BCD) 2023-24
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1
भवन निर्माण विभाग, पटना
अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–52 वर्ष 2023–24

विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य करने हेतु आपूर्तिकर्त्ताओं, एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदकों से मुहरबंद कोटेशन दिनांक–11.01.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है।

कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0 1 एवं 2, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय होगा।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता के साथ स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या या वेवसाइट https://state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

S.No.	Name of Work	Time of Completion
1	SITC of VRV/VRF Cassette Air Conditioning system in Hon'ble Governer Chamber at Raj Bhawan, Patna	10 Days
2	SITC of VRV Air Conditioners for the Industrial Tribunal (6th Floor Block-D) at Niyojan Bhawan, Bailey road, Patna	20 Days
3	Annual Operation & Maintenance of Air -Conditioning System at Meeting Hall at 04 No. Deshratan Marg, Patna	One Year

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना

संक्षिप्त खबरें

झंझारपुर पहुंचे उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, किया सभा को संबोधित

मधुबनी बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव मधुबनी जिला के झंझारपुर पहुंचे मूर्ति अनावरण में पूर्व राज्यसभा सांसद रामदेव भंडारी की मूर्ति अनावरण के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहें बेरोजगारी भुखमरी और महंगाई सबसे बड़ा दुश्मन सामाजिक न्याय के साथ साथआर्थिक मदद देने की कोशिश की जा रही है उपमुख्यमंत्री ने कहा महागठबंधन सरकार की डेढ़ साल हुआ है नीतीश कुमार के नेतृत्व में नौकरी की बहार है दू लाख से अधिक शिक्षकों की नौकरी एवं अन्य विभागों में लाखों नौकरी मैंने दिया है और आगे भी देंगे पार्टी के कहीं दिगर नेता रहे हैं मौके पर मौजूद।

35 लाख के जेवर के साथ यूपी से अपहृत युवती समस्तीपुर स्टेशन से हुई बरामद, आरोपी हुआ फरार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश से अपहृत युवती को समस्तीपुर आरपीएफ की टीम ने इंटरसिटी एक्सप्रेस से बरामद किया। युवती के पास से लगभग 35 लाख के जेवर सहित 27 हजार रुपए नकद भी बरामद किया गया है। युवती के बरामद होने की सूचना पर पहुंची यूपी पुलिस को युवती एवं जेवर व नकदी सुपुर्द कर दिया गया। हालांकि आरोपी फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ जिले के रौनापार थाना में एक युवती के अपहरण किए जाने की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। जिसके बाद यूपी पुलिस युवती की तलाश शुरू की। इसी दौरान युवती का लोकेशन समस्तीपुर स्टेशन मिलने पर यूपी पुलिस ने तत्काल समस्तीपुर आरपीएफ को इसकी सूचना दी।

साथ ही अपहृत युवती की तस्वी को शेयर किया। जिसके बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर वेद प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह, आरक्षी संगीत कुमार राजू, महिला आरक्षी निधि आदि के द्वारा स्टेशन पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी कड़ी में स्टेशन पर खड़ी दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी दौरान अपहृत युवती को उक्त ट्रेन से सकुशल बरामद कर लिया गया। साथ ही उसके लेडिज पर्श से 27 हजार नकदी सहित सोने का लगभग 35 लाख रुपए मूल्य के जेवर भी बरामद किया गया। इसके बाद इसकी सूचना यूपी के रौनापुर थाना को दी गयी। सूचना पर पहुंची रौनापुर थाना केजांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर मधुसूदन मिश्रा एवं उसके साथ पहुंचे परिजनों को युवती सुपुर्द कर दिया गया। इसके बाद यूपी पुलिस ने बरामद युवती व लाखों के जेवर के साथ आजमगढ़ की ओर रवाना हो गयी।

राजू रंजन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

प्रात : किरण संवाददाता

पतरघट/सहरसा। जिला के प्रखंड पतरघट में राजू रंजन स्मृति भवन के प्रांगण पतरघट में शौक श्रद्धांजलि अर्पित किए गए जिस में कथा वाचक साधु संत भी कई जगहों से पहुंचे। तरह-तरह के प्रवचन करते हुए संत प्रेमियों को बताया गया, कि जन्म और मृत्यु यह सच है संसार में जिसका जन्म हुआ है मृत्यु भी अवश्य है। इसलिए कथावाचक ने कहा कि बहुत कठिन मनुष्य तन पावा सुरू दूर लव यही ग्रंथ ही गावा। आए हुए व्यक्ति ने काफी शौक संबेदना व्यक्त किए। राजू रंजन जी बहुत ही समाज से जुड़े हुए थे। एवं स्वभावशील व्यक्ति थे। वह इंजीनियर के पद पर भी थे। जीवन ज्योति भाई थे। पत्नी बिंदु कुमारी और दो पुत्री कृति कुमारी,नेयांसी कुमारी,पुत्र अंकुर रंजन श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौकेपुर मौजूद राष्ट्रीय जनता दल के जिला किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सतनारायण यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र राणा, सरपंच विष्णु देव यादव, पूर्व जीप सदस्य रविंद्र यादव, पूर्व मुखिया मनोज पासवान, लाल यादव, मनोज यादव, सुभाष जी, सज्जन जी, मोहम्मद कुदूष, हरि नंदन यादव, सुरेश यादव, डोमी पासवान, एवं अन्य गण मन लोग मौजूद रहे।

इंडिया यूथ गेम्स में खिलाड़ियों को डीएम ने दिया मेडल

प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय खुरहान के मैदान में आयोजित दो दिवसीय खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 का समापन जिला पदाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर किया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य लोगों को संबोधित करते हुए डीएम विजय प्रकाश मीणा ने कहा कि खेल से तन स्वस्थ रहेगा तो मन स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में खेल मैदान का चयन किया गया है एवं उसे विकसित करने का कार्य किया जाएगा साथ ही स्कूल के मैदान को भी विकसित किया जा रहा है क्योंकि बच्चों को खेलना बहुत आवश्यक है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी बच्चों को रुचि होनी चाहिए खेल में ध्यान देना, निरंतर व्यायाम करना, योगा करना इससे शरीर स्वस्थ रहता है इस वजह से छात्र-छात्राओं को खेल से जुड़ना आवश्यक है। खेल अनुशासन सीखत है खेल के माध्यम से लोग नए-नए कृतिमान गढ़ रहे हैं एवं अच्छे-अच्छे पदों पर आसीन हो रहे हैं जिले में एथलेटिक्स का कार्यक्रम चल रहा है। कबड्डी का आयोजन जिला में किया जाएगा साथ ही इंडर स्टेडियम को भी ठीक किया गया है जिससे जिले में खेल को बढ़ावा मिल सके। खेलने से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है जो उनके पढ़ाई लिखाई में भी प्रतिस्पर्धा लाता है। वहीं जिला पदाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने खुरहान पंचायत स्थित नव निर्मित मनरेगा भवन का एवं आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया वही इस दौरान खेल में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं पारितोषिक जिला पदाधिकारी ने दिया। मौके पर उपस्थित सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता मुरारी प्रताप ने कहा कि उनका लगाव इस धरती से रहा है एवं यहीं से सरकारी स्कूल से पढ़ कर उन्होंने आज अपनी मंजिल को पाया है इसलिए उनके द्वारा इस सुदुर देहात में गरीब बच्चों को खेल के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है जो आगे राज्य एवं देश का नाम रोशन कर सके। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी एस जेड हसन, डी पी आर ओ मधेपुरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार , बी डी ओ निशांत कुमार, आर ओ सोरभ कुमार, मुखिया मंजु देवी, थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ,जद यु प्रखण्ड अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, मुखिया रमेश कुमार रमण सहित अन्य पदाधिकारी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर प्रखंड प्रमुख के खिलाफ दिए आवेदन में पंचायत समिति के संचालन हेतु गठित पंचायती राज अधिनियम का उल्लंघन करते हुए ससमय पंचायत समिति की बैठक नहीं बुलाए जाने एवं बैठक के बाद अपना मनोकूल प्रस्ताव कार्रवाई पुस्तिका में अंकित करने, पंचायती राज अधिनियम का उल्लंघन करते हुए स्थाई समितियां को मनमानी पूर्ण गठन करने, प्रखंड पंचायत समिति की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी पंचायत समिति सदस्यों को नहीं दिए जाने, वित्त अंकेक्षण एवं योजना समिति के द्वारा गुपचुप तरीके से योजना का चयन कर क्रियान्वयन करने, अपने पद का दुरुपयोग कर कर्मचारी पदाधिकारी को भयभीत करने, समिति के निधि का दुरुपयोग कर अपने निजी लाभ का में उपयोग करने सहित नौ सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा। हस्ताक्षर युक्त आवेदन में अंजू देवी, दीपक चौधरी, अमरजीत पासवान, तारिणी पासवान, गंगा देवी, रुबी गुप्ता, सीमा भारती, किशन कुमार, कैलाश शाह, अरुण कुमार, मोहम्मद रुस्तम, अर्चना कुमारी, आशा देवी, मंजू बाला, सोनी देवी, सुधा कुमारी, निरंजन कुमार, हरेराम साह, फरजाना खातून, तेज नारायण ठाकुर, मोहम्मद शाहजहां, सुमन कमती, सुनीता देवी, छेदी यादव के हस्ताक्षर थे।

पूजित अक्षत निमंत्रण वितरण का कार्यक्रम हुआ प्रारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा विश्व हिंदू परिषद सह जिला मंत्री राजीव प्रकाश मधुकर के अध्यक्षता में आज दरभंगा नगर के लहरिया सराय बड़ा बाजार में अयोध्या से आए पूजित निमंत्रण हेतु राम भक्तों के घर तक पहुंचे कार सेवक के साथ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के आजीवन हित चिंतक एवं दरभंगा जिला में शिला पूजन कार्यक्रम के नेतृत्व करने वाले महादेव जयसवाल कार सेवक अशोक खटीक राम मनोहर प्रसाद उपस्थित हुए वही इस मौके पर आज दारू भट्टी चौक राम जानकी मंदिर के प्रांगण में पूजित अक्षत का वेद मंत्र के साथ उच्चारण कर पूजा अर्चना किया गया एवं राम लक्ष्मण सीता हनुमान जी स्वरूप मूर्ति का पूजन एवं सामूहिक आरती महादेव जयसवाल के द्वारा किया गया वह इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के सह जिला मंत्री राजीव प्रकाश मधुकर के द्वारा आजीवन हित चिंतक विश्व हिंदू परिषद के महादेव जयसवाल जी को भगवा वस्त्र एवं जज राय तिलक लगाकर सम्मानित किया गया वहीं मनीष सिंह राणा विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष के द्वारा कर सेवक अशोक खटीक को सम्मानित किया गया वहीं बजरंग दल के पूर्व संयोजक वर्तमान बीजेपी के कार्यकर्ता अजीत नारायण मानना जी के द्वारा कर सेवक राम मनोहर प्रसाद जी को भगवा वस्त्र देकर सम्मानित किया गया वही इस मौके पर बाल काले के रूप में राम लक्ष्मण भरत हनुमान के साथ महादेव जयसवाल जी राम भक्तों के यहां आमंत्रण देने पहुंचे!!! वह इस मौके पर महादेव जयसवाल जी ने सभी देशवासियों को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में भव्य मंदिर निर्माण एवं कर सेवक जो बलिदान हुए उनके परिवार को शुभकामना देते हुए कहा भारत राम राज्य की ओर अग्रेश्वर हो चुका है भारतीय सनातनियों का 500 साल का संघर्ष एवं कार सेवकों का बलिदान हुआ सफल आगामी पोस शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 सोमवार दिनांक 22 जनवरी 2024 के शुभ दिन प्रभु श्री राम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि पर बना रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भ गिर में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी यह बहुत ही सौभाग्य की बात है यह कार्यक्रम विश्व स्तर पर पूरे विश्व में किया जा रहा है और राम जन्मभूमि ट्रस्ट तीर्थ क्षेत्र के द्वारा सुनिश्चित किया कार्यक्रम 17 जनवरी को मूर्ति के साथ अयोध्या धाम में भव्य शोभायात्रा निकल जाएगी।

डीएम ने किया मुक्तापुर मोईन का स्थल निरीक्षण

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिला पदाधिकारी योगेंद्र सिंह के द्वारा कल्याणपुर अंतर्गत मुक्तापुर मोईन का स्थल निरीक्षण किया गया। पहले यह मत्स्य विभाग को हस्तांतरित किया गया था। वर्तमान में इसकी बंदोबस्ती कल्याणपुर प्रखंड मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड के सदस्यों के साथ की गई है। जिसके ग्रुप लीडर विजय सहनी हैं। मुक्तापुर मोईन में मत्स्य विभाग की ओर से केज कल्चर का अधिस्थापन किया गया है। जिला मत्स्य पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि केज कल्चर से मत्स्य पालन करने से कम लागत में अधिक मुनाफा होता है। इस अवसर पर उपस्थित विधान पार्षद डा तरुण कुमार के द्वारा इसमें मछली छोड़ा गया। लघु सिंचाई प्रमंडल समस्तीपुर द्वारा मुक्तपुर मोईन का जीणोर्धार कार्य किया जाना है। कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई के द्वारा बताया गया की इस जीणोर्धार की प्राक्कलित राशि 178.143 लाख है। इस योजना के तकनीकी वीड का निष्पादन किया जा चुका है तथा वित्तीय वीड 5 जनवरी के बाद खुलेगा। उन्होंने बताया की अंचल अधिकारी कल्याणपुर के द्वारा इसकी नापी कराई जा चुकी है। जिला पदाधिकारी के द्वारा अंचल अधिकारी कल्याणपुर से समन्वय स्थापित कर इसकी उड़ाही कराने का निर्देश दिया गया। बताते चलें कि उड़ाही किए जाने वाले क्षेत्र का रकवा 59 बीघा के लगभग है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि लघु सिंचाई प्रमंडल के द्वारा कराए जाने वाले उड़ाही के फलस्वरूप जहां मिट्टी डाला जायेगा , उस भाग में प्रथम चरण में पौधारोपण कार्य किया जायेगा। इसके पश्चात इसका सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा। जिला पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित तीनो विभागों पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर द्रुत गति से कार्य करते हुए इस जगह को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया गया।

सावित्री एवं रवि को श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा । ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में आधुनिक भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले एवं बीएनएमयू के संस्थापक कुलपति प्रो. रमेंद्र कुमार यादव ह्यरविह्न का जन्मोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सेहत केंद्र के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अर्थपाल डॉ. मिथिलेश कुमार अरिमर्दन ने कहा कि सावित्री बाई फुले एवं डॉ. रमेंद्र कुमार यादव ह्यरविह्न दोनों ने शिक्षा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है कि डॉ. रवि हमारे प्रधानाचार्य रहे हैं। उन्होंने प्रधानाचार्य के रूप में ही विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति की जिम्मेदारी संभाली थीं।

दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि युवाओं को अपने समाज एवं राष्ट्र के महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने की जरूरत है। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में महिला शिक्षा का काफी विकास हुआ है। इस अवसर पर शोध छात्रा संगीता कुमारी, शोध छात्र अमर कुमार, हेमंत कुमार, मंटू कुमार, राकेश कुमार, सिंटू कुमार, विकास कुमार, प्रेमचंद कुमार, आरती कुमारी, नीलू कुमारी, बेबी कुमारी, लवली कुमारी, बबली कुमारी, डेजी कुमारी, प्रियंका कुमारी, मौसम कुमारी, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

शीघ्र लगेगी डॉ. रवि की आदमकद प्रतिमा : शंभु नारायण यादव

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा । डॉ. रवि एक सुप्रसिद्ध विद्वान, स्वाभिमानी शिक्षक, कुशल प्रशासक, लोकप्रिय राजनेता एवं सहृदय इंसान थे। उन्होंने कोसी-सीमांचल के शिक्षा, साहित्य एवं राजनीति में अविस्मरणीय योगदान दिया है। यह बात कुलपति के निजी सहायक शंभु नारायण यादव ने कही। वे मंगलवार को पूर्व सांसद (लोकसभा एवं राज्यसभा) एवं बीएनएमयू, मधेपुरा के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर डॉ. रमेन्द्र कुमार यादव रवि के जन्मोत्सव समारोह का संचालन कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति कार्यालय परिसर में डॉ. रवि विचार मंच के तत्वावधान में किया गया। उन्होंने कहा कि डॉ. रवि मंच के प्रयास से विश्वविद्यालय में डॉ. रवि की आदमकद प्रतिमा हेतु स्थल चिह्नित हो गया है। शीघ्र ही कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। मुख्य अतिथि डीएसडब्ल्यू प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि डॉ. रवि का प्रदेश एवं देश की राजनीति में उनका एक विशिष्ट स्थान था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने कहा कि डॉ. रवि शैक्षणिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संगठनों में भी कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। वे बुद्धिजीवी विचार मंच के अध्यक्ष, राष्ट्र भाषा परिषद् के सदस्य, बिहार मैथिली अकादमी के सदस्य, राज्य भाषा समिति के सदस्य एवं हिन्दी साहित्य सम्मेलन, मधेपुरा के अध्यक्ष रहे। उन्होंने कई पुस्तकों की रचना की है। इनमें परिवाद, आपातकाल क्यों, लोग बोलते हैं, बातें तेरी कलम मेरी, बढ़ने दो देश को आदि प्रमुख हैं। कर्मचारी संघ के संतोष कुमार एवं संजीव कुमार ने कहा कि पूरा विश्वविद्यालय परिवार और कोसी-सीमांचल की जनता डॉ. रवि की ऋणि है। धन्यवाद ज्ञापन उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने की। इस अवसर पर सीसीडीसी डॉ. इम्तियाज अंजूम, विकास पदाधिकारी डॉ. ललन प्रसाद अद्री, वित्त पदाधिकारी अरूण कुमार गुप्ता, डॉ. मो. अबुल फजल, डॉ. शंकर कुमार मिश्र, डॉ. विजेन्द्र नारायण यादव, आदि उपस्थित थे। अंत में सबों ने दो मिनट का मौन रखकर डॉ. रवि को अश्रुपुरित नेत्रों से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

समस्तीपुर के पटोरी नगर परिषद क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी

कार्यक्रम में आम जनता ने सुना प्रधानमंत्री का वीडियो संदेश

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर। भारत सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्राह्न बुधवार (03-01-23) को समस्तीपुर जिले के पटोरी नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जारी रही। जिले के विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में यह यात्रा 6 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। इसके अंतर्गत प्रत्येक दिन दो स्थानों पर विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। समस्तीपुर जिले के नगरीय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के नवें दिन बुधवार को पटोरी नगर परिषद क्षेत्र के स्टेडियम के पास वार्ड संख्या 21 तथा जगदंबा स्थान वार्ड 21 के निकट आम जनता के बीच यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिस्प्ले वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का विकसित भारत के संकल्प का वीडियो संदेश चलाया गया। जिसे आम जनों द्वारा देखा गया। साथ ही साथ कार्यक्रम में उपस्थित आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बैंक द्वारा भारत सरकार द्धारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। साथ ही उज्जवला योजना के लिए पंजीयन भी किया गया। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न रथ को देख कर आम जनता में विशेष उत्साह देखा गया। यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालो को सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने को लेकर शपथ दिलाई गयी । इसके साथ ही पटोरी नगर परिषद के अंतर्गत रथ के साथ कार्यक्रमों की समाप्ति हो गई है, कल विकसित भारत संकल्प यात्रा मुसरी घरारी नगर परिषद में प्रवेश करेगी, उसके बाद दलसिंहसराय, सिंघिया तथा रोसड़ा नगरीय क्षेत्रों में रथ पहुंचेगा।

बदमाशों ने वृद्ध को गोली मारकर किया घायल, बतायी जा रही है पुरानी रंजिश

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दुधपुरा में मंगलवार की रात पुरानी रंजिश में बदमाशों ने एक वृद्ध को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिन्हें इलाज के आनन-फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें डीएमसीएच रेफर कर दिया। घायल की पहचान कपूर्रीग्राम थाना क्षेत्र के राजखंड निवासी घुरन पाल (80 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं इस घटना के बाद कपूर्रीग्राम व मुफ्फसिल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के सम्बन्ध में घायल के परिजनों ने बताया कि गांव के ही एक परिवार से उनका पुराना विवाद चल रहा है। कुछ महीनों पूर्व दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति के ऊपर तेजाब फेंका गया था। इसको लेकर थाना में मामला भी दर्ज हुआ था। जिस आरोप में घुरन पाल का बेटा व पोता दोनों बंद हैं। उसी घटना के प्रतिशोध में उनलोगों ने मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत अपने बथान पर सोए हुए घुरन पाल को गोली मार दी। बताया गया कि बदमाशों ने उन्हें दो गोली मारी है। एक उनके बाएं आंख में, एक दाहिने हाथ में पर गोली लगी है। इस सम्बन्ध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक इस घटना को लेकर कोई आवेदन उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद विधि सम्मत उचित कार्रवाई की जाएगी। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने छापेमारी कर घटना को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है। जिससे पुलिस टीम पूछताछ कर रही है। हालांकि जांच प्रभावित होने की बात कह पुलिस कुछ भी कहने से बच रही थी।

सहरसा के पटेल मैदान में आज से शुरू होगा खादी मेला-सह-उद्यमी बाजार

प्रात : किरण संवाददाता

- खादी वस्त्रों एवं बिहार निर्मित सामानों के लगेंगे स्टॉल,रोजगार के नए-नए अवसर मिलेंगे

सहरसा। बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा निरंतर उद्योग मेला के माध्यम से बिहार से जुड़े हुए खादी एवं अन्य उद्यमियों को बढ़ावा देने का सतत प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में सहरसा जिला में राज्य स्तरीय खादी मेला सह उद्यमी बाजार लगाया जा रहा है जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी श्री वैभव चौधरी द्वारा किया जाएगा। यह मेला 4 जनवरी से 13 जनवरी 2024 तक चलेगा। 10 दिवसीय चलने वाला यह मेला सहरसा ज़िला के पटेल मैदान में लगाया जाएगा जिसमें पूरे राज्य की 100 से अधिक खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थाएं भाग लेंगी। खादी संस्थानों के अलावा हैंडलूम और हथकरघा,मुख्यमंत्री उद्यमी योजना,जीविका आदि योजनाओं के तहत अपना उद्योग चला रहें उद्यमियों को भी मेला में अपनी सामग्रियों को प्रदर्शित करने और बेचने का अवसर प्रदान किया गया है। उद्यमी बाजार में सहरसा जिला के मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभार्थियों को भी अपने द्वारा तैयार माल को प्रदर्शित एवं बिक्री करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।इसके लिए जिला उद्योग केंद्र,सहरसा द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के सभी लाभुकों को सूचित कर दिया गया है। बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप कुमार ने इस संबंध में बताया कि खादी मेला में गोपालगंज, सिवान, मधुबनी, भागलपुर, गया, बांका सहित राज्य के सभी जिलों की खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थानों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस राज्य स्तरीय मेले के आयोजन का मुख्य उदेश्य जिले समेत पूरे राज्य में खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के साथ खादी को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचाने का है।मेले से होने वाले लाभ से भी लोगों को अवगत कराते हुए रोजगार के नए-नए अवसर की जानकारी दी जाएगी।

लंबे अरसे के बाद सपना हुआ साकार

प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 में नाली व पीसी ढलाई निर्माण कार्य प्रगति पर है जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। बता दे की रामानंद झा घर से गुड्डू महाराज के घर तक नाली निर्माण व पीसीसी ढलाई का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वार्ड पार्षद के अथक प्रयास से नाला व सड़क निर्माण किया जा रहा है जिससे वार्ड के लोगों में खुशी देखा जा रहा है। वही इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि सर्वेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ सर्वेश बाबू ने बताया कि नगर पंचायत का विकास ही मेरा पहली प्राथमिकता है। वही इस दौरान उन्होंने बताया कि मैंने जो चुनाव के समय में वादा किया था मैं हरसंभव वादा पूरा करने का काम करूंगा। विकास ही मेरा पहली प्राथमिकता है। वही इस दौरान उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के लगभग सभी वार्डों में विकास का कार्य तेजी से चल रहा है। नगर पंचायत के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगने से अंधकार को मिटाने का काम किया जा रहा है। लगभग सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट का कार्य पूर्ण हो गया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के जगह-जगह पर टावर लाइट लगने का काम पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि बिचोलिया मुक्त विकास किया जाएगा। मोके पर महेश मोहन झा उर्फ अमर झा, मणिकांत झा, सोनू चौधरी, सुनील कुमार झा, रामविलास चौधरी, सौरभ कुमार, राधव कुमार आदि लोगों में हर्ष व्यक्त किया।

संक्षिप्त खबरें

फातिमा जेहरा का जन्म दिवस मनाया गया

मुजफ्फरपुर।विधानपार्षद संजय कुमार सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह तथा तंजीम-ए-इंसाफ के जिला संयोजक शब्बर हसन ने संयुक्त बयान जारी कर पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की बेटी हजरत फातिमा जेहरा के जन्मदिन पर इस्लाम धर्मावलंबियों को शांति, भाईचारा और आपसी अख्लाक कायम रखने का अपील किया। इन्होंने कहा कि हजरत फातिमा जेहरा एक आदर्श नारी थी तथा उनमें मानवता के सारे गुण विद्यमान थे। उनके आदर्शो पर चलकर समाज में अमन-चैन तथा वतन की तरक्की के पैगाम को कायम रखा जा सकता है।

विद्यालयों की समय सारिणी में बदलाव की मांग

मुजफ्फरपुर। शिक्षा एवं सूचना के अधिकार फोरम के संयोजक मो. इश्तियाक ने डीएम को पत्र लिख कर जिले के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों की समय सारिणी में बदलाव की मांग की है। डीएम को लिखे पत्र में उन्होंने लिखा है कि ठंढ एवं घने कोहरे के इस मौसम में सुबह में दृश्यता प्रायः शून्य रह रही है।ऐसे में छात्रों को स्कूल जाने में काफी कठिनाई होती है। सड़क दुघर्टना की भी सम्भावना रहती है। उन्होंने छात्र हित मे सभी श्रेणियों के विद्यालयों के पठन -पाठन समयावधि को मौसम के अनुकूल परिवर्तित करने के लिए जिलाधिकारी से आदेश जारी करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि तत्काल मौसम को देखते हूए विद्यालय समयावधि को प्रातः 10 बजे से से 3 अथवा 4 बजे अपराह्न तक किया जाना श्रेयस्कर होगा।

मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाशों को ग्रामीणों ने दबोचा

बोचहां। थाना क्षेत्र नेशनल हाईवे मुरादपुर फ्लाईओवर के समीप बुधवार की दोपहर में साइकिल सवार एक व्यक्ति का मोबाइल छीनकर भाग रहे दो उच्चकों को लोगों ने रंगेहाथ दबोच लिया। पिटाई करने के बाद दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना को लेकर चौमुख गांव निवासी रामप्रीत पासवान ने बताया कि वह डॉक्टर की गाड़ी चलाने का काम करता है। साइकिल से घर वापस जा रहा था। इस दौरान मुरादपुर फ्लाईओवर के समीप बाइक सवार दो बदमाशों ने पॉकेट से मोबाइल निकाल लिया और भागने लगा, शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने भाग रहे उचक्के को खदेड़ कर पकड़ा। इस घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति से पूछताछ की और बाइक को जप्त कर आरोपित को अपने साथ थाने ले गई।

नगर निगम के द्वारा कुछ जगहों पर की गई अलाव की व्यवस्था

दरभंगा। कार्यालय तीन दिनों से चल रही हाड़ कापने वाली ठंड से लोगो का जीवन अस्त व्य+ास्त हो गया है। खास करके गरीब एवं मजदूरी करने वाले लोगों का जीवन इस भीषण ठंड को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस ठंड की बचाव बचाव को लेकर दरभंगा के जिला पदाधिकारी राजीव रोशन के द्वारा दरभंगा नगर आयुक्त को शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर लकड़ी का लाभ जलाने का निर्देश दिया जा चुका है परंतु दरभंगा नगर निगम के द्वारा चेक स्थान पर पर ही बुधवार की देर शाम तक अलाव की व्यवस्था की गई है मां की स्थान पर लोग अलार्म के लिए तरस रहे हैं और प्रशासन की ओर निगाहें बिठाकर इंतजार कर रही है की कब इस चौक पर अलाव की व्यवस्था की जाएगी खास करके रहमगंज ,नाका नंबर 6 ,लाइट हाउस सिनेमा, बेलवागंज, बेता,अल्प्टी , मेडिकल चौक लहरिया सराय बस स्टैंड पर अलाव की व्यवस्था अब तक नहीं हुई है जिसके कारण लोग इस भीषण ठंड से ठुठुर रहे हैं

युवतियों एवं महिलाओं को स्वरोजगार हेतु दिया गया कौशल विकास का प्रशिक्षण

मधुबनी गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर के निदेर्शानुसार मधुबनी जिले में अवस्थित 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर की बाह्य सीमा चौकी कमला में गृह मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के तहत वाहिनी के टेलर के सहायता से चलाये जा रहे 30 दिवसीय सिलाई-कटाई प्रशिक्षण का समापन समारोह चंद्र शेखर द्वितीय कमान अधिकारी की उपस्थिती में आयोजित किया गया। इसके तहत 20 सीमावर्ती युवतियों एवं महिलाओं को स्वरोजगार हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण दिलाया गया। इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों एवं महिलाओं में स्वयं रोजगार को बढ़ावा देना है।

भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार चला रही है अभियान

- सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार सिरप किया जप्त

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी हरने के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक और कामयाबी मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर सहायक उप-निरीक्षक विशन लाल की अगुवाई में अन्य जवानो के साथ रोजाना गस्ति दल के दौरान की गयी कार्यवाही में भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 280/31 से 100 मी० भारतीय क्षेत्र की तरफ भारतीय क्षेत्र से नेपाल में ले जाई जा रही टीप्रोलिडीन हाइड्रो क्लोराइड और कोडीन फोस्फेट सिरप एकसिपलोनन की 200 बोतलों 100 एम एल को जब्त किया गया। जप्त किए गए टीप्रोलिडीन हाइड्रो क्लोराइड और कोडीन फोस्फेट सिरप एकसिपलोनन की 200 बोतलों 100 एम एल को अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस थाना हरलाखी को सुपुर्द कर दिया गया है। भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा चन्द्र शेखर द्वितीय कमान अधिकारी कार्यवाहक कमडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाया जा सके।

एक ही विद्यालय के 14 अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्रवाई से हड़कंप

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सकरा प्रखंड के एक प्लस टू स्कूल में एक साथ अनुपस्थित 14 शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। शिक्षा विभाग द्वारा एक साथ कई शिक्षकों पर बड़ी कारवाई की गयी है। अनुपस्थित सभी 14 शिक्षकों एवं एक आदेशपाल के वेतन भुगतान पर रोक लगा दिया गया है। मामला सकरा प्रखंड के बलिराम उच्च माध्यमिक विद्यालय का है। जहाँ बीते 30दिसम्बर को एक साथ 14शिक्षक और एक आदेशपाल अवकाश पर थे।लिहाजा छात्र स्कूल से लौटने लगे।यह देख किसी अभिभावक ने इसकी शिकायत अपने मोबाइल से मैसेज भेज जिला शिक्षा पदाधिकारी से कर दी। डीईओ ने तुरंत संज्ञान लेते हुए इस मामले की जांच का आदेश दिया।मामला सही पाए जाने के बाद विद्यालय के सभी अनुपस्थित शिक्षको का एक दिन का वेतन काटते हुए स्सापष्टीकरण पूछा गया है। बताते चलें कि विभाग पहले ही विद्यालयों के हेडमास्टर को यह सूचना दे चुका है कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालयों में कार्यरत कुल शिक्षकों का 10 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों को छुट्टी नहीं दी जानी है। इसकी अवहेलना करते हुए हेडमास्टर ने 30दिसम्बर को 14 शिक्षक और एक आदेशपाल को अवकाश की स्वीकृति दे दी थी।। जिसके बाद जिले के शिक्षा विभाग ने इन 14 शिक्षकों एवं आदेशपाल पर कार्रवाई करते हुए सभी के वेतन पर रोक लगा दिया है।डीईओ ने प्रभारी प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश समेत शिक्षिका मिथिलेश कुमारी ,विनीता कुमारी ,संजु कुमारी , मधुलिका ,मंजर हसन ,भूषण कुमार ,रूपम कुमारी ,वीणा कुमारी ममता तिवारी , ब्रह्मदेव ठाकुर , संजीव शर्मा , राजीव रंजन ,नंदन कुमार , संजय चंद्र मिश्र , एवं त्रिलोक कुमार का एक दिन का वेतन स्थगित करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है।

आज न्यूनतम तापमान हुआ 8 डिग्री सेल्सियस

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुरं। आज का दिन इस मौसम का सर्वाधिक ठंडा दिन रहा।आज न्यूनतम तापमान घटकर 8डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो इस मौसम में आज तक का सर्वाधिक कम तापमान रहा। अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई ।आज का अधिकतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस रहा।जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार, आज अधिकतम तापमान 20.2 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान सामान्य से 1डिग्री कम 8. डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सुबह मे सापेक्ष आर्द्रता 99प्रतिशत और दोपहर बाद घटकर 69 प्रतिशत हो गई। उत्तरी हवा की गति 4.8किमी प्रति घंटा रही। सुबह में हल्का कुहासा छाया रहा।11बजे दिन के बाद धूप निकली लेकिन आसमान में हल्का बादल छाए रहने के कारण लोगों को धूप की गर्मी का एहसास नहीं हुआ।

निशक्त एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार पटना बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय वाटसन उच्च विद्यालय में दिनांक 18 जनवरी 2024 को निशक्त एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा इसमें शारीरिक दिव्यांग मंदबुद्धि दृष्टिहीन बहरा गूंगा कोटि के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं जानकारी देते हुए वरीय उपसमाहर्ता सह जिला खेल पदाधिकारी मयंक सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अधिकतम 30 वर्ष की आयु के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं उन्हें योग्यता प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड लगाकर दिनांक 10 जनवरी से 15 जनवरी के बीच खेल भवन सह व्यायामशाला भवन में अपना फार्म जमा करना होगा।

भू माफियाओं के विरुद्ध जिलाधिकारी के तेवर कड़े

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा शहर में भू माफिया बड़े पैमाने पर अवांछित गतिविधियां बढ़ने लगी है लगी है। आये दिन शिकायत मिल रही है कि भू माफियाओं के द्वारा गरीब के जमीन को जबरन कब्जा कर उसे बेच दिए जाते हैं अब भू माफिया शहर के तालाब पोखरो को भी हड़पने से भी वाज नही आ रहे है।

हर अपने से बात नहीं आ रहे है जिसकी शिकायत जिला पदाधिकारी को मिलते ही दरभंगा के जिला पदाधिकारी राजीव रौशन अब भू-माफिया के विरुद्ध तेवर में देखे जा रहे हैं। लगातार भूमाफियाओं के द्वारा जिले में अवैध रूप से किए जा रहे जमीन पर कब्जा को लेकर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए भू माफिया के द्वारा जो सरकारी एवं गैर सरकारी तालाब व पोखरो को भरकर बेचने का काम करते हैं उसके विरुद्ध करी कार्रवाई की जाएगी। मामला जिले के विश्वविद्यालय थाना अंतर्गत नीम पोखर मुहल्ला का है जहां एक तालाब को भरकर स्वरूप बदला जा रहा है जो मामला दरभंगा अपर समाहर्ता के न्यायालय मैं जमाबंदी रद्द करने का मामला चल रहा है परंतु कुछ भूमाफिया के द्वारा रातों-रात पोखर को भर दिया गया जिसकी जानकारी जिला पदाधिकारी को मिलते ही की सदर सी ओ को जांच कर अतिक्रमित किए गए पोखर को मुक्त करने का निर्देश दिए इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बल सहित दंडाधिकारी प्रतिनियुक्ति की गयी ज्ञात होगी तालाब एवं पोखरो को भरने को लेकर राज्य सरकार की ओर से पाबंदी है और न्यायालय भी समय-समय पर इस मुद्दे पर कड़ा रुखअपनाती रहती है जबकि सरकार के द्वारा जल स्त्रोत को बढ़ावा एवं हरियाली को लेकर एवं पोखरो कीभराई पर पूर्णतः पाबन्दी है फिर भी भूमाफियाओं के द्वारा शहर के दर्जनों तालाब एवं पोखरों को भरकर बेच दिए गए हैं

आज आयोजित होगी केवाईपी संवाद-सह-समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा श्रम अधीक्षक, दरभंगा राकेश रंजन द्वारा बताया गया कि 04 जनवरी 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से दरभंगा ऑडिटोरियम, दरभंगा में सामान्य प्रशासन-सह-श्रम संसाधन विभाग के प्रधान सचिव, डॉ. बी. राजेन्दर की अध्यक्षता में बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित कुशल युवा कार्यक्रम में राज्य के युवाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु के वाई पी संवाद-सह-समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में दरभंगा प्रमण्डलीय आयुक्त मनीष कुमार, जिलाधिकारी, दरभंगा, समस्तीपुर और मधुबनी के साथ-साथ जिला नियोजन पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र के पदाधिकारी, जिला कौशल प्रबंधक एवं कौशल विकास केन्द्रों के संचालक भी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा किया जाना है, जिसमें अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, मिशन निदेशक, मिशन प्रबंधक, वित्त एवं लेखा के साथ राज्य प्रबंधन इकाई में कार्यरत पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती गायघाट प्रखंड के लदौर पंचायत के पूरा ननकार स्कूल पर जिला पार्षद जीतेंद्र यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन शहीद पिंटू सहनी सामाजिक संस्था द्वारा किया गया जिसका संचालन वरिष्ठ पत्रकार दिनेश सहनी आजाद गांधी ने किया।इस अवसर पर संबोधित करते हुए जदयू नेता प्रभात किरण ने कहा कि जब तक महिलाएं शिक्षा का महत्व नहीं समझेगी देश का विकास संभव नहीं है। उन्होने महिलाओं को सरकार के शिक्षा से जुड़े कार्यक्रमों से जुड़ने का आह्वाहन करते हुए कहा कि महिलाओं और वंचित वर्ग में जागरूकता लाकर शिक्षित करना ही सावित्री बाई फुले को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर संबोधित करने वाले अन्य नेताओं मे जिला पार्षद जीतेंद्र यादव, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष लाल बाबू सहनी, मुखिया रंजीत सिंह, किसान मोर्चा के नेता सत्यनारायण कुमार यादव,भरत पासवान, राम उदगार राय ब्यास जी, युवा जदयू अध्यक्ष राजा यादव, राम ललित रत्नाकर, मो नौशाद, जगदीश राम आदि प्रमुख थे।

उत्पाद विभाग ने गिनाई अपनी उपलब्धियां परंतु शराब सप्लायर की गिरफ्तारी पर साधी चुप्पी

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा बिहार में शराबबंदी के बावजूद भी दरभंगा उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी कर अपनी उपलब्धि गिना रही है। विभागीय सुत्रों के अनुसार जनवरी 23 से लेकर दिसंबर 23 तक कुल 41 220 स्थानो पर छापामारी की गई। जिसमें 1744 लोगों को अभियोग संख्या बताई गई हैजबकि 3483 लोगों की गिरफ्तारी की गईजिसमे शराब बेचने वाले 1201 एवं पीने वाले 2282 लोग शामिल है जबकि 13281.630 लीटर देसी शराब व 4586.275 लीटर विदेशी शराब के साथ 75 वाहन जप्त किए गए। परंतु सवाल उठता है कि सिर्फ उत्पाद विभाग की टीम शराबबंदी के बावजूद भी इतने लोगों की गिरफ्तारी व बरामदगी से लगता है कि दरभंगा में शराबबंदी का कोई असर दिख नहीं रहा है ।परंतु उत्पाद विभाग तो अपनी छोटी-मोटी उपलब्धियां को तो गिना रही है जबकि जिले में जिस शराब सप्लायर के ढ्ढ१ी शराब की आपूर्ति की जाती है उसकी गिरफ्तारी हुई की नही उस पर उत्पाद विभाग चुप्पी साध लेती है।

सूक्की पंचायत भवन परिसर में सम्मान समारोह की सफलता को लेकर बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड क्षेत्र के सूक्की पंचायत भवन परिसर में वुधवार को समाजसेवी व डा. रामाशीष सिंह के 70 वां जन्म दिवस के अवसर पर आगामी 6 जनवरी को उनका सम्मान समारोह का आयोजन की सफलता को लेकर ग्राम पंचायत सूक्की के विद्धजीवी वर्गों की बैठक बुलाई गयी. इस बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से सूक्की गांव निवासी सेवा निवृत्त जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार साफी एव पूर्व मुखिया महेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा किया गया. इस दौरान सेवा निवृत्त जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार साफी ने उपस्थित विद्धजीवी वर्ग एव ग्रामीणों को कहा कि सूक्की ग्राम निवासी समाजसेवी व डा. रामाशीष सिंह की 70 वॉ जन्म दिवस के अवसर पर 6 जनवरी को समस्त सूक्की ग्रामीणों द्वारा उनका सम्मान करने की फैसला लिया है.इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डा. एस . एन.गोईत,पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. शकील अहमद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति सम्मान समारोह में शामिल होंगे. वही सूक्की पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि डा. रामाशीष सिंह वर्ष 1980 ई. से सभी तक हजारों लोगों को गंभीर से गंभीर बीमारी का मुप्त में इलाज कर एक प्रखंड़ एव जिला स्तर पर एक सच्चे समाजसेवी के रूप में निभाया है.वे किसी भी मरीज से कोई फीस या दवा की पैसा का कोई मांग नही की.उनके पास ऐसे मरीज जो दरभंगा,पटना,दिल्ली से बीमारी ठीक नही हुआ है उस बीमारी को डा. रामाशीष सिंह ने ठीक किया है.वही वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंडित विशेश्वर झा ने कहा कि डा. रामाशीष सिंह कलयुग के एक मसीहा है.वे किसी भी मरीज को मुप्त में इलाज कर पैसे नही मांगते है.उन्होंने मरीज की अभिभावक अपने खुशी से जो भी पैसा देता है वे खुशी से रखकर इलाज करते है. उन्होंने कहा कि वैसे डॉक्टर आज के युग मे कहा मिलता है इस लेकर सभी सूक्की ग्रामीण,विद्धजीवी वर्ग मिलकर उनके जन्म दिवस पर सम्मान समारोह की आयोजन कर उनको सम्मानित करने को लेकर सभी ग्रामीण एव वुद्धजीवी वर्ग से विचार विमर्श किया गया. वही प्रखंड़ शिक्षा प्रकोष्ठ के जदयू अध्यक्ष राम चलित्तर सिंह ने कहा कि डा. रामाशीष सिंह के जन्म दिन पर भव्य सम्मान समारोह मनायी जाएगी. राजद के अतिपिछड़ी प्रकोष्ठ के प्रखंड़ अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि डा. रामाशीष सिंह की जन्म दिवस पर उनका भव्य सम्मान समारोह को लेकर सूक्की ग्रामवासी जोर शोर से तैयारी में जुट गये है. उन्होंने कहा कि ऐसे समाजसेवी डॉक्टर मिलना इस युग मे मिलना असंम्भव है. उन्होंने सभी ग्रामीण,वुद्धजीवी वर्ग,शिक्षा विद सहित अन्य लोगो ने सम्मान समारोह आयोजन करने की पैसला लिया है. इस मौके पर चंदेश्वर प्रसाद सिंह, राम प्रसाद सिंह,राम उदगार महतो, दिनेश कुमार,सेवा निवृत्त शिक्षक राम चलित्तर सिंह, पूर्व जिप सदस्य प्रमोद कुमार सिंह,अशेश्वर प्रसाद सिंह, किसान भूषण सम्मानित रामराजी सिंह,सरपंच अरुण प्रसाद सिंह, पूर्व मुखिया महेंद्र प्रसाद सिंह,रमेश नायक,मुनिद्र दास, दामोदर सिंह,योगेंद्र प्रसाद सिंह,किशोरी प्रसाद सिंह,राजद अतिपिछड़ी प्रकोष्ठ के प्रखंड़ अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा,जय प्रकाश जी सहित अन्य वुद्धजीवी वर्ग शामिल थे.

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । मंगलवार को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय का 72वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। विश्वविद्यालय के अंबेडकर पार्क में आयोजित समारोह मे विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, प्राचार्य गण, प्राध्यापक गण, अतिथि प्राध्यापक , कर्मचारी एवं छात्रों ने केक काटकर विश्वविद्यालय का 72वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान विवि एनएसएस के छात्रों ने विश्वविद्यालय गीत एवं देश भक्ति गीत की प्रस्तुति दी। समारोह के मुख्य वक्ता डॉ आर एन ओझा ने कहा कि 2 जनवरी 1952 में बीएचयू एवं अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की तरह पटना में यूनिवर्सिटी आफ बिहार की स्थापना की गई थी। लगभग 7 वर्ष बाद मुजफ्फरपुर के शिक्षाविद व राजनीतिज्ञ डॉ श्यामनंदन सहाय प्रथम एवं संस्थापक कुलपति के रूप म अपना कार्यभार संभाला 1960 में इनके प्रयास से ही इस विश्वविद्यालय का मुख्यालय मुजफ्फरपुर लाया गया। 1960 में लाए गए अधिनियम के अनुसार पटना प्रमंडल के सभी कॉलेज को पटना विश्वविद्यालय के अधीन कर दिया गया एवं तिरहुत प्रमंडल के समस्त कॉलेज की बिहार मुख्य अतिथि प्रो मुमताजुद्दीन ने कहा कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कर दिया गया। इस विश्वविद्यालय का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार विश्वविद्यालय का मुजफ्फरपुर में छाता चौक स्थित सहाय कैंपस में शुरूआत की गई। बाद में जमीन अधिग्रहण साह कर एलएस कॉलेज से इसका काफी विस्तार किया गया। 1992 में इसका नाम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय रखा गया । यहां पड़ने वाले छात्र- छात्राओं ने पूरी दुनिया में सफलता का परचम लहराया है। आगे यह विश्वविद्यालय अकादमी क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस विश्वविद्यालय का प्रसार मुजफ्फरपुर से लेकर पूर्वी चंपारण पश्चिमी चंपारण, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर तक फैला है। वर्तमान में इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत कला, वाणिज्य, विज्ञान मैनेजमेंट, शिक्षा, व्यावसायिक कोर्स, होम्योपैथ आयुर्वेद एवं मेडिकल साइंस की भी पढ़ाई होती है। आगत अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ संजय कुमार ने किया। मौके पर कुलसचिव डॉ संजय कुमार, कॉलेज निरीक्षक डॉ प्रमोद कुमार, डॉ रामजी , मानविकी डीन डॉ सतीश कुमार राय, प्राचार्य डॉ ममता रानी, डॉ विपिन कुमार रा कुलसचिव डॉ विनोद बैठा, डॉ मन इस राकेश कुमार सिंह, डॉ चौधरी डॉ प्रेमानंद, डॉ ललित किशोर, श्री राघवेंद्र कुमार शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रखंड़ प्रमुख गणतंत्र दिवस को नई दिल्ली स्थित परेड में होंगे शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बिहार सरकार पंचायती राज विभाग पटना के अनुसंशित पर संयुक्त सचिव पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में दरभंगा प्रमंडल दरभंगा स्तर पर एक मात्र खजौली प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा द्वारा वेहत्तर कार्य को लेकर 26 जनवरी 024 के गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड में भाग लेने का सलेक्शन किया है.वही प्रखंड़ प्रमुख कुमारी उषा जी को गणतंत्र दिसव पर नई दिल्ली में परेड में शामिल होने खबर होने पर जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह जितेंद्र कुमार भारती खजौली प्रखंड़ पंचायत समिति सदस्य उप प्रमुख गुलशन आरा देव कला देवी रघुबीर गड़ेरी ललन कुमार सिंह झोली पासवान नाथ नाग मणि रामनाथ पासवान पप्पू कुमार विकास कुमार मंडल मंजू शोभित समीना खातून पार्वती देवी सावित्री देवी आभा देवी मो.लुकमान मनोज झा ललिता देवी चंद्रडीह पंचायत के मुखिया सह प्रखंड मुखिया संध अध्यक्ष जय प्रकाश मंडल श्रीमोहन झा अशोक कुमार सिंह अर्जुन सिंह छठु पासवान सोनी देवी रीना देवी बबलू महतो आशा देवी अमरेंद्र राय मधुवाला देवीसाधना देवी चंद्रडीह पंचायत के उप मुखिया सह प्रखंड़ वार्ड संध अध्यक्ष सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने प्रमुख बधाई दी है.

जिला स्थापना दिवस पर उठी वैशाली राज्य निर्माण की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला स्थापना दिवस वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर नववर्ष स्वागत में जुटे बुद्धिजीवियों ने वैशाली राज्य निर्माण की मांग उठाई। साहित्यिक उपलब्धियों के लिए डॉ संजय पंकज को ह्यअमर वाणी सम्मानह्ल से सम्मानित किया गया । इस, अवसर पर गीत, संगीत और कविता पाठ के साथ रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।मुजफ्फरपुर के सद्भाव की विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम बिहार गुरु के तत्वावधान में दामुचक स्थित बारात घर के प्रांगण में आयोजित था । जिसमें वैशाली राज्य के औचित्य, निर्माण और उसकी मांग पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मंगल दीप प्रज्वलन के बाद स्वागत संबोधन तथा विषय प्रवेश में अविनाश तिरंगा उर्फ ऑक्सीजन बाबा ने कहा कि इस वर्ष हमने वैशाली राज्य निर्माण की बात उठाई है। अगले वर्ष हम हर स्तर पर इसके लिए संघर्ष करेंगे। अगला वर्ष उत्तर बिहार के लिए सम्मानजनक और खुशहाल हो इसके लिए वैशाली राज्य का होना बहुत जरूरी है। मुख्य अतिथि डॉ संजय पंकज ने ह्यक्या क्या न हुआ इस वैशाली के आंगन मेंह्ल जैसी काव्य पंक्ति का उल्लेख करते हुए उत्तर बिहार के समस्त लोगों को एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि पौराणिक काल से वैशाली का एक गौरवमय इतिहास रहा है। आज यह उपेक्षा का दंश झेल रहा है। संपूर्ण संसार को गणतंत्र का संदेश देने वाला आज अत्यन्त पिछड़ा हुआ है। इसके विकास के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति का होना आवश्यक है। डॉ पंकज ने वैशाली राज्य की मांग का उपहास उड़ाने वाले लोगों से भी निवेदन किया कि आप उत्तर बिहार के दर्द को समझिए और अधिकार की न्यायपूर्ण मांग के लिए साथ साथ चलने का हौसला रखिए। डॉ नवनीत शांडिल्य, अखिलेश राय, सुगंध, अनिल विद्रोही, डॉ कुमार विरल, डॉ अनु शांडिल्य ने भी वैशाली राज्य के निर्माण की मांग पर अलग-अलग दृष्टिकोण से अपने महत्वपूर्ण विचारों को रखा। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक और काव्यात्मक प्रस्तुतियां हुईं। इस अवसर पर वर्ष 2023 में मुजफ्फरपुर को पूरे देश में गौरवान्वित करने, बिहार की लोक कथाएं जैसी कृति और रामेश्वर नारायण स्मृति साहित्य सम्मान प्राप्त करने के लिए डॉ संजय पंकज को अमर वाणी सम्मान से विभूषित किया गया। पुष्पगुच्छ ,शॉल, स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र देकर अविनाश तिरंगा तथा उपस्थित अतिथियों ने सामूहिक रूप से डॉ पंकज को सम्मानित किया। डॉ नवनीत शांडिल्य को इंटरनेशनल फिजियोथैरेपी कांफ्रेंस एम्स दिल्ली में चेयर पर्सन बनाने के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में अनुराग आनंद, प्रो गौतम, मुकुंद, सुनील गुप्ता, रामप्रवेश सिंह, सुधीर सिंह, अर्पणा राय, धनंजय आदि की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही और सब ने एक स्वर में वैशाली राज्य निर्माण की मांग को उचित ठहराया। समारोह का संचालन संस्कृति कर्मी गणेश प्रसाद सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन अखिलेश राय ने किया।

दस्ताना फैक्ट्री हादसे में जान गवाने वाले मजदूरों के परिजन से अधिकारियों ने की मुलाकात

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी महाराष्ट्र के औरंगाबाद स्थित दस्ताना फैक्ट्री में अगलगी हादसे में मधुबनी के चार मजदूरों की मृत्यु की खबर के बाद से जिला प्रशासन लगातार मृतकों के परिजनों से संपर्क में है। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने इस दुःखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि जिला प्रशासन दुख की इस घड़ी में सभी मृतको के परिजनों के साथ खड़ा है।उन्होंने सभी संबधित अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए है। अंचल अधिकारी बाबू बरही सहित कई अधिकारियों ने मृतक के घर पर पहुँच कर उनके परिजनों से मुलाकात किया है।गौरतलब हो कि कल ही सोमवार को मुख्यमंत्री ने भी इस दुःखद घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।मुख्यमंत्री सहायता कोष से सभी मृतकों के निकटतम आश्रितों को दो-दो लाख रुपये राहत राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त श्रम विभाग द्वारा भी सहायता राशि दी जाएगी साथ सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का नियमानुसार लाभ दिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज देर रात तक मृतकों के शव आने की संभावना है।

शिविर में कइयपईएम गया पीएम सम्मान निधि योजना का भौतिक सत्यापन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में पीएम सम्मान निधि योजना का भौतिक सत्यापन हेतु शिविर लगाया जाएगा। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि गुरूवार 4 जनवरी को सभी 23 पंचायतों में शिविर लगाकर पीएम सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। इस कार्य को सम्पन्न कराने हेतु संबंधित पंचायत के सभी कृषि समन्वयकों किसान सलाहकार को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। जहां इस योजना

सम्पादकीय

वित्तीय संघवाद का फॉमूर्ला

सोलहवें वित्त आयोग से अपेक्षा रहेगी कि वह ऐसा फॉमूर्ला सुझाए, जिससे सभी राज्य भारतीय संविधान की भावना के मुताबिक संघ की एक इकाई के रूप में स्वाभिमान से अपना राजकाज चला सकें। साथ ही स्थानीय निकाय स्वायत्त इकाई के रूप काम करने में सक्षम हों। केंद्र सरकार ने 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। रविवार को इस एलान से दो रोज पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयोग के विचारणीय मुद्दों को तय किया था। नव-उदारवादी अर्थशास्त्री अरविंद पनागडिया इस आयोग के अध्यक्ष होंगे, जो नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में नीति आयोग का नेतृत्व भी कर चुके हैं। पनागडिया उन गिने-चुने प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों में हैं, जो मोदी सरकार के पैरोकार बने हुए हैं। हालांकि वे आयात शुल्क बढ़ाकर घरेलू उद्योगों को संरक्षण देने की मोदी सरकार की नीति से सहमत नहीं रहे हैं, इसके बावजूद मोटे तौर पर वे उसकी नीतियों के समर्थक हैं। पनागडिया सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर खर्च बढ़ाने जैसे उपायों के आलोचक हैं। उनकी यह राय उस समय जाहिर हुई, जब उन्होंने विकास के ओडीशा मॉडल की तारीफ की, जबकि राजस्थान की पूर्व अशोक गहलोत सरकार की चिरंजीवी योजना को गलत दिशा में उठाया गया कदम बताया था। अनुमान लगाया जा सकता है कि अगले वित्त आयोग की सिफारिशों पर उनकी इस सोच का असर नजर आएगा। एक अप्रैल 2026 से अगले पांच साल तक के लिए इस आयोग को केंद्र और राज्यों के बीच संसाधनों के बंटवारे, आपदा सहायता के निर्धारण, और स्थानीय निकायों को धन आवंटन के सिद्धांत तय करने हैं। जीएसटी लागू होने के बाद राज्य केंद्र से मिलने वाले धन पर लगभग पूरी तरह निर्भर हो गए हैं। उनकी लाचारी कोरोना काल में सबको देखने को मिली थी। 16वें वित्त आयोग से अपेक्षा रहेगी कि वह ऐसा फॉमूर्ला सुझाए, जिससे सभी राज्य भारतीय संविधान की भावना के मुताबिक संघ की एक इकाई के रूप में स्वाभिमान से अपना राजकाज चला सकें। वरना, जीएसटी पर पहले से मौजूद सवाल और गहरा जाएंगे। इसके साथ ही स्थानीय निकायों के लिए धन आवंटन की ऐसी व्यवस्था की अनिवार्यता है, जिससे ये निकाय संविधान के 73वें और 74वें संशोधन की भावना के मुताबिक एक संपूर्ण एवं स्वायत्त इकाई के रूप काम करने में सक्षम हो सकें। इन मकसदों का नव-उदारवादी अर्थशास्त्र से भी कोई अंतर्विरोध नहीं है। इसलिए अपेक्षा है कि पनागडिया आयोग इन मामलों में जारी संशयों का हमेशा के लिए अंत कर देगा।

लोकतंत्र के लिए अहम नया साल

अजीत द्विवेदी

नए साल की शुरूआत बांग्लादेश के चुनाव से हो रही है। सात जनवरी को बांग्लादेश में वोट डाले जाएंगे। उसके एक महीने बाद आठ फरवरी को पाकिस्तान में आम चुनाव होंगे और अप्रैल-मई में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र यानी भारत में लोकसभा चुनाव होना निर्धारित है। दक्षिण एशिया में गर्भनाल से जुड़े रहे ये तीनों देश भले आज अलग अलग हैं लेकिन इनमें बहुत कुछ एक जैसा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत का लोकतंत्र दुनिया के किसी भी सभ्य और लोकतांत्रिक देश की तरह जीवंत है, जहां मतदाताओं की संख्या एक सौ करोड़ के करीब है और अगले चुनाव में मोटे तौर पर 70 करोड़ लोग मतदान में करेंगे। दूसरी ओर पाकिस्तान में लोकतंत्र एक तमाशा है। पूर्व प्रधानमंत्री जेल में बंद हैं और चुनाव आयोग ने उनका नामांकन खारिज कर दिया है। दूसरी ओर भ्रष्टाचार के आरोप में सजा पाए और देश छोड़ कर भाग गए नवाज शरीफ की वापसी हो गई है और उनका नामांकन स्वीकार हो गया है। तो समझा जा सकता है कि वहां चुनाव किस तरह से होंगे। बांग्लादेश में भी लोकतंत्र जैसे तैसे जिंदा है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने समूचे विपक्ष को या तो जेल में डाल रखा है या देश निकाला दिया हुआ है। बहरहाल, भारत में भी लोकतंत्र के लिए 2024 का साल परीक्षा वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार चुनाव जीत कर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए चुनाव में उतरेंगे। दूसरी ओर विपक्ष की ओर से यह आशंका जताई जा रही है कि अगर मोदी तीसरी बार जीतते हैं तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा और फिर कभी चुनाव नहीं होंगे। कई विपक्षी पार्टियों के नेता दबी जुबान में यह बात कह रहे हैं और विपक्ष की एक मुखर आवाज बन कर उभरे पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक खुल कर कह रहे हैं। हालांकि उनकी यह आशंका निराधार है कि मोदी तीसरी बार जीते तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा या चुनाव नहीं होगा। मोदी चुनाव क्यों नहीं कराएंगे? चुनाव से तो उनको वैधता मिलती है। उनके एजेंडे को स्वीकार्यता मिलती है। उनको और ताकत मिलती है। वे दुनिया भर में सबसे बड़े लोकतंत्र के लोकप्रिय नेता के तौर पर सम्मान पाते हैं। सो, चुनाव नहीं होने की बातों का कोई मतलब नहीं है। चुनाव तो होते रहेंगे। असली सवाल चुनाव की प्रक्रिया का है। उसकी विश्वसनीयता का है और लोगों के भरोसे का है। अगर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और अन्य पार्टियां चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठा रही हैं तो उसे सिर्फ विपक्ष की बेबुनियाद आशंका, उसकी हार का भय या मोदीफोबिया बता कर खारिज करने की बजाय विश्वसनीय तरीके से उसका निराकरण किया जाना चाहिए। विपक्ष इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन को लेकर आशंकित है। उसमें छेड़छाड़ की संभावना देख रहा है। तो चुनाव आयोग को इस आशंका का जवाब देना चाहिए। यह कह देना पर्याप्त नहीं होगा कि चुनाव आयोग ने खुली चुनौती दी थी कि कोई मशीन हैक करके दिखाए लेकिन कोई हैक नहीं कर सका। चुनाव आयोग का यह मानना कि मशीन हैक नहीं हो सकती है, उसकी जिद है। उसे इस मामले को प्रतिष्ठा का सवाल नहीं बनाना चाहिए क्योंकि उसने न तो ईवीएम का आविष्कार किया है और न उसके कहने से चुनाव में ईवीएम का इस्तेमाल शुरू हुआ था और न ईवीएम ने उसे अपनी ब्रांडिंग के लिए मैनेजर नियुक्त किया है। ईवीएम बनाने का काम भी चुनाव आयोग का नहीं है। यह काम सरकार का है। और यह लोकतंत्र का सबसे पवित्र सिद्धांत है कि चुनाव आयोग के लिए जैसे सरकार यानी सत्तारूढ़ दल है वैसे ही विपक्ष है। उसे दोनों के प्रति समान भाव दिखाना चाहिए और जरुरत पडे पर सरकार के खिलाफ भी स्टैंड लेना चाहिए। लेकिन जब चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था विपक्ष के हर आरोप को खारिज करने लगे और सरकार की हर बात स्वीकार करने लगे तो उसमें गड़बड़ी भले कुछ न हो लेकिन आशंका पैदा होती है। तभी यह साल चुनाव आयोग की छवि बदलने वाला होना चाहिए क्योंकि लोकसभा के साथ इस साल जम्मू कश्मीर सहित आठ राज्यों में विधानसभा के चुनाव भी होने वाले हैं। सो, चुनाव आयोग को ईवीएम से जुड़ी आशंकाओं को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। विपक्षी पार्टियों का यह प्रस्ताव है कि चुनाव भले ईवीएम से कराया जाए लेकिन वीवीपैट मशीनों से निकलने वाली पर्ची को मतदाता के देखने के बाद एक अलग बॉक्स में रखने की व्यवस्था हो, जिसे सबके सामने ईवीएम की तरह ही सील किया जाए और मतगणना में सारी पर्चियों को गिना जाए। इसमें नतीजे आने में निश्चित रूप से समय ज्यादा लगेगा लेकिन वह बड़ी बात नहीं होगी। आखिर पांच साल पर चुनाव होते हैं और चुनाव आयोग भी दो महीने में मतदान की प्रक्रिया पूरी करता है। कई क्षेत्रों में मतदान के बाद नतीजों के लिए लोगों को एक एक महीने तक इंतजार करना होता है। इसलिए मतदान समाप्त होने के बाद अगर नतीजे आने में दो-तीन दिन का समय लग जाता है तो उससे कोई आफत नहीं आ जाएगी। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया की शुचिता और चुनाव नतीजों के प्रति आम नागरिक का भरोसा बनाए रखने की यह कोई बड़ी कीमत नहीं होगी। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए 2024 का साल इसलिए भी अहम है क्योंकि आम चुनावों के साथ साथ जम्मू कश्मीर में चुनाव होने वाले हैं और उसका पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होना है। सोचें, केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी दोनों दावा करते हैं कि जम्मू कश्मीर में सब सामान्य हो गया है। शांति बहाल हो गई है। आतंकवादी घटनाओं में बहुत कमी आ गई है। विकास की गंगा बह रही है। इसके बावजूद पांच साल से राज्य में विधानसभा नहीं है। जम्मू कश्मीर विधानसभा नवंबर 2018 में भंग कर दी गई थी। उसके एक साल बाद अनुच्छेद 370 खत्म करके राज्य का विशेष दर्जा समाप्त कर दिया गया था। साथ ही जम्मू कश्मीर को विभाजित करके लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। इस तरह नवंबर 2018 से राज्य में विधानसभा नहीं है और अगस्त 2019 से जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश है। अब सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर तक चुनाव कराने को कहा है और जल्दी से जल्दी पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आदेश दिया है। एक राज्य में पांच साल से जनता की चुनी हुई सरकार नहीं है। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मदर ऑफ डेमोक्रेसी कहते हैं, अच्छी बात नहीं है।

आइए जाने, क्यों सिरदर्द बन गया है नया कानून!

इन वाहन चालकों का कहना है कि नए कानून में सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर चालक को दस साल की सजा व सात लाख रुपये जुमार्ना बेहद कड़ी सजा है, सजा में नरमी पर घायल को अस्पताल पहुंचाने की जो शर्त रखी गई है, उसमें दुर्घटना से उत्तेजित भीड़ वाहन चालक को पीट पीटकर मार सकती है, जैसा कि सामान्यतः होता आया है, वाहन चालकों की सुरक्षा की बात नए कानून में नही दी गई है। इसी प्रकार आपराधिक मामलों में पुलिस रिमांड 15 दिन के बजाए 60 से 90 दिन करना पुलिस की शक्ति को असीमित करना व मानवाधिकार हनन के रास्ते खोलने जैसा है। इन्ही सब मुद्दों को लेकर नए कानूनों को निरस्त करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक जनहित याचिका भी दायर हुई है। आपको बता दे, भारत सरकार ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लोकसभा में पेश करके जो कानून पारित कराये है, उनमें कोई खास बदलाव नही है, अलबत्ता दंड की जगह न्याय नाम दिया गया है। हालांकि न्याय एक विधिक प्रक्रिया का निष्कर्ष है, जिसमे दोषसिद्ध होने पर दंड ही दिए जाने की व्यवस्था इस नए कानून में भी है। ये विधेयक भारत में मौजूदा भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। ये बिल अगस्त 2023 में पेश किए गए, जिसके बाद इन्हें संसद की स्थायी समिति को भेजा गया था।

डॉ. श्रीगोपाल नारसन
अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया

नए बने कानूनों को लेकर आमजन जिनमे कानूनविद व वाहन चालक समेत अनेक प्रभावित लोग शामिल है, का गुस्सा सातंवे आसमान पर है। सड़क दुर्घटना को लेकर बनाये गए कानून की सख्ती के विरोध में देशभर के ट्रांसपोर्टरो ने चक्का जाम किए रखा, जिससे आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित हुई। इन वाहन चालकों का कहना है कि नए कानून में सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर चालक को दस साल की सजा व सात लाख रुपये जुमार्ना बेहद कड़ी सजा है, सजा में नरमी पर घायल को अस्पताल पहुंचाने की जो शर्त रखी गई है, उसमें दुर्घटना से उत्तेजित भीड़ वाहन चालक को पीट पीटकर मार सकती है, जैसा कि सामान्यतः होता आया है, वाहन चालकों की सुरक्षा की बात नए कानून में नही दी गई है। इसी प्रकार आपराधिक मामलों में पुलिस रिमांड 15 दिन के बजाए 60 से 90 दिन करना पुलिस की शक्ति को असीमित करना व मानवाधिकार हनन के रास्ते खोलने जैसा है। इन्ही सब मुद्दों को लेकर नए कानूनों को निरस्त करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक जनहित याचिका भी दायर हुई है। आपको बता दे, भारत सरकार ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लोकसभा में पेश करके जो कानून पारित कराये है, उनमें कोई खास बदलाव नही है, अलबत्ता दंड की जगह न्याय नाम दिया गया है। हालांकि न्याय एक विधिक प्रक्रिया का निष्कर्ष है, जिसमे दोषसिद्ध होने पर दंड ही दिए जाने की व्यवस्था इस नए कानून में भी है। ये विधेयक भारत में मौजूदा भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

ये बिल अगस्त 2023 में पेश किए गए, जिसके बाद इन्हें संसद की स्थायी समिति को भेजा गया था। स्थायी समिति द्वारा संदर्भित परिवर्तनों को शामिल करने के लिए इन विधेयकों को वापस ले लिया गया था, बिल के पुराने संस्करण में मॉब लिंचिंग और नफरती अपराध के लिए न्यूनतम सात साल की सजा का प्रावधान था, जब पांच या अधिक लोगों के एक समूह द्वारा सामूहिक रूप से जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करने के मामले में, हमलावर समूह के हर सदस्य को कम से कम सात साल की कैद की सजा दी जाती थी। अब इस अवधि को सात साल से बढ़ाकर आजीवन कारावास कर दिया गया है। आतंकवादी गतिविधियों को पहली बार भारतीय न्याय संहिता के तहत पेश किया गया है, पहले, इनके लिए विशिष्ट कानून बने थे। आर्थिक सुरक्षा को खतरा भी आतंकवादी गतिविधि के अंतर्गत आएगा। तस्करी या नकली नोटों का उत्पादन करके वित्तीय स्थिरता को नुकसान पहुंचाना भी आतंकवादी अधिनियम के अंतर्गत आएगा। विदेश में संपत्ति को नष्ट करना, जो भारत में रक्षा या किसी सरकारी उद्देश्य के लिए थी, यह भी एक आतंकवादी गतिविधि मानी जायेगी। जबकि देश मे शून्य अपराध संख्या पर कही भी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की सुविधा पहले से ही है, वही 90 दिन में जांच पूरी करने अर्थात आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल करने का नियम भी पहले से ही लागू है। लेकिन नए कानून में

अब भारत में सरकारों को कुछ भी करने पर मजबूर करने के लिए किसी व्यक्ति को हिरासत में लेना या अपहरण करना भी एक आतंकवादी गतिविधि माना जाएगा। मौजूदा आईपीसी मानसिक रूप से बीमार लोगों को अपराध के लिए सजा से छूट देती है। भारतीय न्याय संहिता के पुराने संस्करण में इसे मानसिक बीमारी शब्द से बदलकर अब विक्षिप्त दिमाग शब्द को वापस लाया गया है। जो कोई भी बलात्कार के मामलों में अदालती कार्यवाही के संबंध में अदालत की अनुमति के बिना कुछ भी प्रकाशित करेगा, उसे 2 साल तक की जेल हो सकती है और जुमार्ना लगाया जा सकता है, इस व्यवस्था के बाद मीडिया कर्मियों को सावधान रहने की आवश्यकता है। संगठित आपराधिक समूहों द्वारा किए गए वाहनों की चोरी, जेबतराशी जैसे छोटे संगठित अपराध के लिए दंड का प्रावधान किया गया था, अगर इससे नागरिकों में सामान्य तौर पर असुरक्षा की भावना पैदा होती हो, अब असुरक्षा की भावना की यह अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। नई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता स ामुदायिक सेवा को परिभाषित करती है,सामुदायिक सेवा एक ऐसी सजा होगी जो समुदाय के लिए फायदेमंद होगी और इसके लिए अपराधी को कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। इन विधेयकों में छोटी-मोटी चोरी, नशे में धुत होकर परेशान करना और कई अन्य अपराधों के लिए सजा के रूप में सामुदायिक सेवा की शुरूआत की गई थी। विदित हो, भारतीय दंड संहिता भारत की आधिकारिक आपराधिक संहिता है, जिसे चार्टर अधिनियम, 1833 के तहत वर्ष 1834 में स्थापित प्रथम विधि आयोग के मद्देनजर वर्ष 1860 में तैयार किया गया था। दंड प्रक्रिया संहिता भारत में आपराधिक कानून के प्रशासन के लिये प्रक्रियाएँ प्रदान करती है। यह वर्ष 1973 में अधिनियमित हुआ और 1 अप्रैल 1974 को प्रभावी हुआ था।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, जो मूल रूप से ब्रिटिश राज के दौरान वर्ष 1872 में इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल द्वारा भारत में पारित किया गया था, में भारतीय न्यायालयों में साक्ष्य की स्वीकार्यता को नियंत्रित करने वाले नियमों और संबद्ध मुद्दों परिभाषित किया गया है।

आपराधिक न्याय प्रणाली कानूनों, प्रक्रियाओं और संस्थानों का समूह है जिसका उद्देश्य सभी व्यक्तियों के अधिकारों तथा सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए अपराधों को रोकना, पता लगाना, दोषियों पर मुकदमा चलाना व दंडित करना है। इसमें पुलिस बल, न्यायिक संस्थान, विधायी निकाय और फोरेंसिक एवं जाँच एजेंसियों जैसे अन्य सहायक संगठन शामिल हैं। भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023 में आतंकवाद एवं अलगाववाद, सरकार के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह, देश की संप्रभुता को चुनौती देने जैसे अपराधों को परिभाषित करता है, जिनका पूर्व में कानून के विभिन्न प्रावधानों के तहत उल्लेख किया गया था। यह राजद्रोह के अपराध को रोकने पर केंद्रित है, जिसकी औपनिवेशिक विरासत के रूप में व्यापक रूप से आलोचना की गई थी जो स्वतंत्र भाषण और असहमति पर अंकुश लगाता है।

यह मॉब लिंचिंग के लिये अधिकतम सजा के रूप में मृत्युदंड का प्रावधान करता है, जो हाल के वर्षों में एक खतरा रहा है। इसमें विवाह के झूठे वादे पर महिलाओं के साथ यौन संबंध बनाने के लिये 10 वर्ष की कैद का प्रस्ताव है, जो धोखे और शोषण का एक सामान्य रूप है।

यह विधेयक विशिष्ट अपराधों के लिये सजा के रूप में सामुदायिक सेवा का परिचय देता है, जो अपराधियों को सुधारने और जेलों में भीड़भाड़ को कम करने में मदद कर सकता है।

इस विधेयक में चार्जशीट दाखिल करने के लिये अधिकतम 180 दिनों की सीमा तय की गई है, जिससे मुकदमे की प्रक्रिया में तेजी आ सकती है और अनिश्चितकालीन देरी को रोका जा सकता है। हालांकि यह व्यवस्था पहले से भी लागू है। पुलिस को शिकायत की स्थिति के विषय में 90 दिनों में सूचित करना होगा, जिससे जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ सकती है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 में परीक्षणों, अपीलों और गवाही की रिकॉर्डिंग के लिये प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देता है, जिससे कार्यवाही के लिये वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग की अनुमति मिलती है। यह विधेयक यौन हिंसा के व्यक्तियों के बयान की वीडियो-रिकॉर्डिंग को अनिवार्य बनाता है।

बेटी बचाओ : दावे और हकीकत

कानून सुरक्षा के लिए है, लेकिन यदि किसी ने बहन-बेटी के साथ छेड़खानी की तो अगले चौराहे पर उस शोहदे का इंतजार, यमराज कर रहे होंगे। उसे यमराज के यहां भेजने से कोई रोक नहीं पाएगा। हमें सुरक्षा का बेहतरीन वातावरण देना होगा. कानून संरक्षण के लिए है और कानून को बंधक बनाकर कोई किसी की सुरक्षा पर सेंध लगाने का प्रयास नहीं करे। परन्तु इसी योगीराज में ही ऐसी कई घटनायें उजागर हो चुकी हैं जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उपरोक्त दावों पर सवाल खड़ा करती हैं। इनमें सबसे संसनीखेज घटना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में स्थित वाराणसी के आईआईटी बीएचयू कैंपस की है जिसमें आरोपी तीनों युवक भाजपा आईटी सेल के पदाधिकारी हैं। बताया जा रहा है कि दो माह पूर्व यानी एक नवंबर की रात मोटर बाइक पर सवार तीन गुण्डे आईआईटी बीएचयू कैंपस में आये। वहां उन्हें इंजीनियरिंग की बी टेक की एक छात्रा टहलती हुई दिखाई दी। यह गुण्डे उस छात्रा को बलपूर्वक पकड़कर किसी सन्नाटी जगह पर ले गये।

निर्मल रानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार है

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में सितंबर 2023 में एक जनसभा को संबोधित करते हुये राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने राज्य की कानून व्यवस्था की तारीफ करते हुए कहा था -कि कानून संरक्षण के लिए है. लेकिन कानून को बंधक बनाकर व्यवस्था में सेंध लगाने का प्रयास करने की इजाजत किसी को नहीं है। कानून सुरक्षा के लिए है, लेकिन यदि किसी ने बहन-बेटी के साथ छेड़खानी की तो अगले चौराहे पर उस शोहदे का इंतजार, यमराज कर रहे होंगे। उसे यमराज के यहां भेजने से कोई रोक नहीं पाएगा। हमें सुरक्षा का बेहतरीन वातावरण देना होगा. कानून संरक्षण के लिए है और कानून को बंधक बनाकर कोई किसी की सुरक्षा पर सेंध लगाने का प्रयास नहीं करेह्ल। परन्तु इसी योगीराज में ही ऐसी कई घटनायें उजागर हो चुकी हैं जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उपरोक्त दावों पर सवाल खड़ा करती हैं। इनमें सबसे संसनीखेज घटना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में स्थित वाराणसी के आईआईटी बीएचयू कैंपस की है जिसमें आरोपी तीनों युवक भाजपा आईटी सेल के पदाधिकारी हैं।

बताया जा रहा है कि दो माह पूर्व यानी एक नवंबर की रात मोटर बाइक पर सवार तीन गुण्डे आईआईटी बीएचयू कैंपस में आये। वहां उन्हें इंजीनियरिंग की बी टेक की एक छात्रा टहलती हुई दिखाई दी। यह गुण्डे उस छात्रा को बलपूर्वक पकड़कर किसी सन्नाटी जगह पर ले गये। तीनों ने मिलकर जबरन उसे निःवस्त्र किया। उसकी नग्नावस्था की वीडिओ बनाई। फिर बारी बारी तीनों ने उसके साथ बलात्कार किया और बलात्कार की भी वीडियो बनाते रहे। कुणाल पांडेय, आनंद व सक्षम पटेल नामक यह तीनों गुंडे बलात्कारी भारतीय जनता पार्टी की आई टी सेल के पदाधिकारी हैं। बताया जा रहा है कि यह तीनों ही नियमित रूप से आर एस एस की शाखा में भी जाया करते थे। अर्थात संघ से संस्कारित थे। खबरों के अनुसार गैंगरेप पीड़िता ने पुलिस को सूचित करने के बाद घटना के 5 दिन के भीतर ही सीसीटीवी के माध्यम से बनारस पुलिस के समक्ष इन तीनों अपराधियों की शिनाख़्त बिल्कुल स्पष्ट रूप से कर ली थी। परन्तु उस समय देश के पांच राज्यों में चुनाव का वातावरण था। तो क्या इसी कारण इतनी गंभीर घटना को साजिश के तहत दबा कर रखा गया ? इतना ही नहीं बल्कि इतने गंभीर सामूहिक बलात्कार के अपराध में शिनाख़्त हो जाने के बावजूद और इनके नाम व चेहरे सब कुछ पता लगने के बावजूद इन्हीं बलात्कारी गुण्डों की मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की ओर से चुनाव प्रचार की ड्यूटी लगाई गयी। और यह मध्य प्रदेश में भाजपा का चुनाव प्रचार करते रहे। कहा जा रहा है कि इस मामले को सरकार ने जानबूझकर एक साजिश के तहत दबा कर रखा। करीब दो महीने तक इस मामले में पुलिस ने न कोई बयान दिया ना ही किसी का नाम उजागर हुआ न किसी की गिरफ़्तारी की गयी। बजाये इसके पूरी स्वतंत्रता से चुनाव में इन लोगों को भाजपा का प्रचार भी करने दिया गया। भाजपा के आईटी सेल के पदाधिकारी होने के नाते मध्य प्रदेश चुनाव प्रचार में यह भाजपा प्रत्याशियों के लिये अहम भूमिका अदा कर रहे थे। खबरों के अनुसार वाराणसी पुलिस ने इन गुंडों को पिछले दिनों नववर्ष के अवसर पर देर रात आवारागर्दी करने के दौरान गिरफ़्तार किया तब इन्होंने अपने इस जुर्म को भी स्वीकार किया। इसके बाद इनसे की गयी पूछताछ के बाद पुलिस ने इनके विषय में जो दावा किया वह भी हैरान करने वाला था। पुलिस ने पूछताछ के बाद यह दावा किया कि तीनों अपराधियों ने यह स्वीकार किया है कि वे रात में शहर में युवतियों से छेड़खानी करने के आदी थे। गोया इसी तरह पहले भी यह कई लड़कियों की इस्मत व आबरू से खिलवाड़ कर चुके थे। परन्तु आईआईटी की वारदात के बाद लड़की की शिकायत के कारण दुष्कर्म की उनकी यह करतूत पहली बार सार्वजनिक रूप से उजागर हुई। पुलिस के अनुसार वारदात के रोज भी यह तीनों अपनी बाइक पर सवार होकर कई अलग अलग जगहों पर शिकार ह्य बनाने की गरज से किसी भी युवती की तलाश करते घूम रहे थे। इसी सिलसिले में वे तीनों पहले चेतगंज में सिगरा की ओर गए थे। सिगरा में तीनों ने लगभग 10 मिनट तक वहां शहीद उद्यान का कोना-कोना देखा। जब वहां कोई युवती नहीं मिली तो तीनों चेतगंज पहुंचे। चेतगंज में भी जब इन्हें कोई शिकार नजर नहीं आया तब यह तीनों संस्कारी ह्य बेनिया होते हुए गिरजाघर की ओर गये। बेनिया पार्क के अंदर भी तीनों गए परन्तु वहाँ भी इन्हें कोई युवती नजर नहीं आयी। फिर अंत में यह तीनों गिरजाघर, अस्सी और लंका होते हुए बीएचयू में प्रवेश कर गये जहां बी टेक की यह बदनसीब छात्रा इनहें दिखाई दे गयी। जिसपर यह भेड़िये की तरह टूट पड़े। खबर है कि सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ़्तार इन तीनों भाजपा नेताओं के विरुद्ध वाराणसी के लंका थाने की पुलिस एक सप्ताह में अदालत में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है। तीनों अपराधियों के पास से बरामद मोबाइल की जांच और डेटा रिकवरी के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया है। पुलिस का दावा है कि तीनों के खिलाफ सर्विलांस और सीसी फुटेज सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त इतने पर्याप्त वैज्ञानिक साक्ष्य हैं कि उन्हें अदालत से कठोर सजा जरूर मिलेगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार पुलिस तीनों बलात्कारियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई करेगी जिसकी तैयारी शुरू की जा चुकी है।

यह पहला मौका नहीं है जब तथाकथित संस्कारित लोग इस तरह के घिनौने कृत्य में शामिल पाए गये हों। सितम्बर 2022 में पौड़ी जिले के अंकिता हत्याकांड को याद कीजिये। यहाँ स्थित यमकेश्वर क्षेत्र के एक रिसॉर्ट से 19 साल की लड़की अंकिता भंडारी लापता हो गई थी जिसकी हत्या के बाद उसका शव चीला नहर में फेंक दिया गया था। पुलिस ने इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी रिसॉर्ट मालिक पुलकित आर्य को गिरफ़्तार किया था। पुलकित हरिद्वार के वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद आर्य का बेटा है। और भी देश के अनेक काण्ड जैसे जम्मू कश्मीर के कठुआ में बकरवाल समुदाय की आठ साल की बच्ची आसिफा से बर्बर गैंगरेप और इसके बाद इसमें शामिल बलात्कारियों ह्य को बचने के लिये इन्हीं ह्यबेटी बचाओ के झण्डा बरदारों ह्य द्वारा निकाली जाने वाली बेशर्मी पूर्ण तिरंगा, गुजरात का बिल्कीस बानो सामूहिक बलात्कार व हत्या काण्ड और इसमें सजा पाये हत्यारों व बलात्कारियों का समय पूर्व रिहा होना और रिहा होने पर इन्हीं बलात्कारियों का स्वागत करना जैसे अनेक उदाहरण हैं जो इन संस्कारियों की सच्चाई को बयान करते हैं। ऐसी घटनायें इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये भी काफी है कि सत्ताधीशों के बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के दावों और इसकी हकीकत में कितना अंतर है।

अव्यवस्था समाधान के बगैर टिकाऊ विकास नहीं

सत्यपाल वशिष्ठ

भारत सरकार इस लक्ष्य को लेकर चल रही है कि भारत विश्व की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में होगा तथा जो रोडमैप अगले 25 वर्षों (2047 तक) का बनाया है, इसमें भारत पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था तथा 10 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था होगी। इसको पूरा करना शायद भारत के लिए मुश्किल नहीं होगा, अगर परिस्थितियां अनुकूल रही। भारत ने 2023-24 वित्त वर्ष में विकास दर का लक्ष्य 7 प्रतिशत रखा है। भारत की अर्थव्यवस्था जो कोरोना काल में संकुचित थी, उसमें फिर से उछाल आया है, परंतु ग्लोबल अर्थव्यवस्थाएं अभी भी विपरीत परिस्थितियों में हैं। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का 2026 में, सकल घरेलू उत्पादन का 20 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी जो वर्तमान में 11 प्रतिशत है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत 2015 से हमारी अर्थव्यवस्थाएं गुणवत्ता तथा मात्रात्मक दोनों तरह से रूपांतरित हुई हैं। पहले हम तकनीकी ज्ञान के उपभोक्ता थे, परंतु अब हम उपकरणों के उत्पादक हैं तथा बहुत से उत्पादों को अब भारत आयात की जगह निर्यात करता है। आर्थिक विकास की ओर तीव्र गति से उन्मुख हो रही भारतीय अर्थव्यवस्था में इस समय सामाजिक असंतुलन जैसी स्थिति है। सामाजिक संस्थाएं अपने उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। सामाजिक संस्थाओं द्वारा बनाए गए मूल्यों एवं मानदंडों के हिसाब से समाज नहीं चल रहा और यह अपने हिसाब से चलने लगा है, जिससे सामाजिक असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई है तथा सामाजिक बुराइयां समाज में फैल गई हैं। इसका प्रभाव आर्थिक विकास पर भी पड़ रहा है जिससे विकास लंबी अवधि का आनंद नहीं ले पता। अगर समय पर सामाजिक बुराइयों का समाधान नहीं किया गया तो ये अपनी जड़ें समाज में पक्का कर लेंगी। भारत में बहुत-सी सामाजिक बुराइयां हैं, जैसे जनसंख्या में बढ़ोतरी, निर्धनता, बेरोजगारी, असमानता, अशिक्षा, गरीबी, आतंकवाद, घुसपैठ, बाल श्रमिक, श्रमिक असंतोष, छात्र असंतोष, भ्रष्टाचार, नशाखोरी, जानलेवा बीमारियां, दहेज प्रथा, बाल विवाह, भ्रूण बालिका हत्या, विवाह विच्छेद की समस्या, बाल अपराध, मद्यपान, जातिवाद, अस्पृश्यता, काला धन, वेश्यावृत्ति, मानसिक रोग, प्रदूषण, लिंग भेद, क्षेत्रवाद व महिलाओं के खिलाफ हिंसा आदि। परंतु डिजिटल धोखा, साइबर क्राइम, भ्रष्टाचार, काला धन, बेरोजगारी, बलात्कार, दवाइयों तथा खानपान की चीजों में मिलावट, हिंसा, नशाखोरी तथा आतंकवाद आदि ने वर्तमान समय में समाज में अपनी जड़ें पक्की कर ली हैं और इन पर ध्यान देने की अत्यंत आवश्यकता है, नहीं तो आर्थिक विकास लंबे समय तक

संक्षिप्त खबरें

घर के बाहर से टीवीएस अपाचे बाईक की चोरी, आप भी हो जाए सावधान

रक्सौल। शहर में फिर एक बार बाईक चोर गिरोह सक्रिय हो गया है और इस बार की चोरी बाईक मालिक के घर के नीचे से बीती रात 10 बजे हुआ है। इस संबंध में मौजे निवासी संतोष प्रसाद के पुत्र बलिराम दास ने बताया कि स्थानीय थाना में एक आवेदन देकर बताया है कि बीती रात जब वो कौड़ीहार स्थित अपने एक और मकान में गए थे तो अपने टीवीएस अपाचे बाईक संख्या बीआर 05 बीबी 6545 लगाकर घर में गए और जब वापस आए तो बाईक लापता था, काफी खोजबीन के बाद भी नही मिला। अंत में उन्होंने चोरी की घटना का आवेदन दिया।

सड़क दुर्घटना में गोपालगंज के युवक की हुई मौत

इसुआपुर। मोटर वाहनों के हड़ताल टूटने के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू होते ही खैरा- सतरघाट मुख्य सड़क पर बुधवार को भकुरा भिट्ठी कोल्ड स्टोर के पास ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गोपालगंज जिले के जादोपुर गांव निवासी वकील राय के 30 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार यादव के रूप में हुई है। घटना सुबह लगभग 11 बजे की है। परिजनों ने बताया कि संतोष कुमार यादव दवा लेने छपरा जा रहे थे। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गए। वे दो भाइयों में छोटे थे। बड़े भाई की भी मृत्यु एक वर्ष पूर्व हो गई है। मृतक के दो पुत्रों व एक पुत्री के परवरिश की जिम्मेवारी अब विधवा मां के कंधों पर आ पड़ी है। उन पर अब दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद ट्रक में फंसे लाश को छोड़कर ड्राइवर व खलासी फरार हो गए। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं लाश को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

स्टेशन रोड से पिक अप लदा 1360 देशी शराब बरामद

मशरक। मशरक थाना पुलिस और एएलटीएफ टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर स्टेशन रोड में छापेमारी करते हुए पिक अप पर लदा भारी मात्रा में देशी शराब बरामद किया गया। मामले में अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पिकअप को स्टेशन रोड मे जांच के लिए रोका गया तो पुलिस की गाड़ी देखकर चालक पिक अप तेजी से लेकर भागने लगा उसी दौरान घेराबंदी में एएलटीएफ टीम की गश्ती वाहन में टक्कर मारकर पिक अप छोड़ भागने में सफल रहा। जांच के दौरान पिक अप पर 34 गैलनों में 1360 लीटर देशी शराब था। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है कि पिक अप पर देशी शराब कहां ले जाई जा रही थी और किनकी इसमें संलिप्तता हैं। जांच पड़ताल कर प्राथमिकी दर्ज की जाएंगी।

देवरिया गांव के पास सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

रिविलगंज /छपरा। सिवान मुख्य मार्ग पर बुधवार की सुबह ससुराल जा रहे मोटरसाइकिल सवार युवक की अज्ञात अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। जहां मौके वहीं बाइक पर बैठा इनके छोटे भाई को मामूली चोटे आई है। मृतक की पहचान छपरा शहर के भगवान बाजार थाना अंतर्गत रतनपुरा ओझा टोला निवासी देवराज चौधरी के 24 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में की गई है. इस दुर्घटना में उसका छोटे भाई विशाल कुमार को मामूली चोटे आई है. जिसके बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। युवक की मौत के सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक की सांस की तबीयत बिगड़ी थी और सूचना के बाद दाउदपुर अपने ससुराल छोटे भाई के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था।

रेड क्रॉस सोसाइटी ने किया शहर वासियों के लिए अलाव की व्यवस्था

छपरा। अत्यधिक ठंड को देखते हुए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा सारण के द्वारा शहर में भ्रमण करने वाले राहगीरों हेतु अलाव की व्यवस्था की गई है। रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों के द्वारा संध्या काल में शहर के अलग-अलग प्रमुख चौक चौराहों पर अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। थाना चौक पर अलाव कार्यक्रम का विधिवत्त उद्घाटन करते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा सारण की जिला सचिव जीनत जरीना मसीह ने बताया कि ठंड अत्यधिक बढ़ने के कारण संध्या वेला में राहगीरो के सहायता हेतु यह अलाव जलाने का कार्यक्रम पूरे शहर में रेड क्रॉस सोसाइटी सारण के सदस्यों के द्वारा चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम लगातार तब तक चलते रहेगा जब तक ठंड का प्रभाव थोड़ा कम ना हो जाए। उन्होंने कहा कि इसका लाभ शहर के जो भी राहगीर है उनको मिल रहा है।

सारण सांसद रुडी की अध्यक्षता में 12 सांसदों के साथ सोनपुर रेल मंडल की बैठक

दस लोकसभा एवं तीन राज्य सभा सांसदों में तीन है केंद्रीय मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी की अध्यक्षता में स्थानीय मुद्दों एवं जन आकांक्षाओं की पूर्ति एवं समाधान हेतु पूर्व मध्य रेल अंतर्गत मंडल संसदीय समिति सोनपुर की बैठक गुरुवार को रेल अधिकारी क्लब, सोनपुर में आयोजित की जा रही है। बैठक में सम्मिलित होने के लिए सोनपुर मंडल के क्षेत्राधिकार के सभी दस लोकसभा क्षेत्रों के सांसदों व 3 राज्य सभा के सांसदों को स्वयं या अपने प्रतिनिधि को शामिल होने का आमंत्रण भेजा गया है। समिति के सदस्यों से प्राप्त सुझावों पर बैठक में विमर्श होगा और वर्तमान में कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा और भावी योजनाओं के साथ मंडल में रेलवे की प्रगति से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार किया जायेगा। रेल मंडल सोनपुर क्षेत्राधिकार में वैशाली सांसद विणा देवी, खगड़िया सांसद महबूब अली कैसर, भागलपुर सांसद अजय मंडल, कटिहार सांसद दुलालचंद गोस्वामी, मुजफ्फरपुर सांसद अजय निषाद, समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज, उजियारपुर सांसद सह केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय हाजीपुर सांसद सह केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, बेगुसराय सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, राज्य सभा सांसद अहमद अशफाक करिम, राज्य सभा सांसद रामनाथ ठाकुर, राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा शामिल है।

बैठक की अध्यक्षता करने वाले सारण सांसद रुडी ने कहा, सारण लोकसभा क्षेत्र मे ही सोनपुर पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत सोनपुर मंडल है जिसका इतिहास अत्यंत पुराना है। एक समय था जब सोनपुर ही देश सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म वाला स्टेशन हुआ करता था। बैठक में विशेष रूप से वर्तमान में चल रही परियोजनाओं और जनहित की छोटी-छोटी योजनाओं पर दृष्टिपात किया जाएगा। साथ ही भविष्य के विकास को ध्यान में रखते हुए नई परियोजनाओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के सक्षम नेतृत्व में रेल बजट को आम बजट में समन्वित कर साहसिक कदम उठाया जिसके कारण रेलवे की और द्रुत गति से प्रगति हो रही है और समय पर रेल परियोजनाएं पूर्ण हो रही है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एक के बाद एक तमाम ऐसी योजनाओं की शुरूआत की गई है जिससे रेल यात्रियों का सफर सुविधाजनक हो रहा है। इसी कड़ी में सारण में भी रेलवे की कई योजनाओं का कार्यान्वय हो रहा है। कुछ भावी योजनाएं जिनकी संरचना पर कार्य किया जा रहा है उसके संदर्भ में बैठक में मंत्रणा की जायेगी।

बैठक में सोनपुर रेल मंडल क्षेत्र से संबंधित सांसदों व महाप्रबंधक के साथ विभिन्न विभागाध्यक्षों के बीच सोनपुर मंडल में विभिन्न रेल विकास कार्यों पर विचार विमर्श किया जायेगा साथ ही मंडल में साफ-सफाई एवं यात्री सुविधा से संबंधित कई कार्यों की समीक्षा भी की जायेगी। मालूम हो कि आम जन की व्यक्तिगत समस्याओं के निराकरण के साथ ही सामाजिक प्रगति और सामूहिक विकास कार्य के प्रति सजग रहने वाले सारण लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री राजीव प्रताप रुडी, सारण जिला में आमजन के लिए रेल की यात्रा को सुविधाजनक बनाने का प्रयास निरंतर करते रहे है। इसी कड़ी में अब सांसद ने सारण में रेलवे के विकास से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बैठक में चर्चा करेंगे। दरअसल पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाला सारण लोकसभा क्षेत्र पूर्वोत्तर भारत की बरौनी-गोरखपुर रेल मार्ग पर अवस्थित है, जो अत्यंत व्यस्त रेल मार्गों में से एक है। इस क्षेत्र में रेलवे की प्रगति का आकलन, यात्री सुविधाओं के विकास पर पूर्व मध्य रेलवे की सोमवार को बैठक होगी।

6वीं बटालियन आई टी बी पी द्वारा जीडी मनोज कुमार सिंह का शहादत दिवस मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। 6वी बटालियन भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा शहीद निरीक्षक /जीडी मनोज कुमार सिंह का शहादत दिवस शहीद के संबंधित विद्यालय श्री बिंदा सिंह जंगली सिंह इंटर स्कूल फतेहपुर राघोपुर जिला वैशाली में मनाया गयो 6 वी वाहिनी के दिशा निर्देश में उनके परिवारजनों, स्थानीय सम्मानित प्रतिनिधियों ,स्थानीय पुलिस, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक गण, छात्रों ,ग्राम पंचायत के मुखिया तथा ग्राम वासियों की उपस्थिति में शहादत दिवस मनाया गयो शहीद निरीक्षक /जीडी मनोज कुमार सिंह का जन्म बिहार के वैशाली जिले के गांव फतेहपुर में दिनांक 15 जनवरी 1970 को हुआ था।

स्कूली शिक्षा के उपरांत दिनांक 31.3. 1995 को भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में उप निरीक्षक/ जीडी के पद पर भर्ती हुऐ वह एक अनुशासित कर्तव्य निष्ठ और ईमानदार सैनिक थे शहीद मनोज कुमार सिंह अफगानिस्तान में कार्यरत सीमा सड़क संगठन के कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करने हेतु भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल की त्वरित प्रतिक्रिया टीम का हिस्सा थे। दिनांक03/01/2008 को 16:45 बजे त्वरित प्रतिक्रिया टीम जब तालिबान के प्रभाव वाले इलाके में कॉन्वॉय के आखिरी वाहन को सुरक्षित निकालने का यकीन करने के बाद अपनी टीम को मुख्यालय वापस ले जाने हेतु पुनः एकत्रित हुए तभी एक आत्मघाती बांबर ने खुद को उनके नजदीक आकर उड़ा दियोजिससे निरीक्षक/ जीडी मनोज कुमार सिंह घायल हो गए तथा गंभीर चोटों के कारण दिनांक 3. 1 .2008 को वीरगति को प्राप्त हो गए।

निरीक्षक /जीडी मनोज कुमार सिंह ने जो राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया है उसको कभी भुलाया नहीं जा सकता है उस वीरगाथा को अक्षुन्न रखने के लिए शहीद निरीक्षक /जीडी मनोज कुमार सिंह के विद्यालय में उनके शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गयो उनकी यह शहादत सभी स्थानीय लोगों और विद्यालय के छात्रों के लिए हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहेगा।

शिया की पहली महिला शिक्षिका ज्योति सावित्री बाई फूले की मनाई गई जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय पनटोका में बुधवार को एशिया की पहली महिला शिक्षिका, क्रांति ज्योति सावित्री बाई फूले की जयंती वरीय शिक्षिका गीतारानी की अध्यक्षता में आहूत हुई।इस कार्यक्रम में शिक्षकोंझशिक्षिकाओं व छात्रझछात्राओं ने बारी-बारी से माल्यार्पण सह पुष्पर्चन किया तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षक मुनेश राम ने बताया कि जिस समय हमारा समाज सामाजिक कुरीतियों की वर्जनाओं में उलझा हुआ था तथा महिलाओं व बालिकाओं को जाति व धर्म आधारित दकियानूसी विचारधारा तथा पाखंड के कारण शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतों से महरूम रखा जाता था।

ऐसे समय दक्षिण भारत में एक क्रांति ज्योति का उद्भव हुआ, जिन्हे सावित्री बाई फूले के रूप में हम जानते है। महज ग्यारह वर्ष की आयु में इनका बाल विवाह आधुनिक भारत में सर्वशिक्षा के जनक महात्मा ज्योतिराव फूले के साथ हुई। उन्होंने कहा कि अशिक्षा के कारण समाज की बालिकाओं के बाल विवाह, विधवा प्रथा और शोषण से मुक्ति के लिए उनके पति ज्योतिबा ने सरकार और अतिवादियों से संघर्ष के लिए शंखनाद कर दिया और अभिवंचित वर्ग को शिक्षा से जोड़ने का बीड़ा उठाया तो उन्होंने देखा कि जब तक महिलाओं को शिक्षित नहीं किया जायेगा, तब तक अभिवंचित वर्गों के बीच बाल विवाह, विधवा प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को खत्म करना संभव नहीं है। फलतः उन्होंने अपनी निरक्षर पत्नी माता सावित्री बाई फूले को पढ़ाया तथा महज 17 वर्ष की उम्र में भारत ही नहीं अपितु एशिया महादेश की पहली महिला शिक्षिका बना पांच सितंबर 1848 को बालिकाओं के लिए पुणे में प्रथम बालिका विद्यालय की स्थापना की और महज नौ बालिकाओं से बालिका विद्यालय की शुरूआत किया। फूले दंपती का यह प्रयास और उनके द्वारा जलाई गई क्रांतिज्योत आधुनिक भारत के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ और दुनियां में फिर से इंदिरा गांधी, मीरा कुमार, मायावती, नजमा हेपतुल्ला, बछेंद्री पाल, किरण बेदी, संतोष यादव, अरुंधति राय, सुषमा स्वराज, महामहिम द्रोपदी मुर्मू जैसी महिलाओं को दुनियां में परचम लहराने का मौका मिला। वही कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रभारी एचएम प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जिस महिला ने अपने संघर्षों की बदौलत देश की महिलाओं को सम्मान से जीने, विधवा प्रथा व बाल विवाह से मुक्ति के मुक्ति के लिए संघर्ष किया।उनका योगदान आज भी अविस्मरणीय है। हमें वैसी वीरांगना महिला से प्रेरित होकर शिक्षा को आत्मसात करने चाहिए, जबकि शिक्षक मो.सैफुल्लाह ने कहा कि मानवता का सर्वांगीण विकास शिक्षा से ही संभव है।इसके लिए हमें प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले व उनकी सहयोगी फातमा शेख की जीवनी से प्रेरणा लेकर बालिका शिक्षा को मजबूत करने की जरूरत है। एक व्यक्ति खुद शिक्षित होता है लेकिन एक महिला अगर शिक्षित होती है तो पूरा परिवार शिक्षित होता है। हर सामाजिक परिवर्तन का आगाज शिक्षा यानी तालीम से ही शुरू होता है और तालीमयाफ्ता समाज ही विकास को इबारत गढ़ता है। फलतः हमें अगर थाली बेचने पड़े तो बेंचे,लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं,यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर शिक्षक कुंदन कुमार, सुभाष प्रसाद यादव, रूपा कुमारी, बबिता कुमारी, आसमां प्रवीण, कविता कुमारी, दीक्षा कुमारी सहित छात्र छात्राएं भी शामिल रहे।

प्रभु श्री राम सबके हैं और सब प्रभु श्री राम के है : रणजीत कुमार सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। अयोध्या जाने वाली लव कुश रथ यात्रा का प्रथम पड़ाव सारण की पावन धरती पर होने पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को लोगों ने इस रथ यात्रा का जोरदार स्वागत किया एवं पूजा अर्चना किया ।भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने बताया किया लव कुश रथ यात्रा बिहार के 38 जिलों का भ्रमण करते हुए 22 तारीख को अयोध्या पहुंचेगी। इस रथ यात्रा में साथ-साथ लगातार हवन भी हो रहा है। इस हवन की पूर्ण आहुति अयोध्या पहुंचने पर की जाएगी उन्होंने बताया कि 2 जनवरी से शुरू हुई इस यात्रा का प्रथम पड़ाव सारण की धरती पर था और सारण के धरती पर प्रभु श्री राम ने अहिल्या का उद्धार किया था। पूरे सारण के लोगों की तरफ से आज इस रथ यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम सबके हैं और सब श्री राम के हैं। आज पूरा भारतवर्ष गौरवान्वित हो रहा है कि पांच सौ वर्षों के बाद प्रभु श्री राम अपने स्थान पर विराजमान होंगे। यह गौरवान्वित क्षण हम सबको हर्षित कर रहा है 22 तारीख को पूरे जिले में दीपावली मनाई जाएगी रथ यात्रा का स्वागत करने वालों में महामंत्री विवेक कुमार सिंह, मंत्री सत्यानंद सिंह, कार्यालय मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर, मिडिया प्रभारी बलवंत सिंह,शत्रुघ्न चौधरी अनिल यादव ,अनूप यादव सहित सैकड़ो के संख्या में भक्तगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चैनपुर गांव से पुरब खेत में लावारिस पड़ी बच्ची को गांव के युवकों ने माँझी सीएचसी में पहुंचाया

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। बुधवार की सुबह माँझी नगर पंचायत स्थित माँझी रेलवे स्टेशन से उत्तर तथा चैनपुर गाँव से पुरब खेत में लावारिस पड़ी बच्ची को गाँव के युवकों ने माँझी सीएचसी में पहुँचा दिया। बाद में चिकित्सकों द्वारा नवजात बच्ची की सघन चिकित्सा जाँच की गई। उधर नवजात के सीएचसी में लाये जाने की सूचना पाकर छपरा चाइल्ड केयर सेंटर के सदस्यों ने माँझी सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार से हस्तानांतरित करा कर बच्ची को अपने साथ लेकर छपरा चले गए। इस बीच लावारिस बच्ची के बरामद होने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सीएचसी परिसर में आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई तथा बच्ची को हासिल करने के लिए कई दम्पत्ति जुगत भिड़ाने में जुट गए। लोगों की भीड़ को देखते हुए सीएचसी परिसर में माँझी थाना पुलिस भी पहुँच गई। इस दौरान बच्ची के लालन पालन व परवरिश के लिहाज से कई अन्य दम्पत्ति भी मौके पर पहुँच गए। इतना ही नही बच्ची को हासिल करने हेतु एक दम्पत्ति ने बतौर चारपहिया गाड़ी सजाकर तथा बैंड बाजे के साथ सीएचसी परिसर पहुँच गए। यही नही उनके समर्थन में कुछ देर के लिए कई लोग मुख्य गेट के बाहर धरने पर भी बैठ गए। धरना पर बैठे लोग प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर कर रहे थे बावजूद इसके अस्पताल प्रबंधन के आग्रह पर कुछ ही देर बाद लोगों ने धरना समाप्त कर दिया। सूचना पाकर माँझी सीएचसी परिसर में पहुँची माँझी नगर पँचायत की मुख्य पार्षद विजया देवी, उप मुख्य पार्षद नीतू सिंह, पूर्व जिप सदस्य पंकज सिंह, माँझी विधान सभा के पूर्व प्रत्यासी ई सौरभ सन्नी, विधान पार्षद प्रतिनिधि प्रभाकर दुबे उर्फ मुन्ना बाबा, राजद नेता विनय यादव, समाजसेवी कृष्णा सिंह पहलवान मयंक कुमार ओझा नितेश कुमार ओझा तथा जुबैर अहमद आदि ने चाइल्ड केयर सेंटर के सदस्यों से बच्ची को माँझी के ही किसी निःसन्तान व इच्छुक दम्पत्ति को हस्तांतरित कर देने का आग्रह किया हालाँकि छपरा से पहुँचे सदस्यों ने उन लोगों के आग्रह को अस्वीकार कर दिया एवम बाद में बच्ची को लेकर छपरा चले गए। इस तरह सुबह आठ बजे से जारी घटनाक्रम छह घण्टे बाद दोपहर दो बजे पटाक्षेप हो गया।

ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रतिनिधि का किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भारत सरकार के परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और छपरा के यशस्वी सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी के अथक प्रयास से दीघा पहलेजा सिक्स लेन पुल की 3064 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिलने से आम जन में खुशी की लहर दौड़ गई और दरिहारा सागर बाजार मे सरपंच प्रतिनिधि राजेश सिंह अर्जुन सिंह धावक और वार्ड उदय सिंह के नेतृत्व में बीजेपी नेताओ को मिठाई खिलाकर बधाई दिया।

उक्त खुशी के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष निरंजन शर्मा छेत्रिय प्रभारी अनिल सिंह को स्थानीय लोगो द्वारा फुल माला अंग वस्त्र के साथ जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नेता प्रिंस कुमार सिंह,मंडल अध्यक्ष अजय नाथ पूरी अनुज सिंह वार्ड नुनु मांझी अर्जुन सिंह शत्रुधन सिंह सनी विकास सिंह टोनू सिंह ब्रजेश सिंह पूर्व समिति संजय महतो अरबिंद सिंह सहित सैकड़ो की संख्या मे ग्रामीण उपस्थित होकर गाजे बाजे के साथ जश्न मनाया। सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के माध्यम से सारण जिला के सड़क नेटवर्क को लगातार मजबूत बना रहे है उन्होंने कहा कि इन बड़ी सड़क परियोजनाओ से जिला मै आधारभुत ढाँचे कि तस्वीर बदलेंगी ओ विकास को भी नई दिशा मिलेगी । उन्होंने कहा किया इन परियोजनाओ के पूरा होने पर आने वाले दिनों मै प्रमडल के तीनो जिला सारण सिवान के साथ ही उत्तर प्रदेश के गोरखपुर लखनऊ होकर दिल्ली जाने वाले वाहनो को लाभ मिलेगा इसी तरह सारण जिला का पटना से कनेक्विटी और सुगम होगा जिससे राज्य मे कही भी आने जाने मे सुगमता होंगी और कहा की कई लोग अफवाह फैला रहे थे की यह एक जुमला है होने वाला नहीं है उनके अब अफवाह फैलाने का समय खत्म हो गया और अब बहुत जल्दी ही कार्य शरू हो जायेगा ।

छात्र नेताओं ने कुलपति से की मुलाकात

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।बुधवार को आर एस ए एवं छात्र जदयू के नेताओं ने जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो के सी सिन्हा से मुलाकात कर विश्वविद्यालय में फैले शैक्षणिक अराजकता को दूर करने को लेकर वार्ता किया गया. जिसमें स्नात्तकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सत्र 2022-24 मैं नामांकन के लिए मेघा सूची के प्रकाशन। पैट 2023 के परीक्षा का एग्जाम घोषित करने को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। स्नातक प्रथम सेमेस्टर 23-27 के परीक्षा प्रपत्र भरने का तुरंत घोषणा किया जाए. स्नातक द्वितीय खंड, स्नातक द्वितीय खंड स्पेशल, स्नातक तृतीय खंड, स्नात्तकोत्तर तृतीय सेमेस्टर एवं द्वितीय सेमेस्टर का जो परीक्षा प्रपत्र भरा जा रहा था अचानक लिंक बाधित हो गया है उसे तुरंत दुरस्त कर चालू कराया जाए। ताकि परीक्षा ससमय हो सके। डिग्री बनने में बहुत समय लग रहा है डिग्री बनने के लिए टाइम फ्रेम तय किया जाए। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए विभिन्न छात्र-छात्राओं का नौकरी होने के उपरांत आ रहा है जो ससमय नहीं हो रहा है उसे ससमय वेरिफिकेशन किया जाये। विज्ञान संकाय के संकाय अध्यक्ष की तुरंत नियुक्ति हो। विस्तार से और सभी बिंदुओं पर सकारात्मक वार्ता हुआ। वार्ता में प्रमुख रूप से छात्र जदयू के विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रशांत बजरंगी, आर एस ए के नेता आशीष यादव उर्फ गुलशन यादव, परमेंद्र सिंह कुशवाहा, जदयू के नेता परमजीत कुमार थे।

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन छपरा शाखा का हुआ आधिकारिक दौरा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन छपरा शाखा का दौरा प्रदेश अध्यक्ष युगल किशोर अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छपरा शाखा के अध्यक्ष हरीकृष्ण चाँदगोठिया ने किया। संचालन प्रहलाद कुमार सोनी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संगठन मंत्री सह प्रवक्ता श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। सचिव का प्रतिवेदन विजय कुमार चौधरी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष युगल किशोर अग्रवाल को संगठन मंत्री श्याम बिहारी अग्रवाल, भगवती प्रसाद जगाती तथा अनिल भरतिया ने अंगवस्त्र से सम्मानित किया। वहीं वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष अमर कुमार दहलान को दीन दयाल शर्मा तथा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय कुमार मोदी को पवन कुमार अग्रवाल ने अंगवस्त्र से सम्मानित किया।

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष युगल किशोर अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में छपरा शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। श्री अग्रवाल ने कहा किसी भी चुनाव में मारवाड़ी समाज एक जुट होकर एक प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की चर्चा की। योग्य संतान के लिए उपयुक्त वैवाहिक संबंध की तलाश सम्मेलन द्वारा किया जा रहा हैं। रिश्ता आया हुआ है ? तो क्या भारत के किसी भी शहर से विश्वसनीय जानकारी चाहिए ? इस तरह की कोई भी जानकारी सम्मेलन द्वारा दी जा रही हैं। पटना या भारत के बड़े अस्पतालों में इलाज में प्राथमिकता और खर्च के बिल में रियायत दिलवाया जा रहा हैं। उच्च शिक्षा छात्रवृति के लिए मारवाड़ी समाज के किसी मेधावी छात्र का आवेदन अग्रसारित करना चाहते हैं तो सम्मेलन भरपूर मदद करेगा। उपयुक्त रोजगार या सर्विस की आवश्यकता है तो सम्मेलन इसकी भी व्यवस्था भी सम्मेलन से की जा रही हैं। मारवाड़ी समाज की कोई भी विधवा या परित्यक्ता महिला आजीविका के लिए परेशान है तो उसके आजीविका की व्यवस्था सम्मेलन द्वारा किया जा रहा हैं। बिना गलती किए किसी भी प्रकार के अनुचित सरकारी या गैर सरकारी दबाव से त्रस्त हैं तो सम्मेलन उससे निजात दिलाने का कार्य करेगा।

अपनी भाषा, संस्कृति-संस्कार, पर्व-त्यौहार से संबंधित किसी प्रकार की प्रमाणिक जानकारी चाहते हैं तो सम्मेलन द्वारा दी जाएगी।

विकसित भारत 2047 पर गणित विभाग में मंथन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जय प्रकाश विश्वविद्यालय के गणित विभहग में भारत को 2047 तक विकसित बनाने को लेकर गोष्ठी का आयोजन हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार ने कहा कि भारत को विकसित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रत्येक युवक को भारत को विकसित बनाने में आपनी भूमिका स्वयं निर्धारित करना चाहिए।

ज्ञापत्व है कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्येक विश्वविद्यालय के छात्रों और युवाओं की ऊर्जा को ह्यविकसित भारतह्य के सामान्य लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगाने की आवश्यकता को रेखांकित किया था। प्रधानमंत्री ने विचारों की विविधता को ध्यान में रखते हुए विकसित भारत के निर्माण की दिशा में सभी शक्तियों को जोड़ने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने सभी से विकसित भारत@2047 के दृष्टिकोण में योगदान करने के लिए अपनी सीमा से परे जाकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को इस अभियान से जोड़ने के लिए देश के हर कॉलेज और विश्वविद्यालय में विशेष अभियान चलाने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत से जुड़े आइडियाज पोर्टल की लॉन्चिंग का जिक्र किया और बताया कि 5 अलग-अलग विषयों पर सुझाव दिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सर्वश्रेष्ठ 10 सुझावों के लिए पुरस्कार की भी व्यवस्था की गई है। आप अपने सुझाव मायगॉव पर भी दे सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे भारत (इंडिया) की शुरूआत आई यानी मैं से होती है वैसी ही आइडिया यानी विचार की शुरूआत भी आई यानी मैं से होती है। इसी तरह विकास के विचार भी स्वयं के मैं से शुरू होते है।

काले कानून के खिलाफ सीपीआई कार्यकर्ताओं ने अमित शाह का पुतला फूंका

छपरा कार्यालय। बुधवार को छपरा शहर के भगवान बाजार में की कार्यकताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका और ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ बनाए गए काले कानून को वापस लेने की मांग की गायत्व्य है की केंद्र सरकार ने पिछले दिनों संसद सत्र में विपक्ष को निष्कासित कर तीन कानून में संशोधन किया था इसके खिलाफ देश भर के ट्रक वाहन चालक आक्रोश में है और इसका विरोध कर रहे हैं पिछले तीन दिनों से इनका हड़ताल जारी है इसी के समर्थन में की कार्यकताओं ने पुतला दहन किया। इस पुतला दहन कार्यक्रम में की के राज्य कार्यकारिणी के सदस्य सुरेंद्र सौरभ सारन जिला सचिव रामबाबू सिंह छपरा नगर की के सचिन सुरेश वर्मा रमेश ठाकुर दिलीप वर्मा शिवनाथ राय बधाई राम सिपाही मियां सहित दर्जनों कार्यकताओं ने भाग लिया। कड़ाके की ठंड मेदुबाह 09बजे यह कायक्रम संपन्न हुआ।

डेढ़ माह पहले घर से भटकर बंगला देश पहुंची महिला की हुई पहचान

(मांझी)। करीब डेढ़ माह पहले घर से भटकर बंगला देश पहुंची महिला की पहचान हो गई है। उक्त महिला दाउदपुर थाना क्षेत्र के सिसवां खुर्द गांव निवासी दादू तिवारी के पत्न ी 35 वर्षीय गुड़िया देवी उर्फ सरल देवी की बताई जाती है। वह मानसिक रूप से बीमार भी बताई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब डेढ़ माह पहले अचानक गुड़िया देवी घर स गायब हो गई थी। इस दौरान परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं उसका पता नही चला। जिसके बाद परिजनों ने दाउदपुर थाना में महिला की गुमशुदगी का एक लिखित आवेदन दिया। परिजनों ने बताया की छठ पूजा के बाद गुड़िया घर से गायब हो गई थी। इसी बीच सोमवार की देर शाम सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हु

संक्षिप्त खबरें

नए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का लोगों ने किया स्वागत

नोखा (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय बीआरसी परिसर स्थित कार्यालय मेंनए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुमन कुमार श्रीवास्तव का शिक्षक सहित लोगों ने भव्य स्वागत किया। जहां 30 दिसंबर को पदभार ग्रहण करने के बाद नए शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि पूरी पारदर्शिता के साथ प्रखंड में शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्य करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। जिस कार्य सहयोग ईमानदारी पूर्वक विद्यालय के सभी शिक्षकों सहित छात्र-छात्राओं की सहभागिता महत्वपूर्ण होगी। क्योंकि बच्चों के आने वाले भविष्य का निर्धारण शिक्षक ही करते हैं। मौके पर प्रखंड शिक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

माता सावित्री बाई फुले के तैलीय चित्र पर की गई पुष्पांजलि अर्पित

आरा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोहनपुर , आरा मुफ्फसिल उत्तरी, भोजपुर में देश की पहली महिला शिक्षिका , क्रांति ज्योति , नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता एवं महान समाजसेविका की जयंती मनाई गई । माता सावित्री बाई फुले के तैलीय चित्र पर विद्यालय के शिक्षकों , बच्चों, रसोइया एवं सफाईकर्मी के द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। विद्यालय के शिक्षक धर्म कुमार राम ने बताया की माता सावित्री बाई फुले की अमर कृति को भुलाया नहीं जा सकता है। देश के अंदर शिक्षा का अलख जगाने का श्रेय माता फुले को ही जाता है। तमाम यातनाओं को झेलते हुए बालिकाओं की शिक्षा के लिए प्रथम बालिका विद्यालय खोली। इनकी संघर्षों की लंबी गाथा है। ज्ञान की देवी माता सावित्री बाई फुले की जयंती 03 जनवरी को शिक्षिका दिवस के रूप में मनाने की घोषणा केंद्र एवं राज्य की सरकारों को कर देनी चाहिए।

प्रमुख और उपप्रमुख के खिलाफ लगा अविश्वास प्रस्ताव

राजपुर (रोहतास) प्रखंड प्रमुख कुन्ती कुंअर व उप प्रमुख निर्मला देवी के विरूद्ध पंचायत समिति विक्षुब्ध गुटों के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। जो बुधवार को रोतवा पंचायत समिति सदस्य सुमेर सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यों का हस्ताक्षर युक्त पत्र बीडीओ व कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया। पत्र में प्रमुख पर विकास कार्यों के लिए प्राप्त राशि आवंटन में पंचायत समिति सदस्यों के साथ भेदभाव किया जाता है। अपने समर्थकों को ही योजना के लाभ में शामिल किया जाता है। बीडीओ रवि राज ने कहा कि तीन पंचायत समिति सदस्यों में सुमेर सिंह रोतवा पंचायत, सुधा देवी मंगरवलिया पंचायत तथा बरना पंचायत समिति संतोष कुमार ठाकुर के द्वारा प्रमुख व उप प्रमुख पर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है । इन सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव चर्चा के लिए जल्द ही विशेष बैठक बुलाने की मांग की गई है।

देसी शराब साथ कारोबारी गिरफ्तार

बिक्रमगंज (रोहतास) पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी शराब के साथ रंगे हाथों एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। दिनारा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के नौवा गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर राम प्रवेश सिंह के पुत्र पिंटू यादव को रंगे हाथों 5 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पॉस्को एक्ट के तीन आरोपी को जेल

काराकाट (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने बुधवार को काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग लड़की को भगाने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। वही थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में देवमार्कण्डेय के अमन कुमार उर्फ भड्डन पिता विमलाकांत मिश्रा , दहियाडी निवासी भरत साह तथा भोजपुर जिला के गड़हनी थाना क्षेत्र बरांव गांव निवासी संतोष शर्मा बताया जाता है। जिनके विरुद्ध पॉस्को एक्ट के तहत स्थानीय थाना में कांड दर्ज था।

नाबालिग लड़की को भगानें के मामले में तीन आरोपी को जेल

काराकाट (रोहतास) काराकाट पुलिस ने बुधवार को काराकाट थाना क्षेत्र के ही एक नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एक देवमार्कण्डेय के अमन कुमार उर्फ भड्डन पिता विमलाकांत मिश्र वही दूसरा मामला दहियाडी ललिता देवी का पति भारत साह तथा भोजपुर जिला के गहड़नी थाना क्षेत्र के बराए गांव निवासी बेबी देवी पति संतोष शर्मा को गिरफ्तार कर पॉस्को एक्ट के तहत जांच उपरांत जेल भेज दिया गया।

दुर्गावती जलाशय परियोजना और भारत माला परियोजना से किसानों को हो रही परेशानी

सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता सह भाजपा नेता पहुंचे कैमूर, किए प्रेस कॉन्फ्रेंस

प्रात : किरण संवाददाता

(कैमूर) भभुआं दिल्ली सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सह भाजपा नेता अजय दुबे भभुआ शारदा पैलेस में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि जिले में दुर्गावती जलाशय परियोजना है। जहा से छोटी नहर वितरणी और माइनर नहीं बनने की वजह से यह सारी परेशानियां किसानों को झेलनी पड़ रही है परेशानी यह है कि 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक सही से धान की कटाई और बुवाई का समय है ।उसको भी पार कर गया है अभी तक किसानों की धान की कटाई नहीं हुई है और धान की कटाई नहीं होने की वजह से खेत गिला है ।इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि 2014 में दुर्गावती जलाशय परियोजना का उस टाइम जीतन राम मांझी उस समय मुख्यमंत्री थे ।उन्होंने इसका उद्घाटन किया और उसे समय विजय चौधरी सिंचाई मंत्री ।थे उन्होंने कहा था कि 6 महीने के अंदर जो सारा सिस्टम है जलाशय से रिलेटेड उसको दुरुस्त कर दिया जाएगा लेकिन आज 8 साल बीत गए आज तक ना तो माइनर बनी ना छोटी वितरणी बनी ना छोटी नहरें बनी कोई काम नहीं हुआ है और वहां से जब टाइम टाइम पर पानी छोड़ा जाता है तो खेत खेत से ही होकर के किसानों के खेत में पानी आता है ।बुवाई भी देर से हो रही है कटाई भी देर से हो रही हैं। और इससे किसनो को भारी छती है यह सबसे जलंत मुद्दा है ।इससे संबंधित गांव का दौरा किया

जिसमे बहेरी,झाली मझिआंव अमाव, दियरी गांव का दौरा किया जहा किसान परेशान है ।उन्होंने बताया कि किसान का अब तो धान कटाई हुआ हैं। मैं प्रशासन और शासन दोनों से अनुरोध करता हूं कि जल्द से जल्दी इसकी वितरणी माइनर और छोटी नहरे बनाई जा सके ताकि किसानों को सही समय पर पानी मिले और वह अपनी खेती समय पर कर सकें ।किसानों का फसल तैयार हो गया है धान का उसने कटाई कर ली है वह फसल जब बेचने जा रहा है तो उसका न्यूनतम समर्थन मूल्य जो है 2183 रुपए प्रति कुंटल है लेकिन वहां के जो साहूकार हैं या जो सरकारी कृषि विभाग में या फैक्स के माध्यम से जो धन जा रही है पैक्स उसको 2000 रुपए प्रति क्विंटल से खरीद रहा है और जो साहूकार है वह 1950 या 1900रुपए प्रति कुंटल के हिसाब से खरीद रहे हैं तो वहां भी ढाई सौ रुपए से लेकर पौने तीन सौ का वहां भी किसानों को नुकसान हो रहा है तो किसान को जब केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य तय कर दिया है उसे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रशासन और शासन खरीद बिक्री क्यों नहीं करा रही यह सबसे बड़ा प्रश्न है मेरा और इसकी सही तरीके से इसके ऊपर रिपोर्ट बनाया जाए और इसकी जांच कराई जाए इसमें सरकारी विभाग जो कृषि विभाग के जो अधिकारी हैं पदाधिकारी है वह भी इसमें शामिल है बैंक भी इसमें शामिल है जहां इंटेक्स को क्रेडिट फैसिलिटी भी जाती है इन सब के ऊपर एक टास्क फोर्स बनाकर के उनके ऊपर जो दोषी है उनके ऊपर करवाई की जा सके। अजय दुबे ने बताया कि भारतमाला प्रोजेक्ट के अंदर किसानों की जमीन गई उसके उसके अंदर में गई है। उन्होंने अपने एप्लीकेशन से उचित मुआवजा के लिए दिया हुआ है लेकिन उसे एप्लीकेशन का डिस्पोजल कानून के तरीके से नहीं हुआ है और बहुत सारे एप्लीकेशन वहां पेंडिंग है आज भी इसके ऊपर ना तो राज सरकार कोई कदम उठा रही है ना यहां की प्रशासन उठा रही है यह जल्द से जल्द उनके एप्लीकेशन का डिस्पोजल करें और वह कानून सम्मत करें यह मेरी मांग है और भी बहुत सारे छोटी-छोटी समस्याएं हैं और हमारी बाते नही मानी गई तो इसके ऊपर हम रीड पिटीशन पटना हाई कोर्ट के अंदर में डालेंगे अगर किसनो की बातें नहीं मानी गई या वहां जो माइनर वितरनी नही बने हैं वह अगर पूरा नहीं किया गया तो 6 महीने के अंदर मैं इसके ऊपर रीड पिटीशन आपके पटना हाई कोर्ट में डालेंगे वह डायरेक्शन के लिए डालें की विभिन्न एक टाइम फ्रेम के अंदर में इस काम को पूरा किया जाए और इसकी लड़ाई कानूनी तरीके से और संवैधानिक तरीके से यह मेरा जो है यह चौथा समस्या है इसके अलावा जो समस्याएं हैं कि आज के डेट में आप चले जाइए स्कूल में जहां टीचर है वहां जहां शिक्षक है वहां स्टूडेंट नहीं है कुछ स्कूल टूटे हुए हैं कुछ लोग सेड में पढ़ाई जा रहे हैं इसमें आप लोग में से ही कोई एक पत्रकार बंधु जो एक रिपोर्ट बनाया था अख लासपुर का एक विद्यालय है वह उसे विद्यालय में 300 बच्चे हैं और उसे विद्यालय के लिए तीन भी कमरा नहीं है बच्चे जो है सामुदायिक भवन के अंदर में पढ़ते हैं तो मेरी यहां पर जो जिलाधिकारी महोदय है उनसे मेरी मांग यह है कि वहां जल्द से जल्द आप स्कूल का बंदोबस्त करें ताकि हमारे जो गरीब बच्चे हैं जो साधारण परिवार से बच्चे जो पढ़ने जाते हैं वह अच्छी तरीके से पढ़ाई कर पाए और इतनी ठंड पड़ रही है ताकि वह किसी सेड के अंदर में वहां सही तरीके से पढ़ें इसके लिए यहां की प्रशासन यहां का जिला प्रशासन जो है उसकी व्यवस्था करें इसके अलावा बहुत सारी समस्याएं हैं युवा जो उनको रोजगार के नाम पर सिर्फ ठगा जा रहा यहां सिर्फ घोटाले का प्रदेश बन गया है ।यहां जो सनातन के ऊपर यहां के नेता हमला कर रहे हैं सनातन को गाली दे रहे हैं गली देना बंद करें नहीं तो उनकी स्थिति वह होगी जो कभी जिंदगी में यह धीरे-धीरे किताब के पन्नों में ही पढ़े जाएंगे।

भगवान श्री राम अक्षत कलश को भक्तों ने घर-घर में पहुंचाया

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 1 से 15 जनवरी तक राम मंदिर गृह संपर्क अक्षत कलश वितरण जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजित कार्यक्रम तहत रोहतास जिला के बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्ड तहत हजारों घरों में राम भक्तों ने बुधवार को अक्षत कलश का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन रजिस्ट्री ऑफिस दुर्गा पूजा समिति,धनगाई के सदस्यों ने की। इस मौके पर सदस्यों ने लोगों संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि राम मंदिर का निर्माण नही यह एक सनातन राष्ट्र का उदय निर्माण हो रहा है। जिसको लेकर भारत पुनः विश्व गुरु बनने के पथ पर अग्रेसर हो चला है। ज्ञात हो कि देश के राम मंदिर के लिए पूर्व में हमारे राष्ट्र भक्तों ने अपने प्राण तक निछावर कर दिए हैं। जो विगत

1992 के कार सेवकों को सच्ची श्रद्धांजलि 22 जनवरी को स्थापित करके सनातनी उन्हें देंगे। साथ ही साथ 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। जिस दिन घर-घर दीप जला राम भक्त भगवान श्री राम को याद कर भक्तिमय दीप जलाएंगे। जिस अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों में कीर्तन-भजन कार्यक्रम आयोजित होगी। इसके लिए लोगों को एक-दूसरे को जागरुक करने का अवश्य संकल्प लेनी चहिए। मौके पर चंद्र शेखर सिंह, मुन्ना पांडे, रवि प्रकाश, गुड्डू कुमार, मंदन कुमार, अंकित कुमार, लल्लू सिंह, पिंटू सिंह, अर्जुन कुमार, राजू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

रोहतास के नोखा में लगेगा जनसंवाद का दरबार, डीएम सुनेंगे फरियाद

प्रात : किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) रोहतास डीएम के नेतृत्व में 4 जनवरी गुरुवार को जनसंवाद कार्यक्रम का होगा आयोजन। इसकी सूचना के बाद प्रखंड मुख्यालय में सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। जिसको लेकर बीडीओ अतुल कुमार ने दिशा-निर्देश जारी कर सभी विभागीय पदाधिकारियों को आयोजित स्थल पर विधि व्यवस्था तहत निर्देश दिया है। बीडीओ ने बताया कि 13 दिसंबर तक प्रखंड के तेरह पंचायतों अंतर्गत 5 पंचायतों में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया था। जो शेष बचे आठ पंचायतों में क्षीखिंडा, चन्की, नोनसारी, सोतवा, सिसिरिता, मोडिहा, कदवा सहित छतौना शामिल है। जिसको लेकर रोहतास डीएम नवीन कुमार के नेतृत्व में निर्धारित 4 जनवरी को आठ पंचायतों तहत जनसवांद कार्यक्रम का आयोजन नोखा

बाजार समिति के खेल ग्राउंड पर सुबह 12 बजे होगी। इस कार्यक्रम को लेकर विभिन्न पंचायतों के मुखिया में काफी उत्साह देखा जा रहा। जहां विधि व्यवस्था को लेकर विभागीय पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि सहित आओम जनता भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन रात लग तैयारियां पूरी कर ली है। जो आयोजित कार्यक्रम को लेकर जिला पदाधिकारी व आरक्षी अधीक्षक उपस्थित होकर लोगों के विभिन्न समस्या से रूबरू होंगे। दूसरी तरफ जन संवाद कार्यक्रम को लेकर प्रखंड क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह भी देखा जा रहा है।

छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में कुलपति का किया गया पुतला दहन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आरा के कार्यकताओं ने बुधवार को वि.वि कैंपस में कुलपति प्रो. शैलेंद्र कुमार चतुवेर्दी का पुतला दहन किया गया। बताते चलें कि बीते दिनों वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित सीनेट बैठक का घेराव कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया था।

अभाविप प्रदेश कार्यसमिति सदस्य छोटू सिंह ने कहा कि सीनेट बैठक का विद्यार्थी परिषद द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से विरोध किया जा रहा था,लेकिन केवल अभाविप के कार्यकताओं पर लाठी चलाया गया, पुलिस का कहना है कि छात्र उग्र थे लेकिन मैं दावे के साथ कहता हूं की कही कोई भी छात्र उग्र नहीं था । हम केवल अपनी मांगों को लेकर वहा पहुंचे थे,आज हमारा विश्वविद्यालय भ्रष्टाचार का अड़ा बन

चुका है हम कुलाधापति सह राज्यपाल महोदय से मांग करते हैं की इसका निष्पक्ष जांच हो और ऐसे कुलपति जिनका छात्रों से दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है उनको तत्काल हटा देना चाहिए। वही विश्वविद्यालय संयोजक चंदन तिवारी ने बताया कि छात्रों के शरीर से गिरे खून के एक-एक कतरे का हिसाब कुलपति को देना होगा नही तो विद्यार्थी परिषद पूरे बिहार भर में सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने का कार्य करेंगी। वही मौके कर नगर सह मंत्री राहुल कुमार,शिवेश उपाध्याय, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य ऋतुराज चौधरी,अनूप सिंह, तनु प्रिया,राधायशयम जी,चंदन तिवारी,रत्न ेश कुमार,हर्ष राज मंगलम,कॉलेज अध्यक्ष रितेश चौधरी,आदर्श सिंह,सौरव कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

क्रांति ज्योति माता सावित्री बाई फुले की मनाया गया जयंती समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामपाली अंचल उदवंतनगर एवं प्राथमिक विद्यालय मिल्की अनुसूचित जाति टोला विद्यालय में संयुक्त रूप से क्रांति ज्योति माता सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई ।सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ.मनोज कुमार गुप्ता सहित सभी शिक्षकों ने माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाध्यापक डॉ.मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि माता सावित्री बाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं।

नारी शिक्षा,विधवा विवाह एवं समाज में व्याप्त कुप्रथाओं के उन्मूलन में उनके बहुमूल्य योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने समाज सुधारक के रूप में माता सावित्री बाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डाला ।इस कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में वर्ग

7 के प्रिंस कुमार प्रथम,राजलक्ष्मी द्वितीय और नंदनी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाध्यापक डॉ.मनोज कुमार गुप्ता ने पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार,हरीश कुमार,पन्नू लाल सिंह,सुनीता कुमारी,कुमारी बीना सिंह,रूबी सिंह,कुमारी आरती सिंह,सीमा कुमारी,आरती कुमारी,प्रियंका कुमारी,शिक्षा सेवक अमनकुमार एवं प्राथमिक विद्यालय मिल्की अनुसूचित जाति टोला के प्रधान शिक्षक हीरा लाल,जय प्रकाश,शांति कुमारी,शशिकला तथा शबनम कुमारी उपस्थित रहीं।

वरीय अधिवक्ता राम लखन सिंह की 15वीं पुण्यतिथि मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : आरा सिविल कोर्ट के वरीय अधिवक्ता राम लखन सिंह की 15वीं पुण्यतिथि एडवोकेट एसोसिएशन के प्रांगण में वरिष्ठ अधिवक्ता हीरा जी के अध्यक्षता में आयोजित किया गया संचालन वरीय अधिवक्ता नोटरी पदाधिकारी अजीत रंजन ने किया समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय राम लखन बाबू देश के महान स्वतंत्रता सेनानी कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर जगदीशपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए समाज के कमजोर तबकों के उत्थान की दिशा में सकारात्मक पहल किया स्वर्गीय राम लखन बाबू एक कुशल अधिवक्ता के रूप में गरीब गुरुबो की सेवा जीवन प्रयत्न करते रहे आज हम

उनके पद चिन्ह पर चलकर सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने का काम करेंगे अगले वर्ष से उनके पुण्यतिथि के अवसर पर वृक्षारोपण का कार्य करने का संकल्प लिया गया समझ में संगठन के संयुक्त सचिव प्रमोद राय अधिवक्ता नोटरी पदाधिकारी दुर्ग विजय सिंह अधिवक्ता डी राजन अधिवक्ता निर्मल कुमार सिंह अधिवक्ता अखिलेश कुमार अधिवक्ता मृत्युंजय भारद्वाज प्रभात कुमार सिंह कंचन कुमार विरेंद्र कुमार पिंटु कुमार मिथिलशआ कुमार सिंह अधिवक्ता हर्षवर्धन उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

नगर निगम अंतर्गत सभी वार्डो का होगा विकास : इंदु देवी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आज आरा नगर निगम अंतर्गत वार्ड नंबर 36 में आनंद सिंह के घर से कन्हैया सिंह के घर तक ह्यूम पाइप एवं चैम्बर निर्माण कार्य का शिलान्यास महापौर इंदु देवी और वार्ड पार्षद श्रीमती दिलवंती देवी के कर कमलों से बोर्ड का अनावरण कर

हुआ। इस अवसर पर महापौर इंदु देवी ने कहा कि सड़कों, गली, नाली के निर्माण के साथ इस तरह का भी कार्य करने से सौंदर्य करण को गति मिलेगा तथा जल जमाव से मुक्ति मिलेगी। आने वाले समय में कई ऐसे कार्य है जिस धरातल पर किए जाने सुनिश्चित होगा और विकास कार्य को गति देते हुए हम लोगों ने कई नई योजनाओं को धरातल पर लाया जाएगा। और आगे भी यह संकल्प निरंतर जारी रहेगा । वहीं वार्ड पार्षद दिलवंती देवी ने कहा कि ह्यूमपाइप और चैंबर निर्माण कार्य से वार्ड की जनता को सहूलियत होगा और हम लोग माननीय महापौर इंदु देवी के साथ मिलकर वार्ड का विकास करेंगे ताकि जनता जनता से जो वादा किया था वह पूरा हो सके। इस अवसर पर अमन कुमार गौतम ,रवि कुमार सिंह ,जितेंद्र कुमार ,चुनु कुमार ,राजू कुमार अन्य लोग उपस्थित थे।

माली कल्याण समिति ने सावित्री फुले बाई की मनाई जयंती

भगवानपुर कैमुर। बुधवार को मुंडेश्वरी बाजार के एक निजी भवन में माली (मालाकार) कल्याण समिति जिला इकाई कैमूर ने सावित्री फुले बाई की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के जिलाध्यक्ष रामाधीन माली तथा संचालन संतोष माली ने की। आयोजित हुए इस कार्यक्रम में माली (मालाकार) कल्याण समिति के उपस्थित हुए पदाधिकारियों व सदस्यों ने सावित्री बाई फूले के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए धूप-दीप-अगरबत्ती जलाए तथा चढ़ाए गए प्रसाद को आपस में वितरण किया। इस दौरान वक्ताओं ने संबोधन के माध्यम से कहा कि सावित्रीबाई फुले का नाम भारतवर्ष के इतिहास में प्रथम शिक्षिका के रूप में लिया जाता है। जिस समय पिछड़ा व दवा कुचला समाज अशिक्षित जीवन जी रहा था, उस समय उन्होंने इस समाज में आकर शिक्षा का दीप जलाया और समाज में सभी वर्ग के लोगों को जीने का सम्मान अधिकार दिलाने का कार्य किया।

ज्ञान केंद्र सत्संग मंदिर का गायत्री परिवार के भक्तों ने किया दर्शन

संझौली (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में प्रशिक्षिता गायत्री ज्ञान केंद्र सत्संग मंदिर के पहुंचते ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बताया जाता है कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से आई मंदिर का स्वागत वैदिक विधि व चंदन टीका लगाकर किया गया। कार्यक्रम अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक प्रेम शंकर ओझा

प्रशिक्षिता रश्मि कुमारी, चित्रलेखा, उपासना यादव, परिव्राजक राकेश शर्मा सहित नवीन चंद्र शाह, श्रीनिवास सिंह, संजीव कुमार पटेल ने भव्य अभिनंदन करते हुए पूजा अर्चना किया। मौके पर विद्यालय अध्यक्ष व सचिव की उपस्थिति में बच्चों एवं अध्यापकों के बीच शांतिकुंज के तत्वधान प्रशिक्षितों ने अपनी ज्ञान-कला को साझा किया। जिसके तहत संगीत और योग्य पर विशेष प्रस्तुति की गई। वही बच्चों को स्वस्थ रहने की अनेक प्रकार की ज्ञान मंत्र दिया गया। साथ ही इस मौके पर विवेकानंद स्कूल लक्ष्मणपुर, मध्य विद्यालय करमैनी, मध्य विद्यालय बेनसागर, मध्य विद्यालय भोपतपुर में 2 जनवरी को संध्या 6 बजे गायत्री मंदिर में दीप यज्ञ कार्यक्रम आयोजित की गई। वही संचालित कार्यक्रम का समापन दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ हुई। मौके पर उमेश प्रसाद, पुष्पा पटेल, जयमाला देवी, अनिता कुमारी व विद्यालय बच्चों सहित शिक्षक उपस्थित थें।

अनिश्चितकालीन धरना में दुसरे दिन भी किसानों ने दिया धरना

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर चांद सड़क निर्माण में कम मुआवजा को लेकर किसानों ने कैम्प स्थल मसोई में अनिश्चितकालीन धरना के दुसरे दिन भी धरना दिया। भारत माता की जय जय जवान जय किसान के नारों के साथ दर्जनों किसानों ने सुबह 10 बजे से सायं चार बजे तक धरना पर बैठे रहे। भारत माला परियोजना में बनारस रांची कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए मसोई गांव में टेण्डर लेने वाली पीएनसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा कैम्प निर्माण किया जा रहा है। कैम्प निर्माण का किसानों के द्वारा

अनिश्चितकालीन धरना कर विरोध किया जा रहा है। धरना में मसोई कुरई केकड़ा गेंहुआ मोरवा वेतरी आदि गांवों के दर्जनों किसान शामिल हुए। धरना पर बैठे किसानों को प्रशासन द्वारा नियुक्त मजिस्ट्रेट ने किसानों को समझाने का प्रयास किया किसानों ने एक नहीं सुनी ।इस संबंध में पीएनसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधिकारी रवि कुमार मिश्र ने कहा मुआवजा संबंधित समस्या को दूर करने के लिए एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीएनसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के जनरल मैनेजर एवं किसानों के बीच जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 जनवरी को बैठक रखी गई है। उन्होंने ने कहा बैठक में मुआवजा संबंधित समस्या दूर की जाएगी। किसानों के धरना की अध्यक्षता कर रहे अभिमन्यु सिंह अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन कैमूर एवं किसान संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने कहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलता रहेगा जब तक किसानों को भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा नहीं मिलेगा। धरना में सुनील सिंह राजेंद्र सिंह अरविंद सिंह दिपांकर शुक्ला हरे राम विजय यादव विजय बिंद अवधेश कुमार आदि दर्जनों किसान शामिल हुए। धरना गुरुवार को भी जारी रहेगा।

जिला पदाधिकारी द्वारा तत्काल धान अधिप्राप्ति पर रोक लगाया गया

कैमूर भभुआ। जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत नरहन जमुरना, देवहलिया एवं सिसौढा पैक्स का औचक निरीक्षण किया गया। जमुरना पैक्स निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि प्राप्त 11000 क्विंटल लक्ष्य के विरुद्ध 4631 क्विंटल की आधिप्राप्ति कर ली गई है। निरीक्षण के क्रम में धान गोदाम में मौजूद पाया गया। पैक्स अध्यक्ष के द्वारा धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य बढ़ाने की मांग की गई। देवरिया पैक्स के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि 10500 क्विंटल लक्ष्य के विरुद्ध 4200 क्विंटल अधिक अधिप्राप्ति दिखाई गई है। जांच के क्रम में पाया गया कि प्रतिवेदन के विरुद्ध उपलब्धता काफी कम है। दो दो बोरा का छल्ला बनाकर घेर दिया गया है, घेरों के बीच में जगह खाली पाया गया।

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रही योजनाओं की पूर्व विधायक ने दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

रामगढ़ : स्थानीय प्रखंड के नगर पंचायत रामगढ़ में महावीर मंदिर के प्रांगण में पहुंचा विकसित भारत सरकार का रथ रामगढ़ विधान सभा के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने भारत सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लाभुको के बीच संबोधित करते हुए जानकारी दी । उन्होंने कहा की भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्रमोदी के गारंटी योजना से पूरे भारत में गरीबों महिलाओ दलित शोषित वर्ग के उत्थान के लिए मोदी की गारंटी योजना वरदान साबित हो रही है ।देश के प्रधान सेवक द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को आपका रामगढ़ का यह सेवक हर हाल में आप तक पहुंचाकर

रहेगा इसके लिए आपका सेवक कोई भी कुबार्नी देने को तैयार है।

मौके पर उपस्थित नगर पंचायत के अधिकारी , नगर पंचायत के। वॉर्ड पार्षद ,कृषि वैज्ञानिक, स्वास्थ्य विभाग की टीम खाद्य आपूर्ति विभाग कृषि विभाग बैंक की टीम एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह मनोज सिंह, रामगढ़ पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गौतम खरवार, शांति प्रकाश, मोनू इत्यादि लोग मौजूद रहे।

छात्रों के कॉलेज आने की योजना भी बनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता

कैमुर भभुआ। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय कैमूर ने बिहार सरकार (विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग) द्वारा अकादमिक आउटरीच योजना के तहत प्राचार्य डॉ. सुधीर वाई कुमार और अकादमिक आउटरीच समन्वयक प्रो. ऋषि निगम की देखरेख में 18/12/2023 से अकादमिक आउटरीच कार्यक्रम निकटवर्ती सरकारी विद्यालय जैतपुर

कलां में शुरू किया है क जिसके अंतर्गत कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्रों को इंजीनियरिंग कॉलेज शिक्षकों द्वारा भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, अंग्रेजी और रसायन विज्ञान विषयों की निःशुल्क कक्षाएं सोमवार से शनिवार तक 4:00 से 5:00 बजे तक दी जा रही है ।

इसके अलावा कॉलेज के शिक्षकों द्वारा 11वीं-12वीं कक्षा तक आईआईटी-जेईई मेन और एडवांस्ड के लिए विशेष कक्षाएं प्रदान की जा रही है । यह बातचीत न केवल छात्रों को संबंधित डोमेन में ज्ञान प्राप्त करने में मदद करती है, बल्कि इस दुनिया में अन्य छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा कैसे करें और प्रतिस्पर्धी परीक्षा कैसे पास करें, जिससे उन्हें अच्छा इंजीनियरिंग कॉलेज पाने में मदद मिल सके, जो अप्रत्यक्ष रूप से छात्रों को इसमें अच्छी नौकरी पाने में मदद करेगा। । आस-पास के छात्रों के कॉलेज आने की योजना भी बनाई गई है, जहां वे इंजीनियरिंग कॉलेज की विभिन्न प्रयोगशालाओं को देख सकेंगे और इंजीनियरिंग क्षेत्र में उनकी रुचि बढ़ाने में मदद मिलेगी।

आरा में बेलगाम ट्रैक्टर ने सड़क पार कर रही बच्ची को मारी टक्कर, मौत

आरा। शहर से से

संक्षिप्त खबरें

सदर अस्पताल के समीप स्थित रैन बसेरा में बिस्तर एवं कंबल का हुआ इंतजाम

औरंगाबाद। औरंगाबाद शहर के सदर अस्पताल के समीप स्थित रैन बसेरा में मंगलवार की रात बिस्तर एवं कंबल का इंतजाम किया गया रैन बसेरा में बिस्तर एवं कंबल का इंतजाम होने सड़क के किनारे सोने को मजबूर दस लोगों ने बीती रात रैन बसेरा में शरण लिया और ठंड से अपनी जीवन बचाई ।रात्रि में शहर में फुटपाथ पर ठंड के नीचे जीवन बसर करने को मजबूर लोगों को कड़कती ठंड से राहत दिलाने के लिए पिछले बीस दिनों से शहर का भ्रमण कर रहे अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने बताया कि रैन बसेरा में व्यवस्था नहीं रहने के कारण लोग यहां नही आ रहे थे और यहां गंदगी भी काफी थी।

क्रिकेट खेलने के लेकर हुआ मारपीट में युवक हुआ घायल, अस्पताल में भर्ती

शेरघाटी ।थाना क्षेत्र के नीमा जमुआइन गांव की रहने वाली सोनिया देवी ने बुधवार को थाने में गाली गलौज एवं मारपीट करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत किया है. पुलिस से की गई शिकायत में उसने कहा है कि बच्चे आपस में मिलकर क्रिकेट खेल रहे थे. तभी गांव के ही प्रिंस पासवान एवं अनिल पासवान दोनों ने मेरे बेटा सुनील कुमार के साथ बेरहमी से मारपीट किया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया. जिसका प्राथमिक इलाज अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी में चल रहा है. महिला ने मामले को लेकर पुलिस से न्याय का गुहार लगाते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है. इधर थानाध्यक्ष विमल कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत को लेकर पुलिस जांच कर रही है. जांच के उपरांत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मां के साथ घास काटने गई नबालिग से हुआ छेड़छाड़

शेरघाट ।घर से बाहर घास काटने निकली नाबालिक के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने किया छेड़छाड़ घटना थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जो की युवती अपने घर से मां के साथ घास काटने के लिए निकली थी,तभी उसकी मां कुछ दूर आगे बढ़कर घास काटने को चली जाती है, तभी गाँव के कुछ सामाजिक तत्व के लोग लड़की को अकेला देख उसके साथ छेड़छाड़ करने का प्रयाश किया। तभी लड़की चिल्लाना शुरू की तो आसपास के लोग वहां पहुंचे तब तक वहां से सभी आरोपी फरार हो गए। उक्त घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ शेरघाटी थाने में पुलिस से शिकायत लेकर पहुँची, लेकिन थाना अध्यक्ष ने उसे सर्टिफिकेट एवं आधार कार्ड के फोटो कॉपी मांगते हुए उसे घर चला दिया। इधर पीड़िता के माता बताती है कि आवेदन के लिए सुबह से ही थाना में बैठा हुआ था। लेकिन कोई पदाधिकारी के नहीं होने से देर हुई और आवेदन भी नहीं लिया गया। उन्होंने यही बतलाया कि इसकी शिकायत वरीय अधिकारी से करूँगा।

शहर में बढ़ते ठंड में गरीबों को ऊनी कपड़े वितरित

गया ।गया मे पुरे बिहार में सबसे ज्यादा ठंड पड़ रही है जहा जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन गरिबो को अलाव जलाकर मदद कर रही है वही समाज सेवी अनिल स्वामी और डिम्पल कुमार ने गमा शहर के गरीब को उनको कपडे स्वेटर,उनी साल,ऊनी जेकेट आदी औढाकर उनके ठंड से बचाने का काम जा रही है।

नगर आयुक्त द्वारा अठारह जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई

गया नगर निगम के द्वारा ठंड को देखते हुए नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा के आदेश पर गया के 18 स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई यह स्थल निम्न प्रकार है। स्टेशन रोड, काशीनाथ मोड, गांधी मैदान रेन बसेरा ,मिर्जा गालिब, न्यू गोदाम ,विष्णु पद ,चंद चौरा, रैन बसेरा बैरागी ,पंचायती अखाड़ा रेन बसेरा, आजाद पार्क, किरण सिनेमा, राजेंद्र आश्रम, कुष्ठ अस्पताल के नजदीक, टावर चौक, शाहमीर तकिया मंदिर के पास, खालिस पार्क, मुफ्फसिल बस स्टैंड, बाटा मोड़ आदि स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

राष्ट्रीय सम्मेलन में गया को दो राष्ट्रीय पुरस्कार

गया ।त्रिवेन्द्रम.कोवलाम.केरल में 98वें अखिल भारतीय आईएमए राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान ।आईएमए गया के अध्यक्ष डॉ डी के सहाय और सचिव डॉ आर के चंदेल को दो राष्ट्रीय आईएमए पुरस्कार मिले ।1.डॉ ए के एन सिन्हा प्रतिष्ठित पुरस्कार आईएमए ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट पुरस्कार। आओ गांव चलें। यह सब आईएमए गया के सभी सदस्यों की कड़ी मेहनत और ईमानदारी से किए गए काम के कारण है।

कार्रवाई : जमीन वं दाखिल खारिज से संबंधित शिकायते मिलने पर कई राजस्व कर्मचारियों पर कार्रवाई: डीएम

जिलाधिकारी लगातार जमीनी मामलों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर रही मॉनिटरिंग

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जिले में बढ़ रही जमीन संबंधित मामलों एवं दाखिल खारिज से संबंधित शिकायतों को लेकर अरवल जिला अन्तर्गत कई राजस्व कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है साथ ही पदाधिकारियों पर भी कार्रवाई हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा आदेश दिया। साथ ही निदेशित किया गया कि नये वर्ष 2024 में पूर्व से लंबित सभी मामलों का निष्पादन कर लिया जाये। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा द्वारा अरवल जिला अन्तर्गत सभी अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों के साथ प्रतिदिन विडियो कॉफ्रेंस किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अरवल जिला अन्तर्गत जमीन से संबंधित लंबित मामले यथा दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भू-स्वामित्व प्रमाण-पत्र आदि पर स्वयं नजर रखते हुए समीक्षा की जा रही है। जिन किसी पदाधिकारी या कर्मचारी के पास विभागीय समयावधि से ज्यादा समय तक आवेदन लंबित पाया जाता है संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि सभी पुराने मामलों का निष्पादन यथाशीघ्र करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करें। आधार सीडिंग के कार्य यदि 40 प्रतिशत से कम है एवं संबंधित कर्मी द्वारा इसमें अभिरूची नहीं ली जा रही है, तो उसे चिन्हित करते हुए सूची उपलब्ध कराने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया। साथ ही निदेशित किया गया कि जिन कर्मियों का अधार सीडिंग काफी कम है, संबंधित अंचल अधिकारी उक्त हल्का में स्वयं जाकर आधार सीडिंग का कार्य में गति लाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा नीलाम पत्र से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। सभी को निदेशित किया गया जितने भी पुराने मामले लंबित है उसमें नोटिश निर्गत कर संबंधित बैकों को रजिस्टर के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित होने के लिए सूचित करें। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि यदि संबंधित बैंक / प्रतिष्ठान निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होते है तो वाद को निष्पादित करे ।

माली मालाकार कल्याण समिति ने सावित्रीबाई फुले की 192 वीं जयंती मनाई

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। माली मालाकार कल्याण समिती अरवल जिला के अंतर्गत जहानाबाद रोड बुद्ध विहार फैमिली रेस्टोरेंट अरवल मे राष्ट्रमाता, भारत के प्रथम शिक्षिका,महात्मा सावित्रीबाई फुले जी का 192 वा जयंती माली मालाकार कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष विकाश कुमार की अध्यक्षता में बहुत बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि सावित्रीबाई फुले शिक्षक होने के साथ भारत के नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता, समाज सुधारक और मराठी कवयित्री भी थी। इन्हें बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए समाज का कड़ा विरोध झेलना पड़ा था। कई बार तो ऐसा भी हुआ जब इन्हें समाज के ठेकेदारों से पत्थर भी खाने पड़े। इस सब के बावजूद वह अपने लक्ष्य से कभी नहीं भटकीं और लड़कियों व महिलाओं को शिक्षा का हक दिलाया एवम सावित्रीबाई फुले उस दौर में न सिर्फ खुद पढ़ीं, बल्कि दूसरी लड़कियों के पढ़ने का भी बंदोबस्त किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष चंदन मालाकार, मंत्री रंजीत कलाकार, मिडिया प्रभारी शशि कलाकार, नंदन कलाकार इत्यादि सभी मालाकार परिवार उपस्थित रहे ।

एलआईसी एजेंट से हुआ मारपीट व छिनतई पुलिस से किया शिकायत

शेरघाटी ।थाना क्षेत्र के दाबचिड़ैया गांव के रहने वाले एलआईसी एजेंट मदन यादव से रास्ते में रोक कर मारपीट करने एवं 50 हजार रुपए छीन लेने के आरोप में थाने में लिखित शिकायत किया है.पुलिस से की गई शिकायत में उन्होंने कहा है कि रोज की तरह मैं अपने घर से शेरघाटी की ओर बाइक से जा रहा था.तभी फिटकी चक मोड़ के पास राजेंद्र यादव उर्फ छोटू यादव सहित पांच लोगों ने हाथ देकर रुकवाया और मेरे साथ मारपीट शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि सभी नशे में धूप थे और मेरे चेहरे पर गमछा बांध दिया ।मारपीट कर आरोपियों ने मेरे जेब से 50 हजार रुपए निकाल लिया ।उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने किसी को बताने पर अंजाम भुगत लेने की धमकी दिया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का आगमन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत ओबरा प्रखंड के ग्राम पंचायत सरसौली के शंकरपुर एवं इमलौना पंचायत में रथ का आगमन हुआ। यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम ग्रामीणों को बताया गया। जैसे जन धन योजना, आयुष्यमान भारत योजना, जीवन ज्योति बीमा पॉलिसी, जीवन सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशनकार्ड अन्य सभी तरह के योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष सासाराम लोकसभा प्रभारी संजय मेहता एवं मुखिया प्रतिनिधि सह आरएलजेडी जिला अध्यक्ष अशोक मेहता मौजूद रहे। श्री मेहता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से देश के तमाम वंचित एवं असहाय परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है बिहार में हमारी सरकार नहीं रहने के कारण बिहार सरकार के कर्मचारी इस कार्यक्रम को असफल बनाने में लगे हुए हैं किंतु भारतीय जनता पार्टी के ऊजार्वान कार्यकर्ता के बदौलत यह कार्यक्रम सफल और लाभकारी सिद्ध हो रहा है।

श्री मेहता ने कहां की 2047 तक हमारा देश विश्व स्तर पर विकसित राष्ट्रों में शामिल होगा वर्तमान केंद्र की मोदी सरकार जिस प्रकार से देश की जनता के काम कर रही है इससे देश में गरीब शब्द का नाम बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा दर्जनों ऐसी योजनाएं चलाई जा रही है जिसका सीधा लाभ वंचित असहाय परिवार को पहुंच पा रहा है। बिहार सरकार केंद्र की योजनाओं का अपने श्रेय लेने में जुड़ी हुई है। वहीं मोदी सरकार बिना किसी भेदभाव को देश के समुचित क्षेत्र में काम कर रही है। इस कार्यक्रम मे प्रशिक्षु वीडियो श्वेता प्रियदर्शी जी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सरसोली ग्राम पंचायत के मुखिया रेखा देवी, खिलौना पंचायत के मुखिया, ओबरा मंडल के अध्यक्ष पप्पू अग्रवाल महामंत्री जितेंद्र कुशवाहा, कारामंडल के अध्यक्ष लाल शर्मा,एवं सैकड़ो महिला एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रहे कृषि वैज्ञानिक डां चौबे के द्वारा आम किसानों को जैविक खेती करने का सलाह तथा नैनो यूरिया उपयोग करने को कहा।

जनसंवाद कार्यक्रम में डीएम ने सुनी जनता की फरियाद

प्रात : किरण संवाददाता

शिवसागर (रोहतास) जिला क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवसागर स्थित खेल मैदान में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर डीएम नवीन कुमार, एडीएम चन्द्रशेखर प्रसाद, डीडीसी शेखर आंनद तथा डीपीआरओ धर्मवीर कुमार ने किया। जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार कि योजनाओं कि डीएम नवीन कुमार मौजूद लोगों के बीच जानकारी दिया गया। जन संवाद में पहुंचे लोगों के समस्या सुन रोहतास जिला अधिकारी ने जल्द निपटारे के निर्देश दिए। दरअसल रोहतास जिला के शिवसागर प्रखंड स्थित खेल मैदान शिवसागर में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां काफी संख्या क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। डीएम नवीन कुमार ने बताया कि शिवसागर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में पहुंचे लोगों कि समस्या सुनते हुए तत्काल निपटारा हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है।

वहीं लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं के लाभ लेने हेतु जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जन संवाद पहुंचे लोगों कि समस्या को प्राथमिकता के आधार पर निपटारे हेतु निर्देश दिए गए हैं। शिवसागर ग्राम पंचायत में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला पुरुष ने अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

भूगर्भ नाले में कैचपिट कहां लगाने की आवश्यकता है, सूची दो दिनों के अंदर उपलब्ध कराए : नगर आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

गया । गया नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा नगर निगम की अध्यक्षता में सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई है। भंडरपाल द्वारा बताया गया की स्टोर में 10 वाहन खराब है, निर्देश दिया गया की अविलंब सभी खराब वाहन की मरमती कराकर कार्य लें ताकि सफाई व्यवस्था पर असर नहीं पड़े। खराब वाहन की सूचना भंडारपाल के द्वारा समय पर वाहन प्रभारी को नहीं दी जा रही है, इसके लिए भंडारपाल से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया हू। भंडरपाल को प्रतिदिन रिपोर्ट देने हेतु कहा गया है ।20 नए टेंपो टिपर के लिए वार्ड चिन्हित कर भेजने का निर्देश दिया गया है ।स्टोर में आवश्यकतानुसार बेट्री, टायर, ट्यूब आदि क्रय हेतु नोडल पदाधिकारी सफाई को जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय करने का निर्देश दिया गया है।

भंडरपाल को डिसल्टिंग मशीन का नोजल एवं डिलीवरी पाइप खरीदने और सफाई वाहनों को ढंक कर परिचालन कराने हेतु त्रिपाल खरीदने का निर्देश दिया गया है। सिंधु शेखर मिश्र को भूगर्भ नाले के कैचपिट कहां कहां लगे हैं एवं कहां लगाने की आवश्यकता है ।की सूची दो दिनों के अंदर उपलब्ध कराने एवं अंडरग्राउंड नाले का सर्वे कर सफाई का प्लान प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है ।वार्ड नं 15 एवं 16 में पहले की तरह जल जमाव की समस्या उत्पन्न नहीं हो ।प्रभारी मुख्य सफाई निरीक्षक एवं वाहन प्रभारी को डिसिल्टिंग मशीन एवं डंप टैंक से नालों की सफाई हेतु रोस्टरवाइज सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है ।सिंधु शेखर मिश्र को वार्ड नं 52 में एन. एच द्वारा बनाए गए नाला की सफाई डिसिल्टिंग से कराने का निर्देश दिया गया है और इसके लिए आवश्यकतानुसार डीजल देने का निर्देश दिया गया है।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शेरघाटी में निकाला गया भव्य कलश यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी ।शहर के तीन शिवाला मंदिर प्रांगण से निकाला गया भव्य कलश यात्रा मालूम हो कि अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को श्री रामलाल का निर्मित श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होना है ।इससे पूर्व श्री राम मंदिर से पूजित अक्षत एवं कलश शहर मुख्य मार्ग से होकर विभिन्न वार्डों में पहुंचा ।जहां लोगों के बीच अक्षत वितरण किया गया ।श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े स्थानीय कार्यकर्ताओ ने कहा कि अयोध्या में बनकर तैयार भव्य श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर वासी काफी उत्साहित हैं ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कमल किशोर सिंह ने बताया कि शोभायात्रा की शुरूआत तीन शिवाला से हुई ।जो मुख्य मार्ग होते हुए श्री राम मंदिर गोला बाजार पहुंचा जहां से श्री राम लाल के आरती के बाद शोभायात्रा पुनः आगे की ओर नगर परिषद, हटिया मोहल्ला, सोनार टोली, उर्दू बाजार दुर्गा स्थान, काली मंदिर, रमना, शेखपुरा होते हुए पुनः तीन शिवालय पहुंचकर समाप्त हो गया ।इस दौरान अक्षत कलश के साथ भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया ।पूरा शहर जय श्री राम के नारों एवं केसरिया कलर के झंडा से भगवा मय हो गया।

भगवान श्री राम की झांकी से सुशोभित रथ आकर्षण का केंद्र बना हुआ था ।श्रद्धालुओ ने भक्ति गीतों झूमते नाचते शोभा यात्रा में भ्रमण किया ।भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु काफी उत्साहित दिखे ।इस मौके पर स्थानीय रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बृजेश पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह, पूर्व अध्यक्ष धनराज शर्मा, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि पवन किशोर, भाजपा नेता संतोष गुप्ता, गुगुन सिंह, अशोक सिंह, संतोष सिंह, मिर्त्युञ्जय सिंह, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

महिला विकास मंच का नौ वां अधिवेशन पटना में

गया। महिलाओं और पुरुषों के अत्याचार को खत्म करने वाली,बहु बेटीयो और पुरुषों पर समाजिक,घरेलु,देहज प्रथा, महिला उत्पीडन आवाज बुलंद करने वाली एक ही मंच है जो है महिला विकास मच अपना नौ वा अधिवेशन पटना के पाटलिपुत्र एक्जोटीका मे छः और सात जनवरी को होने जा रहा है जिसके उद्घाटनकर्ता बिहार सरकार के मंत्री समीर कुमार महासेठ,जमुई सांसद चिराग पासवान, पटना नगर निगम महापौर सिता साहु,शिक्षा विद खान सर, बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी, अभिनेत्री अक्षरा सिंह,मनिष कश्यप , विधायक रण्वीजय साहु,इस नौ वां अधिवेशन का विधवत उद्घाटन करगे और महिला विकास मच के कामो को प्रभावित होकर बधाई देने पहुच रहे हैं । मिडिया को संबोधित करते हुए महिला विकास मंच संस्थापक वीणा मानवी ने कहा कि विसम परिस्थिति में हजारों बुराईयों को पार करके संस्था का दस वर्ष पुरा हो चुका था लेकिन यह अधिवेशन नौ वा है। इस अधिवेशन में हर प्रदेश के लोग और महिला विकास मच के अध्यक्ष आऐगी और बिहार प्रदेश कमेटी तैयारी के लिए दिन रात एक किए हुए हैं।

सावित्री बाई फुले नारी शक्ति की परिमूर्ति है, मुख्यमंत्री उनके सपनों को पुरा करने मे लगे है : जिला प्रवक्ता

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।जदयू कार्यालय गया में नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता देश की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले का जयंती धूम धाम से मनाया गया है ।इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने कहा की सावित्री बाई फुले ने जो शिक्षा के क्षेत्र में काम किया है। देश को नई राह दिखाई है ।उनके द्वारा किए कार्यो को हमेशा याद रखा जायेगा, सावित्री बाई फुले नारी शक्ति की परिमूर्ति है। आज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनके सपनो को साकार करने में लगे हैं, बिहार में सरकारी नौकरी में 33% महिलाओं को आरक्षण देने का काम किया है और पंचायती राज्य एवं नगर निकाय चुनाव में 50% महिला को आरक्षण दिया है। बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में एवम अन्य सेक्टरों में लगातार महिलाओं को मौका दिया जा रहा है। पटेल ने कहा की नीतीश कुमार 2024 में इंडिया गठबंधन का पीएम का उम्मीदवार होंगे और पीएम बनकर देश को नई ऊंचाई तक पहुंचाएंगे ।इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी डा0 आसिफ जफर, प्रदेश सचिव कुंडल वर्मा,जिला उपाध्यक्ष डा0 जितेंद्र दास, बबन चंद्रवंशी,अरविंद प्रियदर्शी, शंकर चौधरी ,वरिष्ठ नेता बीरेंद्र शर्मा, अरविंद वर्मा,जहागीर खान, पीतांबरा लोहड़े, श्रीकांत प्रसाद, दिवाकर कुमार, मो0 दानिश,अरुण पटेल अजीत शर्मा एवं पार्टी के कई लोग मौजूद थे।

बौद्ध महोत्सव 2024 की तैयारी को लेकर की गई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।जिला पदाधिकारी गया डॉक्टर त्यागराजन एसएम ने बौद्ध महोत्सव 2024 की तैयारी को लेकर महाबोधि संस्कृति केंद्र बोधगया के सभाकक्ष में बैठक की गई। उन्होंने बताया कि बौद्ध महोत्सव इस बार 19 जनवरी से प्रारंभ होकर 21 जनवरी तक तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बौद्ध महोत्सव 2024 के सफल आयोजन हेतु 16 कार्यसमिति, कोषांग का गठन करते हुए वरीय नोडल पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी तथा सदस्यों को नामित करते हुए बौद्ध महोत्सव के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां करवाने का निर्देश दिए हैं ।16 कार्यसमिति, कोषांग यथा सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु कलाकारों का चयन कोषांग का दायित्व है कि अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय तथा बिहार के ख्याति प्राप्त कलाकारों का चयन एवं आमंत्रण पत्र भेजना शामिल है। इस वर्ष पहली बार पंचायत दर्शन के माध्यम से पंचायत की उपलब्धियां को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से स्टॉल लगाए जाएंगे। जिला पदाधिकारी ने बताया कि गया जिले के 50 पंचायत का चयन किया जाएगा। इन सभी पंचायत का स्टाल के माध्यम से पंचायत में किए गए विभिन्न उन्मुखीकरण कार्यक्रम, नई योजनाओं तथा अन्य जनहित में किए गए कार्यो का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया है कि 8 जनवरी तक अपने-अपने पंचायत के मुखिया जी से उक्त पंचायत में किए गए कार्यो का प्रतिवेदन प्राप्त कर ले। इस कार्य के लिए जिला पंचायत राज पदाधिकारी राजीव कुमार एवं सहयोगी के रूप में पिरामिड फाउंडेशन के नीरज कुमार को कोऑर्डिनेटर नामित किया गया है। सभी 50 पंचायत में से बेहतरीन स्टॉल लगाने वाले प्रथम विजेता, द्वितीय विजेता एवं तृतीय विजेता के मुखिया जी एवं पंचायत सचिव को बौद्ध महोत्सव के मंच से सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष बौद्ध महोत्सव के अवसर पर बौद्ध महोत्सव थीम के साथ कॉफी मग बनाए जाएंगे। शिक्षा विभाग के माध्यम से शिक्षा से संबंधित विभिन्न न्यूज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा ।जीरो वेस्ट के तर्ज पर जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बोधगया को निर्देश दिया कि बौद्ध महोत्सव के अवसर पर कालचक्र मैदान सहित बोधगया नगर परिषद के क्षेत्र में जीरो वेस्ट कार्यक्रम चलाया जाएगा।

जिला पदाधिकारी ने बोधगया के सभी मॉनेस्ट्री एवं होटल के मालिकों से अपील किया है कि बौद्ध महोत्सव के अवसर पर अपने अपने मॉनेस्ट्री एवं होटल को आकर्षक लाइटों के साथ सजावट करवाये ताकि बौद्ध महोत्सव के अवसर पर लाखों लाख की संख्या में विशेष कर विदेशी पर्यटक बोधगया आते हैं और बोधगया की एक अच्छी छवि प्रस्तुत हो यही सबसे अपील है।

डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों के समीक्षा की

प्रात : किरण संवाददाता

अरवलः जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने राजस्व एवं आंतरिक संसधान से संबंधित की बैठक ।इस बैठक में राजस्व एवं आंतरिक संसाधान के तहत सभी विभागों के पदाधिकारी भाग लिए। जिला पदाधिकारी द्वारा सहकारिता पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि लक्ष्य के अनुरूप धान अधिप्राप्ति का कार्य ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिला खनिज विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अरवल जिला अन्तर्गत संचालित ईट भट्ठों का लिस्ट तैयार करते हुए स्थलीय निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। जिला परिवहन पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि स्वयं अभिरूची लेते हुए अवैध रूप से संचालित वाहनों एवं ओवर लोडिंग कर रहे वाहनों पर फाईन / दण्ड लगाना सुनिश्चित करें। उत्पाद अधीक्षक, मद्य निषेध को निदेशित किया गया कि छापेमारी के दौरान पकड़े गये शराब एवं गिरफ्तारी के साथ-साथ इनसे हो रहे राजस्व वसूली से संबंधित प्रतिवेदन भी समर्पित करना सुनिश्चित करें। कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल, अरवल से पृच्छा कि गई कि उपभोक्ताओं को एकाएक बहुत ज्यादा राशि की बील दे दिया जाता है। इस पर ध्यान रखा जायें एवं प्रत्येक माह का विद्युत विपत्र उपभोक्ताओं को उपलब्ध करा दिये जायें। साथ ही बढ़े हुए विद्युत विपत्र की जाँच कराते हुए नियमानुसार संशोधन सुनिश्चित किया जाये। साथ ही सभी अंचल अधिकारी, अरवल जिला को निर्देशित किया गया कि विभागीय निदेशानुसार राजस्व वसूली सुनिश्चित करे। इसी प्रकार जिला पदाधिकारी सभी विभागों के पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति सुनिश्चित करे।

फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन ने कृषि मंत्री के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री से आठ सुत्री मागों का सौपे ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया जिला फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह एवं जिला सचिव डॉक्टर विजय कुमार यादव ,शिवनाथ कुमार चंद्रवंशी अध्यक्ष वजीरगंज, जिला उपाध्यक्ष रमाकांत सिं,ह जिला संगठन मंत्री गिरीश कुमार सिंह, बोधगया प्रखंड के प्रखंड उपाध्यक्ष गोपाल पासवान, कलिंदर कुमार टुल, धर्मवीर पासवान, मोहम्मद शाहिद विनोद यादवआदि संगठन के सभी पदाधिकारी बिहार सरकार के समक्ष लंबित 8 सूत्री मांगों बिहार सरकार के कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत के नेतृत्व में बिहार के उपमुख्यमंत्री माननीय तेजस्वी प्रसाद यादव जी को बोधगया के रॉयल रेजिडेंसी होटल में समर्पित किया गया जिस पर उन्होंने संगठन द्वारा समर्पित आठ सूत्री मांगों पर उन्होंने गंभीरता पूर्वक विचार करने का पूर्ण भरोसा एवं विश्वास दिए साथ ही साथ उक्त मांगों की एक प्रति माननीय कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत बिहार सरकार को भी समर्पित किया गया है। 8 सूत्री समर्पित मांगों में इस प्रकार है। गुजरात सरकार के तर्ज पर बिहार के विक्रेताओं को भी 30000 मानदेय एवं 300 प्रति क्विंटल मार्जिन मनी कमिशन दिल्ली सहित अन्य राज्यों की भांति दिया जाए । बिहार कंट्रोल ऑर्डर 2001 एवं 2007 के निहित आदेश में निर्देश को लागू करते हुए अनुकंपा में 58 वर्ष की बाध्यता उम्र सीमा को समाप्त कर विक्रेताओं को अनुकंपा का लाभ दिया जाए। विक्रेता बार पंचायत स्तर पर आवंटित खदान की आवंटन में एकरूपता किया जाए। विक्रेताओं की अनुज्ञप्ति में नॉमिनी के नाम दर्ज किया जाए । ऑनलाइन डिजिटल पोस मशीन व्यवस्था में स्टॉक पंजी एवं वितरण पंजी रजिस्टर लिखने वाली व्यवस्था समाप्त किया जाए। पॉस मशीन संचालक से होने वाले खदान वितरण पर सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं। 90 प्रति क्विंटल कमीशन के अतिरिक्त 17रु प्रति क्विंटल दिया जाए जो आज तक नहीं दिया जा रहा है । पोस मशीन की मरम्मती की खर्च को सरकार द्वारा वहन किया जाए, पूर्व की भांति निलम्बन प्रक्रिया एवं सप्ताहिक छुट्टी को लागू किया जाए।

फर्जी क्लीनिक में प्रसव के दौरान महिला की मौत, बच्चा सकुशल

दिनारा (रोहतास) स्थानीय बाजार दिनारा में प्रसव के दौरान सोमवार को एक महिला की मौत हो गई. मृतिका धनसोई थाना के सिसौंधा निवासी सोनू पासवान की पत्नी आशा देवी बताई जाती है जिसका मायके दिनारा क्षेत्र के समहुती गांव बताया जाता है। मृतिका के भाई गुड्डू कुमार द्वारा अस्पताल के आगे घंटों हंगामा किया गया मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा गई। मृतिका के भाई ने बताया कि मेरी बहन की डिलेवरी होने वाली थी जहां डाक्टरों ऑपरेशन करने की बात कही ऑपरेशन के दौरान डाक्टर द्वारा कहा गया कि इसके शरीर में खून की कमी है। ऑपरेशन करने के बाद गंभीर स्थिति में अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा रेफर कर दिया गया। उसने अपने बयान में हॉस्पिटल का नाम व डाक्टर का दीपक बताया। उसके बाद उक्त महिला को कोचस के एक निजी क्लीनिक में ले जाया गया जहां महिला ने कुछ देर बाद दम तोड़ दिया. इसके बाद मंगलवार को देर शाम तक शव को लेकर परिजन दिनारा उसी अस्पताल पर पहुंचे जहां महिला का ऑपरेशन कर प्रसव कराया गया था।

संक्षिप्त खबरें

बैटरी चालित ट्राई साइकिल से संबंधित तकनीक समस्याओं का होगा निराकरण

मुंगेर। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, मुंगेर द्वारा मुख्यमंत्री सामर्थ्य योजना संबल के तहत पात्र दिव्यांगजनों को प्रदत्त बैट्री चालित ट्राइ साइकिल से संबंधित तकनीकी समस्याओं के निराकरण के लिए दिनांक 4 एवं 5 जनवरी 2024 को दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए सामाजिक सुरक्षा के प्रभारी सहायक निदेशक भुवन कुमार ने बताया कि इस शिविर में एल्मिको कानपुर के तकनीकी प्रतिनिधियों द्वारा बैट्री चालित ट्राई साईकिल की समस्याओं की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों द्वारा यह लगातार शिकायत की जा रही थी कि संबल योजना के तहत उन्हें दी गयी बैट्री चालित ट्राई साईकिल में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण वो उसका सही से इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या की जानकारी से जिलाधिकारी को भी अवगत कराया गया है। जिस पर उन्होंने तत्काल इस समस्या के समाधान के लिए शिविर लगाने का निर्देश दिया है।

आज होगा महाआरती का आयोजन

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। महाआरती का 14वां वर्षगांठ समारोह प्राचीन काली मंदिर मे 04 जनवरी से प्रारंभ हो रहा है। महा आरती एवं धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ नारियल फोड़कर व फीता काटकर गुरुवार के दिन 2:00 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद कथा प्रारंभ होगा। 5 जनवरी शुक्रवार के दिन संध्या 7:00 बजे महा आरती के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजीव कुमार सिंह नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रभु शंकर उपमुख्यमंत्री पार्षद दीपक यादव सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

दीवाल के गिरने से युवक घायल

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। थाना क्षेत्र के बिनालपुर गांव में एक युवक मिथुन कुमार के ऊपर दीवार गिर गया। इस घटना में युवक गंभीर उससे घायल हो गया। स्वजनों के सहयोग से उसे इलाज के लिए खड़गपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया।

शादी के नियत से युवती का अपहरण, मुकदमा दर्ज

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी के नियत से बहला फुसलाकर युवती को ले जाने का आरोप लड़की के मां ने गांव के ही एक के उपर आरोप लगाया है। इस संबंध में लड़की के मां ने हवेली खड़गपुर थाना में आवेदन देकर एक को नामजद आरोपित बनाया है।

अपराध की योजना बनाते अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे : एसपी सिटी

- सूचना स्थल से पुलिस ने किया भारी मात्रा में हथियार एवं जिंदा कारतूस बरामद

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर इन दिनों क्षेत्र इलाके में अपराधी गतिविधियों पर लगाम लगाने की तैयारी में स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम सतर्कता बरतने के साथ काम करने पर जोड़ दे रही है। इसी कड़ी में पुलिस टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब अपराध की योजना बना रहे चार अपराधियों को देर रात दबिश देकर एक सेमी राइफल, एक पिस्टलल, एक देसी कट्टा और 21 जिंदा कारतूस के साथ रंगेहाथों धर दबोचा गया है। उक्त मामले को लेकर सिटी एसपी कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी अमित रंजन ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि विगत रात्रि को सूचना मिली कि कुछ अपराधी नाथनगर थाना क्षेत्र के गोसाईंदासपुर इलाके के ललन यादव के घर बैठकर अपराध की योजना तैयारी के साथ शराब पार्टी चल रही है। वही उक्त सूचना के मिलते ही मामले की सत्यता की जांच सह आवश्यक कार्रवाई हेतू सिटी डीएसपी अजय चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। वही गठित टीम को निर्देशित किया गया था कि प्राप्त सूचना के तहत अपराधियों की गिरफ्तारी व आवश्यक कार्रवाई हेतू सूचना स्थल पर पहुंच कर सत्यता की जांच कर अपराधी की गिरफ्तारी करने के आदेश जारी कर दिया गया था।

वही जब योजनाबद्ध तरीके से रणनीति तैयार कर जब पुलिस टीम ललन यादव के घर पहुंची तो एक एक कर सभी अपराधकर्मी मौके से तेजी के साथ पुलिस को देखकर भागने लगे थे। जिन्हें पुलिस बल के द्वारा खदेड़ कर पकड़ लिया गया है। वही टीम द्वारा ब्रेथ एनालाईजर मशीन से गिरफ्त में आये उक्त चारों अपराधकर्मी की जांच के साथ ही पुलिस टीम ने सभी के अल्कोहल सेवन करने की पुष्टि की। उसके बाद चारों अपराधकर्मी की मौके पर तलाशी ली गई तो इस दौरान अपराधी ललन यादव के पास से एक लोडेड कट्टा बरामद किया गया, इसके बाद पूरे घर की तलाशी लिये जाने के क्रम में पुलिस टीम को उसके घर में रखे हुए बक्से के भीतर छिपा कर रखी गई एक लोडेड पिस्तौल, एक सेमी राइफल और 19 कारतूस की बरामदगी करने में सफलता मिली है। वही सिटी एसपी अमित ने बताया कि ललन यादव के विरुद्ध कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि गिरफ्तार संजय यादव, सुनील दास और मनीष कुमार का भी अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। इस कार्रवाई से पुलिस टीम ने सराहनीय प्रयास से सफल प्राप्त की है।

23 लोग अवैध रूप से यात्रा करने के आरोप में गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। आरपीएफ थाना पुलिस के द्वारा विशेष छापेमारी अभियान के दौरान एक ट्रेन की महिला बोगी से बिना टिकट के सफर करने के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार रेल पुलिस द्वारा नये साल के उपलक्ष्य में अवैध रूप से यात्रा कर रहे यात्रियों के विरुद्ध आरपीएफ पुलिस का चला डंडा। इस दौरान परिचालन कर रहे दर्जनों लोगों को गलत तरीके से सफर करने के आरोप में वेंडर के ऊपर विशेष अभियान चलाया है। वही पुलिस ने ट्रेन की प्रत्येक बोगी की जांच कर अवैध रूप से यात्रा कर रही महिला यात्री को गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नवगछिया आरपीएफ पुलिस ने 05263 एवं 05264 सवारी गाड़ी से 19 एवं हाटे बाजारे एक्सप्रेस से कई यात्रियों को गलत तरीके से महिला बोगी में यात्रा करने के आरोप मामले में गिरफ्तार किया है। वही मामले को लेकर आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि गलत तरीके से यात्रा के संबंधित यात्रियों व लोगों को जागरुक भी किया गया है कि महिला बोगी में यात्रा करना गैर कानुनन है, लेकिन लोग उसी में सफर करते दिखाई दे रहे हैं, साथ ही इस दौरान पुलिस की टीम ने रेल वेंडर सहित अन्य 23 लोगों की गिरफ्तारी की है जिसे खगड़िया न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने के साथ ही आर्थिक दंड का जुमार्ना लगाया जायेगा।

मेगासाइक्लोथोन टीम का नवगछिया में हुआ आगमन

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहार और झाड़खंड निदेशालय द्वारा आयोजित एनसीसी मेगासाइक्लोथोन टीम के नवगछिया के बाल भारती विद्यालय में आगमन पर स्वागत सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर 35 बिहार बटालियन कर्नल मनीष वर्मा द्वारा ध्वजांकित करके गर्मजोशी से इस मेगा साइक्लोथोन का भव्य स्वागत किया गया। बता दें कि विश्व का सबसे बड़ा युवा वदीर्धारी संगठन राष्ट्रीय कैडेट कोर इस वर्ष अपनी स्थापना के 75वां वर्षगांठ का जश्न हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के आधार पर एक मेगा साइक्लोथोन रैली का आयोजन किया गया था। यह राष्ट्रीय स्तर का साइकिलिंग अभियान आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शक्ति, महिला सशक्तिकरण को देशव्यापी प्रदर्शित करना है। इस टीम में 15 साइकिल चालक महिला शामिल है। जिसमें यूपी एनसीसी निदेशालय की 14 गर्ल कैडेट को शामिल किया गया है। जिसका नेतृत्व चार वार के आयरनमैन फिनिशर और कामरेड अल्ट्रा मैराथनर कर्नल अंजन सेन गुप्ता कर रहे थे। वही इस सायकलिंग रैली को विगत 22 दिसंबर 2023 को असम के राज्यपाल गुलाब

आयोजन

- टीम के आगमन को लेकर स्वागत सह सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

चंद कटारिया ने गोवाहटी के राजभवन से साइकिल चालकों को हरी झंडी दे कर रवाना किया था, जो 24 दिसंबर 2023 को अपनी विशाल यात्रा शुरू की और असम, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश चार राज्यों को पार करते हुए दिल्ली पहुंचेगी। वही मेगा साइक्लोथोन टीम को आगामी 28 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री की रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाई जाएगी। इस दौरान साइकिल चालक प्रत्येक दिन औसतन लगभग नब्बे से सौ किलोमीटर की दूरी तय कर 23 दिनों की अवधि में 2107 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। इस दौरान ऑल गर्ल्स टीम असम और पश्चिम बंगाल होते हुए बिहार में किशनगंज और पूर्णिया को पार करते हुए यह टीम 701 किलोमीटर की दूरी तय कर नवगछिया पहुंची है। वही इनके इस कठिन राह के क्रम में ग्रामीणों, विद्यालयों और कॉलेजों के बच्चों और एनसीसी कैडेटों से भी मुलाकात कर बातचीत की। कठिन शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया को पार करने के बाद साइकिल चालक का चयन किया गया है। इस सुपर ह्यूमन यात्रा के लिए खुद को तैयार करने के लिए उन्होंने ढाई महीने की कड़ी ट्रेनिंग से गुजरना पड़ा था। वही उन्होंने कहा कि एनसीसी अनुशासन नेतृत्व व देशभक्ति के प्रतीक के रूप में जाना जाता है, हमारे इस महान राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सदैव सर्वोपरी रही है। नारी शक्ति पहल और प्रगति का प्रतीक है, जो जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं की अविश्वसनीय क्षमताओं को दशार्ती है।

मंडल भाजयुमो की हुई बैठक सम्पन्न

चर्चा

- बैठक में कई मत्वपूर्ण बिंदुओ पर हुई विस्तृत चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड परिक्षेत्र स्थित डाकबंगला के प्रांगण में मंडल भाजयुमो की एक बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक की शुरूआत मंडलध्यक्ष चंद्रकांत चौधरी की अध्यक्षता में महामंत्री विश्वजीत कुमार ने संचालन किया। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री गौरव प्रकाश पटेल व जिलाध्यक्ष रूपेश कुमार रूप को सम्मानित किया जाना था। इस मौके पर प्रखंड के सभी पंचायतों में संगठन विस्तार को ले कई युवाओं को भाजयुमो अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक के क्रम में मुख्य रूप से पटना के मिलर हाईस्कूल मैदान में होने वाले युवा जनप्रतिनिधि समागम सह सम्मान समारोह को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई हैं। समारोह में भाग लेने को लेकर बिहपुर मंडल से अधिक से अधिक युवा जनप्रतिनिधि को जोड़ने एवं शामिल करने पर बल दिया गया है। वहीं पटना जाने के लिए क्षेत्र के सभी प्रखंड से सभी सदस्य व कार्यकर्ता बस से रवाना होंगे। उक्त बस का ठहराव सोनवर्षा दुमुंही चौक व मड़वा महंत स्थान चौक पर होगा जहां से सभी कार्यकर्ता रवाना होगें। इसके लिए प्रभारी चंद्रकांत चौधरी व विक्की कुमार होगें। वहीं बैठक में चर्चा करते हुए कहा गया कि युवा समागत सह युवा जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह एतिहासिक व सफल होगा। इसके लिए गुरूवार व शुक्रवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर समाचार पत्रों के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को जानकारी दी जायेगी। इस मौके पर सिंटू मंडल, आजाद चौधरी, सौरभ कुमार, बासुकी, बिट्टू चौधरी, मनोरंजन, आशुतोष, अनुज, रंजन, मिथिलेश, राजेश, बृजेश, मुकेश कुमार, आमोद चौधरी, ऋषि व अभिषेक समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुंगेर में संचालित रैन बसेरों का एसडीओ ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के निर्देश के आलोक में मंगलवार की देर रात सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा शहर में संचालित विभिन्न रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में रैन बसेरों में दिए जाने वाली सुविधाओं सहित वहां रह रहे लोगों से भी जानकारी हेतु पूछताछ की गई। इस बाबत सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में आज सभी रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में सर्वप्रथम बस स्टैंड में संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया, जहां 14 गरीब व असहाय लोग रात्रि विश्राम कर रहे थे। उनसे पूछे जाने पर बताया गया कि यहां सभी प्रकार की

सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। खाने पीने की व्यवस्था के साथ ही रहने, ठंड से बचने हेतु अलाव, बिछावन, मच्छरदानी आदि सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। लोगों ने बताया कि हम गरीबों के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे इस पहल से काफी संतुष्ट हैं और जिलाधिकारी सहित पूरे जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हैं कि हम गरीबों के लिए इस कड़ाके की ठंड में इतनी अच्छी व्यवस्था की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा मछली तालाब एवं अरगरा रोड स्थित रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया गया जहां क्रमशः 6 एवं 4 लोग विश्राम करते पाए गए। उनके द्वारा भी पूछे जाने पर बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा किए गए इस व्यवस्था से हम गरीबों को काफी मदद एवं सहयोग मिली है। रैन बसेरों में रह रहे सभी लाभार्थियों ने कहा कि हम जिला प्रशासन द्वारा किए गए इन व्यवस्थाओं से काफी संतुष्ट हैं और जिलाधिकारी महोदय का आभार व्यक्त करते हैं कि वे हमारे लिए इस ठंड में इतनी बेहतर व्यवस्था कर रहे हैं। इधर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी रैन बसेरों में वहां रह रहे लाभार्थियों को समुचित व्यवस्था मुकम्मल कराई जाए। साथ ही ठंड के मद्दे नजर सभी रैन बसेरों सहित अन्य स्थलों पर भी अलाव की भी समुचित व्यवस्था कराई जा रही है।

शादी की नियत ले पत्नी का किया अपहरण, हुआ मामला दर्ज

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र इलाके में महिला उत्पीड़न से जुड़ी कई लगातार जानकारी सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में गोपालपुर थाना क्षेत्र के रतनगंज सुकटिया बाजार के सुजीत कुमार पंडित पिता अनिल पंडित ने गोपालपुर थाना में लिखित आवेदन देकर अपनी पत्नी रूबी कुमारी के शादी की नियत से अपहरण किये जाने का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित परिवार के दिये गये आवेदन के अनुसार आवेदक सह पीड़ित सुजीत कुमार पंडित की शादी रूबी कुमारी पिता विन्देश्वरी पंडित ग्राम बनिया थाना रंगरा जिला भागलपुर के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। विगत 27 दिसम्बर को उनकी पत्नी रूबी अपने घर से कुछ सामान खरीदने के नाम पर निकली थी, लेकिन वापस नहीं आने पर खोजबीन करने पर जानकारी मिली कि वह अक्षय कुमार पिता स्व. भुवनेश्वर पंडित ग्राम नवटोलिया वार्ड नंबर 13 थाना मोरकाही, जिला खगडिया के साथ देखी गयी गई है। वही मिली जानकारी के मुताबिक जब नवटोलिया जाने पर गांव के युवक अक्षय एक महिला के साथ घर आया हुआ था, वही कुछ देर बाद महिला के साथ कहीं चला गया है। युवक अक्षय पूर्णिया में अवर योजना पदाधिकारी के पद पर कार्यरत है। वहां के कर्मियों ने बताया कि विगत 27 दिसम्बर से कार्यालय नहीं आ रहे हैं। मुझे भरोसा है कि शादी की नियत से मेरी पत्नी को बहला फुसला कर अक्षय ने अपहरण कर लिया है। मेरी पत्नी के साथ अनहोनी घटना भी कर सकता है। मेरी पत्नी अपने साथ सोने का जेवरात व नगदी भी ले गयी है।

तड़के सुबह घात लगाए अपराधियों ने मजदूर को उतारा मौत के घाट

- मृतक के सीने पर दागी तीन गोलियां, मौके पर हुई मौत

नवगछिया (भागलपुर)। नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र इलाके में अपराधियों की गतिविधि लगातार बढ़ती चली जा रही हैं। इसी कड़ी में अपराधियों के द्वारा अहली सुबह हत्या की वारदात दिये जाने का पुनः मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि रंगरा थाना परिक्षेत्र के चापर दियारा इलाके में स्थानीय गांव के मुकेश कुमार यादव8 को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया है। वही घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि मृतक मुकेश यादव को बैखोप अपराधियों ने उसके सीने में लगातार तीन गोलियां दागी है, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही उन्होंने बताया कि घटना उस वक्त घटित हुई हैं जब मृतक मुकेश अपने किसी कार्य को लेकर चापर दियारा इलाके में स्थित अपने खेत पर गया हुआ था जहां पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने उसे अपनी गोली का निशाना बनाने के साथ ही उसे मौत के घाट उतार दिया है। वही घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस सदलबल मौके पर पहुंच घटना की जांच में जुट गई हैं। वही पुलिस ने मृतक मुकेश के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। वही घटना को लेकर ग्रामीणों ने बताया है कि मृतक मुकेश मजदूरी का काम किया करता था, वह सुबह सुबह अपने खेत पर किसी काम से गया था, जहां पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने उसे अपनी गोली का निशाना बनाते हुए मौत के घात उतार दिया है। वही घटना को लेकर पूरे दियरा इलाके में प्रशासनिक चहल कदमी बढ़ गई है और अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए अपनी रणनीति बनाते दिख रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि हर दिन गोलीबारी की घटना का शिलशिला आखिर कबतक थमती है या फिर आगामी चुनाव को लेकर यह माहौल और भी बिगड़ता दिखाई देगा ये सवालों को लेकर आम लोगों के बीच चर्चा का माहौल बना हुआ है। वही घटना से आहत हुए मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है, पूरा परिवार मृतक के कमाई से चल रहा था लेकिन अब किसके सहारे चलेगा कौन देखेगा इस परिवार को इस बात को कहते हुए चीत्कार के माहौल में तब्दील होता दिखा है।

संगठन के गुर सीखने वाले कार्यकर्ता को मिल रही है तरजीह

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। जहां सभी संगठन के नेता व कार्यकर्ता सक्रिय रूप से अपने अपने संगठन व दलों को सींचने का कार्य पूरी निष्ठा से करते चले आ रहे थे, वही इसका परिणाम प्रत्यक्ष रूप से दिखने लगा है। संगठन के वैसे नेता व कार्यकताओं को शीर्ष नेतृत्व की नजर पड़ती है जो निष्ठा से संगठन के विकास कार्य में निरंतर प्रयास जारी रखते हैं, वैसे कार्यकर्ता को संगठन के शीर्ष द्वारा उन्हें विशेष कार्य में लगाया जाता है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण है भाजपा के कुछ कार्यकर्ता जिसमें पूर्व जीप सदस्य खरीक की कुमकुम देवी, आलोक सिंह बंटू, भारतेन्दु मिश्रा, मो. कमरूजमा अंसार को प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी सौप दी गई है। वही संगठन के द्वारा पूर्व जिलाध्यक्ष सुबोध कुशवाहा विनोद मंडल को बांका, कटिहार लोकसभा प्रभारी का दायित्व दिया है, जबकि मुकेश राणा को खगड़िया लोकसभा के संवाद केंद्र का संयोजक का दायित्व दिया गया है। वही युवा नेता अजय कुशवाहा को सीनेट के सदस्य के साथ-साथ नेहरु युवा केंद्र में भी जिम्मेदारी दी गई है। इसके पूर्व ही बिहपुर विधायक ई. शैलेंद्र के तकनीकी मंच के प्रदेश अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर चुके है, और आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चार लोकसभा अररिया, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया लोकसभा के क्लस्टर प्रभारी बनाया गया है। वही संगठन के द्वारा अखिल भारतीय विधार्थी परिषद नवगछिया की स्मृति कुमारी अनुज चौरसिया को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी दी गई है। वही दूसरी तरफ राजद के अरूण यादव भी लगातार प्रदेश स्तर पर सक्रिय चल रहे है जो प्रदेश के महत्वपूर्ण पदो का निर्वहन कर चुके है। अब देखने वाली बात होगी कि क्षेत्र में सभी संगठन के ऐसे कई कार्यकर्ता अपने संगठन के विस्तार को लेकर चर्मबद्ध डटे हुए हैं जिसे अपने संगठन के शीर्ष नेतृत्व आदेश के साथ क्षेत्र विस्तार के साथ चुनाव कार्यभार संभालने के मौके का इंतजार में लगे हुए है।

राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस समारोह का हुआ भव्य आयोजन

नवगछिया (भागलपुर)। भारत की प्रथम महिला शिक्षिका क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फूले की जयंती के अवसर पर मध्य विद्यालय कारगिल निषाद टोला औलियाबाद के प्रांगण में राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस समारोह सह शिक्षक सह अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों के शैक्षणिक विकास एवं सामाजिक उत्थान हेतु सभी बच्चों के अभिभवकों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मौजूदगी रही थी। विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष संगीता देवी ने कहा की कार्यक्रम के माध्यम से लोगों व उनके अभिभावकों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विद्यालय की शिक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ साथ विद्यालय में नामांकित बच्चों की संख्या वृद्धि पर जोड़ देना है। वही उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के पूर्व पुरे पंचायत क्षेत्र इलाके में ढोलहा भी बजवा दिया गया था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार सुशील ने कहा की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मड़वा पूरव पंचायत की मुखिया उषा निषाद द्वारा शिक्षिका क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फूले के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी गणमान्य लोगों के साथ कई विषय बिंदू को लेकर विस्तृत चर्चा की गई हैं।

पिकनिक मनाने के दौरान अपराधियों ने गोलीबारी की वारदात को दिया अंजाम

- घटना के घायल युवक का चल रहा मायागंज अस्पताल में इलाज
- बदमाशों ने स्थानीय युवक को गोली मार उतारा मौत के घाट, अन्य युवक को गोली मार किया घायलः एसडीपीओ

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में अपराध का ग्राफ तेजी के साथ बढ़ती जा रही हैं। इसी कड़ी में एक और मामला पीरपैंती थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामनगर के इलाके में अपराधियों ने स्थानीय युवक को नये साल की पिकनिक मनाने के दौरान गोली मारकर घायल कर दिये जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय गांव के अभिमन्यु कुमार के जब अपने दोस्तों के साथ गॉव के बगल में बसबिट्टा के पास पिकनिक मना रहे थे। इसी क्रम में 2 व्यक्ति हथियार के साथ आये और अभिमन्यु कुमार को गोली माकर हत्या कर दी। वही इस दौरान उसके एक दोस्त को पैर में गोली मारकर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया है। वही जख्मी व घायल युवक को त्वरित इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां मौजूद चिकित्सक द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रैफर कर लेजाया गया है। जहां चिकित्सक द्वारा भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। वही घटना की जानकारी प्राप्त होते ही कहलगाँव एसडीपीओ व पीरपैंती थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना स्थल के निरीक्षण जांच में जुट गई है। वही पुलिस ने एक जिंदा कारतूस व एक गोली का खोखा बरामद किया गया है। वही घटना जांच के क्रम में हत्या का कारण पैसे का लेन-देन बताया जा रहा है।

24 घंटे के अंदर व्यवसायी लूट कांड का पुलिस टीम ने किया सफल उद्भेदनः एसपी सिटी

प्रात : किरण ब्यूरो

- लूट घटना के अपराधी को लुटे गये रकम व सामान के साथ साथ घटना में प्रयुक्त हथियार के साथ हुआ गिरफ्तार

भागलपुर। सबौर थाना क्षेत्र इलाके के खनकित्ता स्थित एनएच 80 मुख्य सड़क मार्ग पर एक कपड़ा व्यवसायी संजय कुमार बजोरिया पिता स्व. श्यामल प्र. बजोरिया मोहल्ला सराय अपर कलब रोड थाना तातारपुर जिला भागलपुर के साथ लूटपाट की घटना घटित होने का मामला सामने आया था, पीड़ित संजय कुमार बाजोरिया जो कि पेशे से कपड़ा व्यवसायी हैं। उनके द्वारा बताये गये जानकारी के आलोक में विगत 31दिसम्बर 2023 के अपने क्रेटा कार जिसका रजि.सं. बीआर10 एएफ 7746 से रूपया क्लेक्सन कर अपने चालक रितेश कुमार यादव पिता घंटु कुमार यादव साकिन करेला थाना मधुसुदनपुर जिला भागलपुर के साथ झारखंड से कहलगाँव के रास्ते अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में विगत 31 दिसम्बर की रात्रि समय करीब 09:30 बजे जब वो खनकित्ता गाँव के पहले छोटी पुलिया के पास जब वह पहुंचे थे, तभी उनके चालक रितेश यादव ने गाड़ी को सड़क के किनारे लगा कर अचानक गाड़ी का सभी दरवाजा अनलॉक कर दिया और वही पीछे से एक सफेद रंग की स्कॉपियो मौके पर आ कर रूकी और उस पर सवार 5 से 6 की संख्या में अपराधी हथियार से लैस हो कर आए और वादी के गाड़ी से कलेक्सन का 11 लाख (ग्यारह लाख रूपया), एक काला रंग का बैग, एक नेवी ब्लू रंग का बैग एवं एक छोटा बेलवेट बैग जिसमें डेली यूज का कपड़ा था, सभी को लूट ले गया था। इस संबंध में सबौर थाना में वादी द्वारा बताये गये तथ्यों के आधार पर विगत 2 जनवरी 2024 को मामला दर्ज किया गया।

जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के कुल 177 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का किया गया वितरण

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना के तहत बुधवार को सदर, जमालपुर एवं बरियारपुर प्रखंड में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कुल 177 लाभूकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। जमालपुर प्रखंड के पाटम पूर्वी में डब्लूपीयू का उद्घाटन, पाटम पश्चिमी में आवास योजना का स्वीकृति पत्र तथा कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर विकास कुमार, जमालपुर नंद किशोर तथा बरियारपुर शशि भूषण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना का स्वीकृति पत्र देते हुए सभी लाभूकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार आमजन के लिए जो भी योजनाएं चला रखी है, उसकी जानकारी प्राप्त करें तथा उसका लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री

ग्रामीण आवास योजना से बनने वाले घरों को अपनी पुत्री के नाम से नामकरण कराएं। बेटी बढ़ाओ बेटी पढ़ाओ के तहत सभी लोग अपनी अपनी बेटियों को प्रोत्साहन दें तथा उनके नाम से घर का नामकरण के साथ ही उन्हें हर हाल में शिक्षित कराएं। आज महिलाओं को राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में आरक्षण के साथ ही कई लाभ भी दे रहे हैं। महिलाएं विभिन्न विभागों में नौकरी हासिल कर खुद को स्वावलंबी बना रहीं हैं और पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा रही हैं। इस लिए बेटियों को शिक्षित अवश्य करें। जिलाधिकारी द्वारा सदर प्रखंड में आयोजित शिविर में नौवागढ़ी उत्तरी, दक्षिणी तथा जानकारी पंचायत के कुल 35 लाभूकों को स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना के तहत 12 लाभूकों तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 23 कुल 35 लाभूकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। वहीं जमालपुर प्रखंड के पाटम पश्चिमी, पूर्वी, रामपुर कला, रामनगर तथा ईटहरी पंचायत के कुल 82 लाभूकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री आवास सहायता योजना के तहत 37 तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत कुल 45 लाभूकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। साथ ही जमालपुर प्रखंड के पाटम पूर्वी पंचायत में जिलाधिकारी द्वारा डब्लूपीयू का भी फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसके अलावे गरीब व असहाय लोगों के बीच बढ़ते ठंड को देखते हुए कंबल का भी वितरण किया गया।

ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से नल-जल योजना के मोटर की मरम्मती

सदर मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या- 13 व वार्ड संख्या- 14 में मुख्यमंत्री नल- जल योजना का मोटर जल जाने के कारण जल मीनार शोभा की वस्तु बन गई है। स्थिति पिछले लगभग 2 महीने से बनी हुई है। इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को सूचना भी दी गई किंतु, अभी तक विभाग द्वारा कुछ नहीं किया गया है। लोग पानी के लिए परेशान हैं, किंतु संबंधित विभाग के अधिकारी इस समस्या की ओर से आंख मूंदे हुए हैं। अंततः ग्रामीणों के सहयोग से वार्ड नंबर- 14 के नल- जल योजना के मोटर की मरम्मती हुई। थक-हारकर वार्ड नंबर- 14 के लोगों ने आपस में चंदा कर मोटर की मरम्मती कराई। वहीं, ग्रामीण कल्याणी कुमारी, फुटूस मंडल, अर्जुन प्रसाद साह, चंद्र देव शर्मा, एवं अन्य लोगों ने बताया कि, बजरंगबली नगर के वार्ड संख्या- 13 में लगभग 2 महीने से मोटर के खराब हो जाने से जलमीनार बंद पड़ा हुआ है। पानी के लिए लोग इधर-उधर भटक रहे हैं।

न्यू होप कोचिंग संस्थान में विदाई व सम्

सिराज की घातक गेंदबाजी

दक्षिण अफ्रीका का 23 ओवरों में खेल खत्म

● 55 पर ढेर करके भारत ने रचा इतिहास ● सिराज ने तीसरी बार किया यह कमाल ● भारत की खराब शुरुआत, यशस्वी बिना रन बनाए आउट

केपटाउन (एजेंसी)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने टेस्ट क्रिकेट में तीसरी बार पांच विकेट लेने का कमाल करके दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। इस स्पेल के साथ वह दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मैचों में पांच विकेट लेने वाले 10वें भारतीय गेंदबाज बन गए। वह इस विशिष्ट सूची में जवागल श्रीनाथ, अनिल कुंबले, मोहम्मद शमी, वेंकटेश प्रसाद, श्रीसंत, हरभजन सिंह, शार्दुल ठाकुर, रवींद्र जड़ेजा और जसप्रीत बुमराम के साथ शामिल हो गए। सिराज ने नौ ओवर का लंबा स्पैल फेंका और 1.66 की इकोनॉमी से 15 रन देकर छह विकेट लेकर कप्तान रोहित शर्मा के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। सिराज ने चौथे ओवर में एडेन मार्कराम को आउट करके भारत को शानदार शुरुआत दी, जब सलामी बल्लेबाज (10 गेंदों पर 2 रन) ने स्लिप में यशस्वी जयसवाल के हाथों में गेंद थमा दी। इसके बाद उन्होंने अपना विदाई मैच खेल रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर को क्लीन बोल्ड किया। एल्गर ने ऑफ साइड पर शॉट मारने की कोशिश में अपना विकेट गंवा बैठे। वहीं भारतीय टीम को पहला झटका 17 रन के स्कोर पर लगा है। यशस्वी जायसवाल बिना खाता खोले ही पवैलियन लौट गए थे। टोनी डी ज़ोरज़ी सिराज का तीसरा शिकार बने क्योंकि विकेटकीपर केएल राहुल की सुरक्षित पकड़ लिया। पहले ही सात ओवर फेंक चुके सिराज ने अपना आठवां ओवर फेंका और अपना बदला चुकाया। सिराज ने डेविड बेडिंगहैम को पवेलियन के लिए भेजा क्योंकि दाएं हाथ के बल्लेबाज ने सीधे स्लिप में जयसवाल को हाथों में थमा दी। 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर सिराज ने लेग-कटर फेंकी जिससे ऑलराउंडर मार्को जानसन हक्के-बक्के रह गए और गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर राहुल के हाथों में चली गई। इसके बाद सिराज अपना नौवां ओवर फेंकने के लिए वापस आए और इस बार उन्होंने विकेटकीपिंग बल्लेबाज काइल वेरेन को पवेलियन वापस भेज दिया जिन्होंने 30 गेंदों पर 15 रन बनाए। इस स्पैल के साथ वह दक्षिण अफ्रीका में एक टेस्ट मैच में छह विकेट लेने वाले चौथे भारतीय भी बन गए। उनके स्पैल की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में सिर्फ 55 रन पर आउट कर दिया।

विराट ने अनोखे अंदाज में किया केशव महाराज का स्वागत

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अनोखे अंदाज में स्पिनर केशव महाराज का पिच पर स्वागत करते नजर आए। छठा विकेट गिरने के बाद जब महाराज बल्लेबाजी करने आए, तब स्टेडियम में 'राम सिया राम' गाना बजाया गया। स्लिप में फील्डिंग कर रहे कोहली भगवान राम के धनुष-बाण का इशारा करते नजर आए। विराट ने फिर मुस्कुराते हुए अपना पोज दोहराया और हाथ जोड़कर प्रणाम किया।

पहला सेशन जल्दी खत्म हुआ

साउथ अफ्रीका टीम भारतीय समयानुसार दोपहर 3:33 बजे ही सिमट गई। लंच सेशन 4:00 बजे होता है लेकिन पारी जल्दी खत्म हो जाने के चलते पहला सेशन भी जल्दी खत्म कर दिया गया। सेशन जल्दी खत्म करने में सिराज का रोल अहम रहा, उन्होंने 15 ही रन देकर 6 विकेट झटक लिए।

भारत के खिलाफ सबसे छोटा स्कोर

साउथ अफ्रीका की टीम पहली पारी में एक सेशन भी नहीं खेल सकी। टीम 23.2 ओवर ही बैटिंग कर पाई और 55 रन के स्कोर पर आउट हो गई। ये भारत के खिलाफ टीम का सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले 2015 में टीम नागपुर के मैदान पर 79 रन ही बना सकी थी। घरेलू मैदान पर साउथ अफ्रीका इससे पहले 2006 में 84 रन के स्कोर पर आउट हुई थी। साउथ अफ्रीका टीम टेस्ट में भारत के खिलाफ महज तीसरी बार ही 100 रन के अंदर ऑलआउट हुई है।

● **साउथ अफ्रीका की प्लेइंग-11 में तीन बदलाव** – साउथ अफ्रीका के रेगुलर कप्तान टेम्बा बावुमा इंजरी के कारण दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके। उनकी जगह टीम में ट्रिस्टन स्टब्स मौका मिला। तेज गेंदबाज जेराल्ड कूट्जी भी इंजर्ड हो गए, उनकी जगह लुंगी एनगिडी प्लेइंग-11 में शामिल किए गए। वहीं कीगन पीटरसन की जगह केशव महाराज टीम में आए हैं।

● **मुकेश कुमार को मौका** – टीम इंडिया ने प्लेइंग-11 में मुकेश कुमार को भी शामिल किया। मुकेश को शार्दूल ठाकुर की जगह मौका मिला। शार्दूल पहले टेस्ट में इंजर्ड हो गए थे। मुकेश ने वेस्टइंडीज दौरे पर टेस्ट डेब्यू किया था।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

भारत – रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और प्रसिद्ध कृष्णा।

साउथ अफ्रीका – डीन एल्गर (कप्तान), ऐडन मार्करम, टोनी डी जॉर्जी, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरियन (विकेटकीपर), मार्को यानसन, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और नांद्रे बर्गर।

आईपीएल 2024 की मिनी ऑक्शन की 2.28 करोड़ व्यूअरशिप

पिछले ऑक्शन से 57 प्रतिशत ज्यादा, कमिंस और स्टार्क की बोली सबसे ज्यादा देखी गई

मुंबई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सीजन के लिए मिनी ऑक्शन की व्यूअरशिप 2.28 करोड़ (22.8 मिलियन) रही। जो पिछले साल की तुलना में 57 प्रतिशत ज्यादा है। इसकी जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेक्रेटरी जय शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर दी। आईपीएल 2024 के लिए मिनी ऑक्शन पिछले साल 19 दिसंबर को दुबई के कोका कोला एरिना में आयोजित की गई थी। यह ऑक्शन करीब 6 घंटे चली। ऑक्शन को आईपीएल की टीवी ब्रॉडकास्टर कपंनी स्टार स्पोर्ट्स ने 5 भाषाओं में लाइव प्रसारण किया गया था। ऑक्शनर मल्लिका सागर ने आईपीएल 2024 के लिए हुए मिनी ऑक्शन की ऑक्शनर थी।

पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की बोली सबसे ज्यादा देखी गई

आईपीएल 2024 के नीलामी के लिए सबसे ज्यादा देखे जाने वाला मोमेंट्स ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क के लिए लगाइ गई बोली थी। पैट कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपए में खरीदा था। 2 करोड़ बेस प्राइस के लिए शुरुआत में चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच बिडिंग वॉर शुरू हुआ था। मुंबई ने बीडिंग की शुरुआत करते हुए 5 करोड़ की बोली लगाई। उसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई में बिडिंग वॉर हुआ। चेन्नई ने 10 करोड़ तक बोली लगाई। बेंगलुरु ने 20.25 करोड़ तक बोली लगाई, आखिर में उन्हें हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपए में खरीद लिया।

स्टार्क के लिए भिड़ गए कोलकाता-गुजरात – वहीं ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के लिए मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स में शुरुआती बिडिंग वॉर देखने को मिला। दिल्ली ने 9.60 करोड़ रुपए तक और मुंबई ने 10 करोड़ रुपए तक बोली लगाई। यहां से गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स में बिडिंग वॉर हुआ। आखिर में कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा।

ओलिंपिक क्वालिफाई करने की रेस में अनोखी स्केटिंग जोडी

ब्रिटेन के 13 साल के टॉमी व 50 साल के एंडी एक ही टीम में

लंदन (एजेंसी)। पेरिस ओलिंपिक के स्केटिंग इवेंट में इस साल एक अनोखी जोड़ी देखने को मिल सकती है। ब्रिटेन की टीम में 13 साल के टॉमी काल्वर्ट इन दिनों 50 साल के एंडी मैकडोनाल्ड के साथ पार्क स्केटबोर्डिंग इवेंट की तैयारियों में जुटे हैं। इनका लक्ष्य 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलिंपिक में जगह बनाना है, जिसका फैसला मई-जून में होने वाले क्वालिफायर राउंड से होगा। वहां 20 ओलिंपिक स्पॉट दांव पर होंगे, जिनके लिए दुनिया के टॉप-44 रैंकिंग वाले स्केटबोर्डर्स रेस में होंगे। अगर टॉमी और एंडी की जोड़ी पेरिस का टिकट कटा लेती है तो यह किसी नेशनल स्केटबोर्डिंग टीम में उम्र के सर्वाधिक अंतर वाली टीम बन जाएगी। एंडी और टॉमी के बीच 37 साल का अंतर है। पेरिस ओलिंपिक तक एंडी 51 साल पूरे कर चुके होंगे।

एंडी 8 बार के वर्ल्ड कप विजेता हैं

वहीं, उनसे उम्र में लगभग 4 गुना बड़े एंडी अमेरिका में ही जन्मे थे। वे स्केटिंग के ही दूसरे फॉर्मेट वर्ट स्केटबोर्डिंग में सबसे ज्यादा मेडल जीत चुके हैं। वे 8 बार के वर्ल्ड कप विजेता हैं।

1994 से स्केटबोर्डिंग कर रहे एंडी को ट्रांसवर्ल्ड स्केटबोर्डिंग मैग्जीन में बेस्ट ओवरऑल स्केटर का अवॉर्ड मिल चुका है। वे अक्सर अपनी मेडल जीतने की कंसिस्टेंसी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कई टूर्नामेंट्स में अपने से युवा खिलाड़ियों को भी शिकस्त दी है। 1994 से स्केटबोर्डिंग कर रहे एंडी को ट्रांसवर्ल्ड स्केटबोर्डिंग मैग्जीन में बेस्ट ओवरऑल स्केटर का अवॉर्ड मिल चुका है।

एंडी और टॉमी की मुलाकात लगभग दो साल पहले ट्रेनिंग के दौरान हुई थी

एंडी और टॉमी की मुलाकात लगभग दो साल पहले कैलिफोर्निया में स्केटबोर्ड ट्रेनिंग के दौरान हुई थी। एंडी मूल रूप से अमेरिकी हैं, जिनके पास ब्रिटेन का पासपोर्ट है, जबकि लिवरपूल में जन्मे टॉमी अपने अंग्रेज माता-पिता के साथ इन दिनों अमेरिका में ही रहते हैं। जब टॉमी 3 साल के थे तो उनके माता-पिता काम की वजह से अमेरिका शिफ्ट हो गए। टॉमी वहां 7 साल की उम्र से स्केटिंग कर रहे हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान

हेनरी, विलियमसन, फर्ग्यूसन और कॉन्वे की वापसी, 12 जनवरी को खेला जाएगा पहला टी-20

वेलिंगटन (एजेंसी)। पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान हो गया है। मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, केन विलियमसन और डेवोन कॉन्वे की टीम में वापसी हुई है। हेनरी और फर्ग्यूसन अपनी-अपनी चोटों से उबर चुके हैं, जबकि केन विलियमसन और डेवोन कॉन्वे भी ब्रेक के बाद लौट आए है। वहीं पिछले साल अगस्त से टी-20 टीम से बाहर चल रहे रचिन रवींद्र की भी वापसी हुई है। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला 12 जनवरी को ऑकलैंड में खेला जाएगा।

वर्ल्ड कप के दौरान चोटिल हुए थे हेनरी और फर्ग्यूसन – हेनरी को पुणे में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप के दौरान चोट लग गई थी। तब से वे टीम से बाहर थे। हेनरी सभी पांच टी-20 मैच के लिए टीम में शामिल हैं। जबकि, फर्ग्यूसन भी वर्ल्ड कप के दौरान चोटिल हुए थे, उन्हें अंतिम तीन टी-20 के लिए टीम में शामिल किया गया है।

तीसरे मैच में नहीं खेलेंगे विलियमसन – न्यूजीलैंड टीम के रेगुलर कप्तान विलियमसन को हाल ही में खत्म हुए बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज में आराम दिया गया था। उनकी पाक के खिलाफ वापसी हुई है। विलियमसन तीसरा मैच नहीं खेलेंगे, उनकी जगह अनकैप्ड बैटर जोश क्लार्कसन को कवर के रूप में टीम में मौका मिला है। विलियमसन चार मैचों में टीम की कप्तानी करेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में तीसरे मैच में मिचेल सैंटनर टीम की कमान संभालेंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम – केन विलियमसन (कप्तान) (तीसरे मैच में नहीं खेलेंगे), फिन एलन, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), डेवोन कॉन्वे (विकेटकीपर), डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन (सिर्फ तीसरे मैच के लिए), मिचेल सैंटनर, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, बेन सियर्स (मैच 1 और 2), लॉकी फर्ग्यूसन (मैच 3, 4 और 5)।

किसान की बेटी ने रचा इतिहास, जर्मनी में अंतरराष्ट्रीय क्रॉस कंट्री स्कीइंग में जीता गोल्ड

हरियाणा (एजेंसी)। हरियाणा के एक किसान की 31 वर्षीय बेटी विकास राणा ने जर्मनी में क्रॉस कंट्री स्कीइंग चैंपियनशिप में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। हरियाणा में जींद के उचाना क्षेत्र के सुखैन खुर्द गांव के रहने वाली राणा एशियाई खेलों में भी भारत का नेतृत्व कर चुकी हैं। उन्होंने सिर पर 'महाकाल' लिखा स्की बैंड पहनकर स्वर्ण पदक जीता।

उन्होंने कहा, मैंने 31 दिसंबर को जर्मनी में आयोजित पांच किलोमीटर क्रॉस कंट्री स्कीइंग में स्वर्ण पदक जीता। यह इस तरह के टूर्नामेंट में पहला पदक था। मैंने वास्तव में कड़ी मेहनत की और कश्मीर के गुलमर्ग में प्रशिक्षण लिया। तालियां देखकर मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। मैं भगवान शिव में आस्था रखती हूं और मेरा मानना है कि उन्होंने टूर्नामेंट जीतने में मदद की। इसलिए मैंने महाकाल बैंड पहना। विकास राणा ने राष्ट्रीय खेलों में चार स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक जीते। राणा के पिता ओमपाल एक किसान हैं और उनकी मां एक गृहिणी हैं। उन्होंने छोटी उम्र में ही स्कीइंग का अभ्यास शुरू कर दिया था और ज्यादातर समय गुलमर्ग में अभ्यास करती थीं। उन्होंने कहा, एक साधारण वित्तीय पृष्ठभूमि से होने के कारण समस्याएं आईं लेकिन अपने परिवार, दोस्तों, कोचों और खेल मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं के समर्थन से मैंने सभी समस्याओं पर काबू पा लिया।

संजय सिंह के बिना डब्ल्यूएफआई हमें स्वीकार्य : साक्षी मलिक

नई दिल्ली (एजेंसी)। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को कहा कि नए भारतीय कुश्ती महासंघ से उन्हें कोई ऐतराज नहीं है अगर बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह को इससे अलग रखा जाता है। साक्षी ने 21 दिसंबर को संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद खेल से संन्यास ले लिया था। रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ने दावा किया कि उनकी मां को डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के समर्थक धमकीभरे फोन कर रहे हैं।

मलिक ने पत्रकारों से कहा, 'हमें नये महासंघ से कोई परेशानी नहीं है। सिर्फ एक व्यक्ति संजय सिंह के रहने से परेशानी है। संजय सिंह के बिना नए महासंघ से या तदर्थ समिति से भी हमें कोई मसला नहीं है। उन्होंने कहा, 'सरकार हमारे लिए अभिभावक की तरह है और मैं उनसे अनुरोध करूंगी कि आने वाले पहलवानों के लिए कुश्ती को सुरक्षित बनाए। आपने देखा है कि संजय सिंह का बर्ताव कैसा है। मैं नहीं चाहती कि महासंघ में उसका दखल हो।

उन्होंने कहा, 'मैं अनुरोध ही कर सकती हूं। अगर मंत्रालय कहता है कि वह वापस नहीं आयेगा तो अच्छा है। सभी ने देखा कि डब्ल्यूएफआई चुनाव के बाद बृजभूषण सिंह ने कैसे सत्ता का दुरूपयोग किया। बिना किसी से पूछे अपने शहर में जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप कराने का ऐलान कर दिया।

साक्षी ने तदर्थ समिति से तुरंत जूनियर वर्ग के टूर्नामेंट कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, 'मैं नहीं चाहती कि हमारी वजह से जूनियर पहलवानों का नुकसान हो। तदर्थ समिति सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की घोषणा कर चुकी है और अब मैं अनुरोध करूंगी कि अंडर 15, अंडर 17 और अंडर 20 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का भी ऐलान किया जाए।

इस बीच सैकड़ों जूनियर पहलवान अपने करियर में एक महत्वपूर्ण साल बर्बाद होने के खिलाफ बुधवार को जंतर मंतर पर जमा हुए हैं और उन्होंने इसके लिए बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट को दोषी ठहराया। साक्षी ने कहा, 'पिछले दो तीन दिन से बृजभूषण के गुंडे सक्रिय हो गए हैं।

पाकिस्तान 313 रन पर ऑल आउट

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सिडनी में तीसरा और आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। पहले दिन टॉस जीतकर पाकिस्तान ने बल्लेबाजी चुनी। पहली पारी में टीम 313 रन बना कर ऑलआउट हो गई। मीर अजमा और आमिर जमाल ने आखिरी विकेट के लिए 86 रन की पार्टनरशिप कर टीम का स्कोर 300 के पार पहुंचाया। जमाल ने 9वें नंबर पर आकर 82 रन की पारी खेली। मोहम्मद रिजवान भी 88 रर बना कर आउट हुए। आघा सलमान ने भी 50 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस ने 61 रन देकर 5 विकेट लिए।

स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने पारी की शुरुआत करते हुए बिना विकेट खोए 1 ओवर में 6 रन बना लिए है। उस्मान ख्वाजा और डेविड वॉर्नर नाबाद है।

रिजवान, जमाल और सलमान के अर्धशतक, कमिंस ने झटके पांच विकेट

दोनों ओपनर बिना खाता खोले हुए आउट – पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दोनों सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक और सईम अयूब बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। अब्दुल्ला शफीक को मिचेल स्टार्क ने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। वहीं अगले ही ओवर में जोश हेजलवुड ने सैम अयूब को पवेलियन भेजा। एलेक्स कैरी ने उनका कैच लिया। 4 रन पर पाकिस्तान के दो विकेट गिर चुके थे।

बाबर आजम भी कुछ खास नहीं कर पाए – दोनों ओपनर के 4 रन पर पवेलियन लौटने के बाद पूर्व कप्तान बाबर आजम और कप्तान शान मसूद ने पारी को संभालने की कोशिकी और स्कोर 39 रन तक पहुंचाया। दोनों के बीच 57 गेंदों पर 35 रन की पार्टनरशिप हुई। बाबर 26 रन बनाकर पैट कमिसं की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। पैट कमिंस की अंदर आती गेंद उनके पैड से जा लगी। अंपायर ने आउट नहीं दिया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने रिव्यू लिया और फैसला उनके पक्ष में रहा। आजम को पवेलियन जाना पड़ा।

मोहम्मद रिजवान रहे पाकिस्तान के टॉप स्कोरर रहे – मसूद ने बाबर के बाद मोहम्मद रिजवान के साथ 91 गेंदों पर 49 रन की पार्टनरशिप की। रिजवान ने पाकिस्तान की ओर से सबसे ज्यादा 103 गेंदों पर 88 रन बनाए। उनको कमिंस ने हेजलवुड के हाथों कैच करवाया। रिजवान ने आगा सलमान के साथ 101 गेंदों पर 94 रन की पार्टनरशिप की। वहीं आगा ने फिर साजिद खाने साथ 36 गेंदों पर 30 रन की पार्टनरशिप कर स्कोर को 220 रन तक पहुंचाया।

मिचेल मार्श ने शान मसूद को आउट करने के बाद अंपायर से कंफर्म की नो बॉल

बाबर के आउट होने के कुछ देर बाद ही सऊद शकील भी पवेलियन 5 रन बनाकर आकर आउट हो गए। वहीं कप्तान शान मसूद भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए। मसूद ने 35 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल मार्श ने 28वें ओवर की पहली गेंद पर मसूद को आउट किया। स्टीव स्मिथ ने उनका कैच लिया। मार्श ने मसूद के कैच पकड़े जाने के बाद अंपायर की ओर देखा र नो बॉल चेक करने के लिए कहा। दरअसल उन्होंने ऐसा इसलिए किया कि क्योंकि 10 गेंद पहले यानी 26 वें ओवर की पांचवीं गेंद पर मार्श ने मसूद को स्मिथ के हाथों कैच करवा दिया था, लेकिन अंपायर ने इस गेंद को नो बॉल करार दिया। मार्श का अगला पैर लाइन पर था। मसूद को जीवनदान मिल गया।

संक्षिप्त समाचार

कांग्रेस ने दो सप्ताह में लोगों से जुटाए 10 करोड़ रुपये, अजय माकन ने सोशल मीडिया पर साझा की जानकारी

नईदिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले लोगों से धन जुटाने के अभियान के तहत गत दो सप्ताह में 10 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बताया कि पार्टी ने 18 दिसंबर को आनलाइन दान अभियान शुरू किया था। माकन ने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि नया साल, नयी उपलब्धि। हमने महज दो सप्ताह में 10 करोड़ रुपये से अधिक राशि जमा कर ली है। जिन लोगों ने पार्टी को अब तक दान नहीं दिया है उनसे अपील करते हुए माकन ने कहा कि यह हमारे लोकतंत्र को मजबूत करने का समय है। हमारे इस अभियान से जुड़ें। अपनी क्षमता के अनुसार योगदान देने पर विचार करें। प्रत्येक योगदान, भले वह बड़ा हो या छोटा देश को मजबूत बनाने का कदम होगा। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष ने कहा कि याद रखिए, देश को आपकी जरूरत है, राष्ट्रीय कांग्रेस को आपकी जरूरत है। आपके समर्थन से मिशन को बल मिलेगा और हमें आगे बढ़ते रहने के लिए सशक्त करेगा। मिलकर 2024 के साल को अभूतपूर्व सफलता और प्रगति का बनाए। हमसे जुड़िये और योगदान करिए और इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनें।

नड्डा 5 जनवरी को सोलन-शिमला में करेंगे जनसभा : बिंदल

शिमला, एजेंसी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 5 जनवरी, 2024 को हिमाचल प्रदेश पधार रहे हैं। शिमला संसदीय क्षेत्र के भाई-बहन अपने हर दिल अजीज नेता का अभिनंदन करेंगे। भाजपा ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ प्रांतों के चुनाव में नड्डा जी की अध्यक्षता में व नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में प्रचंड जीत दर्ज की है। शिमला संसदीय क्षेत्र के लोग सोलन व शिमला में जगत प्रकाश नड्डा का स्वागत करेंगे। प्रातः 9:00 बजे सोलन मॉल रोड़ पर रोड़ शो एवं अभिनंदन समारोह होगा और दोपहर 1:00 बजे होटल पीटरहॉफ शिमला में अभिनंदन समारोह होगा। सांय काल 6:00 बजे भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश की कोर ग्रुप की बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजीव बिन्दल ने कहा कि तीन बड़े राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत ने देश का संपूर्ण माहौल भाजपामय कर दिया है और नरेन्द्र भाई मोदी देश के अभिजीत नेता के रूप में उभरे हैं। डॉ0 बिन्दल ने कहा कि 2024 का वर्ष एक बार फिर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का वर्ष शुरू हुआ है और मोदी जी व भाजपा के साथ ही देश की तरक्की सुनिश्चित होनी है। नरेन्द्र भाई मोदी ने 2047 तक भारत को दुनिया का सबसे श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने का काम शुरू किया है और हम सब लोगों को मिलकर उसे पूरा करना है।

हैदराबाद में ऑर्डर डिलीवर करने के लिए डिलीवरी बॉय घोड़े पर हुआ सवार

हैदराबाद। हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं पर नए कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के कारण पेट्रोल स्टेशनों पर ईंधन खत्म होने के बाद मंगलवार को हैदराबाद में ऑर्डर देने के लिए जोमैटो के एक डिलीवरी बॉय ने घुड़सवारी की। जोमैटो बैग पहने डिलीवरी बॉय को पुराने शहर के चंचलगुडा इलाके में इंपीरियल होटल के पास एक सड़क पर घोड़े की सवारी करते देखा गया। घोड़े पर सवार होकर ऑर्डर डिलीवर करने वाले युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया गया। उनकी मोटरसाइकिल का पेट्रोल खत्म होने के बाद उनके मन में यह अनोखा विचार आया। स्टॉक ख़त्म होने के कारण पेट्रोल बैंक या तो बंद हो गए या ग्राहकों की लंबी कतारें लग गईं। वीडियो ने लोगों को 2002 में भारी बारिश के बीच मुंबई में भोजन पहुंचाने के लिए घोड़े पर सवार एक स्विगी कर्मचारी के दृश्य की याद दिला दी।

राम सबके हैं, सबको अयोध्या आना ही चाहिए, आरएसएस की अपील

नईदिल्ली, एजेंसी। अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सफल आयोजन और देश भर के लोगों को अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए आमंत्रित करने में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ और उसके आनुषंगिक संगठन पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार का कहना है कि राम सबके हैं, यह सामाजिक कार्यक्रम है, सबको आना ही चाहिए। अयोध्या का आध्यात्मिक और धार्मिक विकास होने के साथ उसका आधुनिक विकास भी हो रहा है। नरेंद्र कुमार ने विपक्ष के कुछ नेताओं के बयानों को ज्यादा तवज्जो न देते हुए कहा कि राम सबके हैं, कौन किस भावना से देखता है वह उसकी अपनी दृष्टि है। अयोध्या आने के लिए सभी का आह्वान है। अयोध्या में आस्था और भक्ति के साथ विकास का भी आयाम है। अयोध्या धार्मिक विकास के साथ आधुनिक विकास की भी गवाह बन रही है। यह प्रत्यक्ष दिख रहा है। नया हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन, होटल आदि से रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं। अयोध्या में हो रही भव्य तैयारियों और भावी कार्यक्रमों का चर्चा करते हुए नरेंद्र कुमार ने कहा है कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के साथ पूरे देश से समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग आठ हजार विशिष्ट व्यक्तियों को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए बुलाया जा रहा है। इसमें संत समाज, वनवासी समाज, घूमंतू समाज, निर्माण कार्य से जुड़े मजदूर, इंजीनियर, अयोध्या में गोलकांड में शहीद हुए और गोधरा कांड में शहीद हुए लोगों के परिजनों का भी प्रतिनिधित्व होगा। राष्ट्रीय दलों के अध्यक्ष, खेल, मीडिया, उद्योग जगत के प्रमुख लोग, मंदिर के लिए अभूतपर्व दान देने वाले के साथ समाज के सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व रहेगा। नेपाल से भी कुछ प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के दिन लगभग आठ हजार आंमंत्रितों के लिए व्यापक व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। स्थानीय होटल और अन्य आवास व्यवस्थाओं के साथ संतों के लिए टेंट सिटी बनाने के साथ अन्य लोगों के लिए कई स्थानों पर टेंट सिटी बनाई जा रही है। इनमें कारसेवकपुरम, सरयू किनारे पर भी टेंट सिटी बनायी जा रही है। कुमार ने कहा कि 24-25 जनवरी से देश भर श्रद्धालु अयोध्या आना शुरू हो जाएंगे। इसके लिए विशेष ट्रेन और राज्यों के दिन भी तय किए जा रहे हैं, ताकि ज्यादा भीड़ न हो। 22 जनवरी को देश भर में भी इस आयोजन के साथ कार्यक्रम किए जाएंगे। सभी लोग अपने घर के पास में मंदिर में एकत्र हों।

महामारी से निपटने की तैयारी को लेकर सतर्क रहना जरूरी: मांडविया

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि महामारी से निपटने की तैयारी और सतर्कता मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली का आधार है। उन्होंने कहा कि समय पर निगरानी और बीमारी का पता लगाने के लिए हमें अपने कौशल को मजबूत करना होगा।

मांडविया ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) से आनलाइन माध्यम से असम में एनसीडीसी की क्षेत्रीय शाखा, छह राज्यों (हरियाणा, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा, बंगाल और मिजोरम) में राज्य शाखाओं और दो राज्यों (हिमाचल प्रदेश और झारखंड) में बीएसएल-3 प्रयोगशालाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने मध्यप्रदेश के भोपाल में एनसीडीसी की क्षेत्रीय शाखा का उद्घाटन भी किया।

इस दौरान मंडविया ने कहा कि केंद्र सरकार एनसीडीसी के माध्यम से संक्रामक रोगों की निगरानी को

मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनसीडीसी की ये शाखाएं क्रीमियन-कांगो रक्तस्त्रावी बुखार (सीसीएचएफ), क्यासानूर फारेस्ट डीजीज (केएफडी) और स्क्रब टाइफस जैसी बीमारियों से निपटने में मदद करेंगी। एनसीडीसी और बीएसएल-3 प्रयोगशाला की राज्य शाखाएं जब काम करने लगेंगी तब उच्च जोखिम वाली बीमारियों को फैलने से रोकने की इन क्षेत्रों/राज्यों की क्षमता बढ़ेगी।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने जरी किय ताजा निर्देश, स्वजन के इन्कार पर अस्पताल मरीज को आइसीयू में भर्ती नहीं कर सकते

अस्पताल गंभीर रूप से बीमार रोगियों को गहन चिकित्सा इकाई (आइसीयू) में तभी भर्ती कर सकता है, जब मरीज या उसके स्वजन उसके लिए सहमत हों। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ताजा दिशानिर्देश में यह जानकारी दी है। 24 विशेषज्ञों की ओर से तैयार दिशानिर्देश में सिफारिश की गई है कि यदि बीमारी का इलाज संभव न हो या उपलब्ध न हो, मौजूदा उपचार का असर होने की उम्मीद न हो खासकर मरीज के जीवित रहने के लिहाज से, तो आइसीयू में रखना व्यर्थ है।

दिशानिर्देश में कहा गया है कि मरीज को आइसीयू में भर्ती करने का मानदंड मरीज के किसी अंग का काम करना बंद हो जाना और मदद की आवश्यकता या चिकित्सा स्थिति में गिरावट की आशंका पर आधारित होना चाहिए। जिन मरीजों को सांस लेने में दिक्कत हो, चेतना स्थिर न हो, गंभीर रोग के कारण गहन निगरानी की जरूरत हो, बीमारी के बिगड़ने की आशंका हो तो उन्हें आइसीयू में भर्ती किया जाना चाहिए। जिन मरीजों को दिल या श्वसन संबंधी गंभीर समस्या हो या जिनकी बड़ी सर्जरी हुई है, उन्हें भी आइसीयू में भर्ती करना चाहिए। रोगी अगर आइसीयू में भर्ती नहीं होना चाहे या रोगी के रिश्तेदार उसे भर्ती करना न चाहें, बीमारी लाइलाज हो तो आइसीयू में भर्ती नहीं किया जाना चाहिए। आइसीयू में भर्ती करने के खिलाफ किसी व्यक्ति की ओर से पूर्व में दिए गए।

1 करोड़ के इंश्योरेंस रकम के लिए 10 साल की दोस्ती लगाई दांव पर

नईदिल्ली, एजेंसी। अयनावरम के निवासी सुरेश हरिकृष्णन ने 1 करोड़ की जीवन बीमा पॉलिसी का दावा करने के लिए अपनी ही मौत को फर्जी बनाने की योजना बनाई। इसके लिए उसने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर अपनी ही जैसी बॉडी और उम्र से मिलते-जुलते एक शख्स की तलाश की जो शारीरिक रूप से सुरेश जैसा ही समान हो। तीनों की मुलाकात दिलीबाबू से हुई, जो बिल्कुल सुरेश की बॉडी से मेल खा रहा था। हैरानी की बात यह है कि सुरेश दस साल से दिलीबाबू को जानता था और वो भी अयनावरम का ही निवासी था।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सुरेश ने पहले दिलीबाबू और उसकी मां से मिलना-जुलना शुरू किया और दोस्ती गहरी की। इससे एक भरोसा बन गया और 13 सितंबर, 2023 को सुरेश और उसके दो दोस्त मिलकर दिलीबाबू को शराब पिलाने के बहाने पुडुचेरी ले गए। तीनों दिलीबाबू को चेंगलपट्टू के पास एक खाली भूखंड पर ले गए जहां उन्होंने पहले से ही एक झोपड़ी बना रखी थी।

बताया जाता है कि 15 सितंबर को सुरेश ने शराब के नशे में पहले दिलीबाबू का गला घोंटा और फिर झोपड़ी में आग लगा दी। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। सुरेश के परिजनों ने भी मान लिया था कि वह आग में मर गया है और इसलिए उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया।

इस बीच दिलीबाबू की मां लीलावती ने अपने बेटे की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। कोई कार्रवाई नहीं होने पर उसने मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया। 16 सितंबर को पुलिस को एक जली हुई झोपड़ी के अंदर एक जला हुआ शव मिलने की सूचना मिली। शव की जांच करने पर पता चला की वह सुरेश का शव था। उन्हें बताया गया कि उनका शव उनकी बहन ने ले लिया है और अंतिम संस्कार कर दिया है। हालांकि, लीलावती ने पुलिस को सूचित किया था कि जिस दिन उसका बेटा सुरेश के साथ लापता हुआ था, उस दिन वह उसके साथ बाहर गया था और उसने आखिरी बार अपने बेटे से सितंबर में बात की थी। इस सुराग पर कार्रवाई करते हुए पुलिस सुरेश के गांव गई, जहां उसके रिश्तेदारों ने कहा कि वह मर चुका है। पुलिस को शक हुआ और उसके फोन का पता लगाया। पता चला की जली हुई झोपड़ी के पास सुरेश का फोन एक्टिव था।

राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाएगी सब्जियों की खेप!

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ को राम का ननिहाल कहा जाता है और अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यहां उत्साह और उत्सव का माहौल है। यहां से राम भोग के लिए सब्जियों की खेप भी भेजी जाने वाली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि 22 जनवरी को पूरे छत्तीसगढ़ में ड्राई डे घोषित करने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह हमारा सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होने वाला है। इसको लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में सभी लोगों में खुशी का माहौल है। इस दिन पूरे प्रदेश में उत्सव का माहौल रहेगा। घरों में दीपावली की तरह दीप भी प्रवलित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार ने 22 जनवरी को ड्राइ डे घोषित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री रामलला के भोग के लिए उनके ननिहाल छत्तीसगढ़ से सब्जी उत्पादक किसानों की ओर से सब्जियों की खेप अयोध्या रवाना की जाएगी। इसके पहले 30 दिसम्बर को राईस मिलर्स के सहयोग से श्री रामलला के भोग के लिए छत्तीसगढ़ से 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावल अयोध्या भेजा गया है। 300 मीट्रिक टन चावल से भरे 11 ट्रक भेजे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा हमारा सुशासन का संकल्प और आदर्श रामराज्य रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में 25 दिसम्बर से दो जनवरी तक सुशासन सप्ताह मनाया गया।

निलंबित सांसदों का पक्ष सुनेंगी विशेषाधिकार समितियां, अगले सप्ताह होगी बैठक; कुल 14 सदस्यों पर हुई कार्रवाई

नईदिल्ली, एजेंसी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्ष के सदस्यों को अशोभनीय आचरण के लिए निलंबित किए जाने के मुद्दे पर विचार करने के लिए लोकसभा और राज्यसभा की विशेषाधिकार समितियों की अगले सप्ताह बैठक होगी। इस दौरान विपक्ष के 14 सदस्यों को निलंबन के मुद्दे पर अपना विचार रखने का मौका दिया जाएगा।

इन 14 सदस्यों में तीन लोकसभा से और 11 राज्यसभा से हैं। विपक्ष के इन सदस्यों को 18 दिसंबर को संबंधित सदनों से निलंबित कर दिया गया था। उनके मामलों को विशेषाधिकार समिति को भेजा गया है। बुलेटिन के अनुसार राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति की बैठक नौ जनवरी को होने वाली है, जबकि लोकसभा की विशेषाधिकार समिति की बैठक 12

जनवरी को होगी।

भाजपा सदस्य सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली लोकसभा की विशेषाधिकार समिति की बैठक में कांग्रेस के तीन लोकसभा सदस्यों - के. जयकुमार, अब्दुल खालिक और विजयकुमार विजय वसंत - को मौखिक साक्ष्य दर्ज करने का अवसर मिलेगा। उपसभापति हरिवंश की अध्यक्षता में राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने नौ जनवरी को एक बैठक बुलाई है, लेकिन अभी तक सदस्यों को एजेंडा प्रसारित नहीं किया गया है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर हंगामा करने के कारण लोकसभा में विपक्ष के 100 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था इनमें से 97 सदस्यों को शेष शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था जबकि जयकुमार, अब्दुल खालिक और विजयकुमार विजय वसंत का मुद्दा विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था। क्योंकि ये तीनों पीठासीन अधिकारी की कुर्सी तक पहुंच गए थे। राज्यसभा में भी हंगामे के कारण विपक्ष के 46 सदस्यों का निलंबित कर दिया गया था। इनमें 11 सदस्य भी शामिल थे।

बेरूत में अपने उप नेता की हत्या के बाद हमास ने की इजराइल के साथ युद्धविराम की बातचीत बंद

गाजा/बेरूत, एजेंसी। लेबनान में इजरायली हमले में मंगलवार शाम को गुट के उप प्रमुख सालेह अल-अरौरी के मारे जाने के बाद हमास ने इजरायल के साथ युद्धविराम वार्ता पर रोक लगाने की घोषणा की है। एक फिलिस्तीनी सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर समाचार एजेंसी शिन्हुआको बताया, हमने कतर और मिस्र में भाइयों को बातचीत बंद होने की सूचना दे दी है। कतर और मिस्र इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम की मध्यस्थता कर रहे हैं। इजरायल के साथ युद्ध में फंसे हमास ने फिलिस्तीनी नेताओं के खिलाफ बढ़ती इजरायली आक्रामकता और हत्या की योजनाओं के बीच गाजा पट्टी में युद्धविराम तक पहुंचने की किसी भी बातचीत को खारिज कर दिया। इससे पहले, हमास के एक सूत्र ने शन्हिुआ को बताया कि लेबनान की राजधानी

बेरूत के दक्षिणी उपनगर में हमास कार्यालय को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में हमास पोलित ब्यूरो के उप प्रमुख अल-अरौरी के कई सहयोगी भी मारे गए। एक बयान में, हमास ने पुष्टि की कि उसके सात सदस्य इजरायली हमले में मारे गए। उसने इसे बर्बर और जघन्य आतंकवादी कृत्य, लेबनान की संप्रभुता का उल्लंघन और फिलिस्तीन और उसके लोगों के खिलाफ इजरायली हमले का विस्तार बताया। लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने कहा कि यह लेबनानी लोगों, सुरक्षा और संप्रभुता पर एक गंभीर हमला था। एक बयान में कहा गया, यह अपराध जवाबी कार्रवाई और सजा के बिना कभी खत्म नहीं होगा। घटना पर इज़राइल की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई, लेकिन इज़राइली मीडिया ने वरिष्ठ अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि देश हमास या उसके ईरानी समर्थित सहयोगी हिजबुल्लाह की इजरायली शहरों पर जवाबी कार्रवाई के खिलाफ हाई अलर्ट पर है। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, आईडीएफ (इजरायल रक्षा बल) बहुत उच्च स्तर की तैयारी में है। हम किसी भी कार्रवाई के लिए तैयार हैं।

ईरान ने मंगलवार को बेरूत में ड्रोन हमले में अल-अरौरी और हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड के दो कमांडरों की हत्या करने के इजरायल के कदम की निंदा की। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार, लेबनान के प्रधान मंत्री नजीब मिकाती ने भी मंगलवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में हुए इजरायली हमले की कड़ी निंदा की।

पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री सरताज अजीज का निधन

कराची, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री सरताज अजीज का इस्लामाबाद में मंगलवार को निधन हो गया। सरकार और पीएमएल-एन के अधिकारियों ने सोशळ मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। पीएमएल-एन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, दुखी मन से हम सरताज अजीज के निधन की घोषणा करते हैं। वे एक निष्ठावान और विशाल व्यक्तित्व थे। देश और पार्टी के लिए उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद शाकन अब्बासी ने बताया कि मंगलवार की शाम को इस्लामाबाद में सरताज अजीज का निधन हुआ। उन्होंने कहा कि अजीज ने बहुत योगदान दिया है। उनके निधन पर शोक जताते हुए पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, उन्होंने अपना जीवन साहस, निष्ठा और गरिमा के साथ जीया। सरकारी रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, वित्त मंत्रालय में अजीज ने शीर्ष पदों पर काम किया है। उन्होंने आर्थिक नीतियों को आकार देने के साथ पाकिस्तान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीएमएल-एन के महासचिव अहसान इकबाल ने कहा कि अजीज राष्ट्र के लिए एक मत्वपूर्ण संपत्ति थे। राष्ट्र के लिए उनकी सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने भी उनके निधन पर शोक जताया है। कार्यवाहक प्रधान मंत्री अनवारुल हक काकर ने पूर्व वित्त मंत्री के कामों की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र के लिए अम संपत्ति बताया है। इस्लामाबाद में बलूच प्रदर्शन में शामिल होने पर 44 सरकारी कर्मचारी निलंबित इस्लामाबाद में जारी बलूच प्रदर्शन के बीच बलूचिस्तान सरकार ने तुरबत और कोलहू में 44 सरकारी कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। इन सभी कर्मचारियों को बालाच मोला बख्श की कथित हत्या के विरोध में निकाले गए रैलियों और प्रदर्शन में भाग लेने के आरोप में निलंबित किया गया है।

असम में स्थायी शांति को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : अमित शाह

नईदिल्ली, एजेंसी। असम में शांति व्यवस्था कायम करने के प्रयास में एक बड़ी कामयाबी मिली है। असम में 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर सहमति जताई है। इसके साथ ही अमृतकाल में असम के इतिहास में एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम सहित पूरे पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की कोशिश ज़ोर-शोर से चल रही है। शाह की मौजूदगी में भारत सरकार, असम सरकार और उल्फा के बीच यह त्रिपक्षीय शांति समझौता संभव हो पाया है। इस शांति समझौते के साथ ही पूर्वोत्तर के राज्यों में दशकों पुराने उग्रवाद का अंत हो गया है। मोदी जी के शांत, सुरक्षित और समृद्ध पूर्वोत्तर के सपने को साकार करने की दिशा में शाह ने यह एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। असम लंबे समय तक उल्फा की हिंसा से त्रस्त रहा और वर्ष 1979 से अब तक 10 हजार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। आतंकवाद को मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन मानने वाले शाह की नीतियों के तहत असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमत हुआ है। उल्फा के साथ इस समझौते के तहत असम के लोगों की सांस्कृतिक विरासत बरकरार रहेगी। उल्फा के जिन कैडरों ने आत्मसमर्पण किया है, उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ कर रोजगार के नए मार्ग प्रदान किए जाएंगे। उल्फा के सदस्यों को जिन्होंने सशस्त्र आंदोलन का रास्ता छोड़ दिया है, उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए मोदी-शाह की जोड़ी हर संभव प्रयास कर रही है।

पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पीटीआई के शीर्ष नेताओं के नामांकन खारिज किए

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान में जैसे-जैसे आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के लिए राहें कठिन होती जा रही हैं, क्योंकि चुनाव आयोग उन सभी के नामांकन पत्र खारिज करता जा रहा है। ऐसे ताजा मामले में पीटीआई के प्रमुख और संस्थापक इमरान खान समेत पीटीआई के दर्जनों उम्मीदवारों के नामांकन पत्र जांच के दौरान रिटर्निंग अधिकारियों ने खारिज कर दिए हैं। अस्वीकृत उम्मीदवारों में पीटीआई के लगभग सभी शीर्ष नेता शामिल हैं, जिसके कारण उन्हें अपने नामांकन की मंजूरी के लिए अदालत के समक्ष अपील दायर करनी पड़ी। दूसरी ओर, जहां पीटीआई उम्मीदवारों के कागजात विभिन्न आधारों पर खारिज किए जा रहे हैं, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के लिए जीत की राह आसान होती दिख रही है, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री और पीएमएल-एन के संस्थापक मियां मुहम्मद नवाज शरीफ के नामांकन पत्र

को रिटर्निंग ऑफिसर ने मंजूरी दे दी है। हालांकि, पीटीआई के एक वकील ने शरीफ के कागजात की मंजूरी को चुनौती दी है और चुनाव अधिनियम की धारा 63 के तहत आपत्ति जताई है। किसी एक दल की स्वीकृति और उसके विपक्षी दल के नामांकन पत्र को अस्वीकार कर दिया जाना चुनावी प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण चरण का प्रतीक है। अस्वीकृत उम्मीदवारों ने अब उच्च न्यायालय का रुख किया है, जिसने राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा सीटों के लिए कागजात की मंजूरी और अस्वीकृति के खिलाफ अपील स्वीकार करना शुरू कर दिया है। ईसीपी के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि कई पीटीआई उम्मीदवारों ने रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा उनकी अस्वीकृति को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों वाले न्यायाधिकरणों में अपील दायर की है। आंकड़ों के अनुसार, देशभर में जांचे गए कुल 25,951 नामांकन पत्रों में से कम से कम 3,000 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए हैं, जिनमें से अधिकांश पीटीआई उम्मीदवारों के हैं। ईसीपी के अनुसार, कुल 22,711 नामांकन पत्र स्वीकृत किए गए, जबकि नेशनल असेंबली सीटों के लिए कम से कम 1,024 और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए 2,216 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए। साथ ही, हाई-प्रोफाइल राजनीतिक हस्तियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही का चुनावी प्रक्रिया पर बड़ा प्रभाव पड़ रहा है। इमरान खान भ्रष्टाचार और 9 मई 2023 को शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के प्रतिष्ठानों पर हुए हमलों के विभिन्न मामलों में सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने न केवल अपनी सरकार को अपदस्थ होते देखा है, बल्कि बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियों, नजरबंदी, कानूनी मामलों और के माध्यम से अपनी पार्टी की स्पष्ट सफाई और विघटन भी देखा है। दबाव के कारण कई शीर्ष नेताओं को अपनी राहें अलग करनी पड़ीं। इमरान खान की सत्ता-विरोधी कहानी और 9 मई 2023 को इस्लामाबाद में उनकी गिरफ्तारी पर गुस्साए विरोध प्रदर्शन और दंगों के परिणामस्वरूप उनके नेतृत्व और आगामी चुनाव लड़ने के लिए विनाशकारी स्थिति पैदा हो गई है। और यह खान और उनके राजनीतिक नेतृत्व को दिए जा रहे व्यवहार में स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित हो रहा है, जिसका प्रतिनिधित्व अब राजनेताओं की तुलना में अधिक वकील और अधिकार कार्यकर्ता कर रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि जिस तरह से पीटीआई के साथ व्यवहार किया गया है, उसे खत्म कर दिया गया है और आगामी आम चुनावों में एक मजबूत प्रतिनिधित्व से दूर रखा गया है, और इस तथ्य को देखते हुए कि यह अभी भी एक गंभीर राजनीतिक ताकत है और एक लोकप्रिय पार्टी के रूप में चुनाव लड़ने का अधिकार है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555